सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-17 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 04 जुलाई 2025
08 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है : मोदी

■ प्रधानमंत्री मोदी ने घाना की संसद को किया संबोधित



**अकारा।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे हैं। गुरुवार को घाना ने पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया।

पीएम मोदी ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुझे दूरदर्शी राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें हमें अलग रखने वाले आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपकी अनुमति से मैं कह सकता हूं कि हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी ज्यादा मीठी है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ मिलकर हम अपने संबंधों को एक व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

### घाना साहस के साथ खड़ा है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों को भारत में भव्य स्वागत होता है। घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है। जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ खड़ा है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है।

# लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम अधिकारों की रक्षा के लिए उप्र आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी

**कैबिनेट के फैसले**

■ निगम कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम अधिकारों, पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने उप्र आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है। जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रस्तावित निगम का गठन कम्पनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी।

# यूपी में शरिया कानून लागू..., ब्रजेश पाठक के शब्दों से चढ़ा सियासी पारा

■ आतंकियों की तुलना कांवड़ यात्रियों से करना निंदनीय



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि मुस्लिम तुष्टीकरण को बढ़ावा देकर समाजवादी पार्टी वोट बैंक बनाना चाहती है। प्रदेश में शरिया कानून लागू करना चाहती है। जनता सपा के इस मंसूबे को कामयाब नहीं होने देगी।

पाठक ने कांवड़ यात्रा पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि आतंकियों की तुलना कांवड़ यात्रियों से करना निंदनीय है। हर खरीदार का हक है कि वह दुकानदार का नाम जान सके। प्रदेश सरकार कांवड़ यात्रा को संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था को बेहतर रखना हमारी जिम्मेदारी है। अखिलेश यादव जेपीएनआइसी को लेकर हंगामा मचा रहे हैं। उनकी सरकार का कार्यकाल काम के लिए नहीं बल्कि कारनामों के लिए जाना जाता है।

# खुली लूट : सरकार ने टैक्सी किराया किया दोगुना

■ सोशल मीडिया पर लोगों का जमकर फूटा गुस्सा



**नई दिल्ली।** सरकार ने राइड-शेयरिंग कंपनियों जैसे ओला, उबर, इनड्राइव और रैपिडो को अब पीक आवर्स (जब मांग सबसे ज्यादा होती है) में दोगुना किराया वसूलने की इजाजत दे दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से हाल ही में लागू की गई मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 के तहत अब इन कंपनियों को बेस फेयर का 2 गुना किराया लेने की छूट मिल गई है। इससे पहले ये सीमा 1.5 गुना थी।

जहां कैब कंपनियां इस फैसले से खुश हैं, वहीं आम लोग सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जोर-शोर से जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फैसले को खुली लूट बताया जा रहा है।

नई गाइडलाइंस के मुताबिक, पीक आवर्स में अधिकतम किराया बेस फेयर का दो गुना और न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखा गया है। सरकार का कहना है कि इससे कैब किराए को लेकर पारदर्शिता आएगी, लेकिन आम यात्रियों को ये बात रास नहीं आई। सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर अंकित नाम के यूजर ने लिखा, मिडल क्लास पर एक और वार। मोदी सरकार ने ओला, उबर और रैपिडो को खुली लूट की छूट दे दी है। पीक टाइम में किराया दो गुना, कैंसिल करने पर 10 प्रतिशत चार्ज, ऊपर से पुरानी कारें भी स्क्रैप हो जाएंगी। इतिहास की सबसे ज्यादा मिडल क्लास विरोधी सरकार।

इस मुद्दे पर कांग्रेस ने भी सरकार को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा, अगर आप ओला, उबर या रैपिडो से चलते हैं तो अब और ज्यादा पैसे देने के लिए तैयार हो जाइए। सरकार ने इन कंपनियों को पीक टाइम में किराया दोगुना करने और राइड कैंसिल करने पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगाने की इजाजत दे दी है।

# राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष

■ रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा



**कोलकाता।** वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। वह 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। कोलकाता में साइंस सिटी में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद समिक भट्टाचार्य ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी शासन में बंगाल की संस्कृति, बहुलवाद, विरासत खतरे में है। 2026 का विधानसभा चुनाव इनके अस्तित्व की लड़ाई है। बंगाल की जनता ने विधानसभा चुनावों में भ्रष्ट टीएमसी सरकार के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है।



# एडीएम ने शारदा-घाघरा कटान क्षेत्र का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम शशि कांत मणि के साथ तहसील धौरहरा के अंतर्गत घाघरा एवं शारदा नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कटान रोधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अफसरों को सख्त हिदायत दी कि काम में कोई कोताही न बरती जाए और निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता हो एडीएम ने जसवंतनगर व हसनपुर कटौली बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मडवा, मिर्जापुर सरैया, रुद्रपुर सालिम गांव के कटान क्षेत्र का निरीक्षण कर कटावरोधी कार्यों को भी परखा और तेजी से कार्य पूरा करने को कहा निरीक्षण के दौरान एडीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि गांववासियों के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें, जिससे आपातकालीन स्थितियों में सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ चौकियों को पूरी तरह एक्टिव मोड में रखें और हर बदलाव की रियल टाइम रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। एडीएम ने बाढ़ खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कटाव रोधी कार्य समयबद्ध और ठोस हों। यही प्राथमिकता है।

## 16 हजार रुपये की नकदी, जेवर, बर्तन समेत करीब दो लाख रुपये का सामान बटोर ले गए चोर

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मझगईं के गांव दौलतापुर में बुधवार की रात चोर एक मकान में घुस गए और 16 हजार रुपये की नकदी, जेवर, बर्तन समेत करीब दो लाख रुपये का सामान बटोर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है गांव दौलतापुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि गर्मी ज्यादा होने के कारण बुधवार की रात वह परिवार के साथ आंगन में सोया हुआ था। रात में किसी समय चोर घर के अंदर घुस आए। कमरों में रखे बक्सों का ताला तोड़ दिया। उसमें रखे 16,000 रुपये, सोने-चांदी के जेवर, पीतल का बटुला आदि सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई। जब वह लोग सुबह सोकर उठे पत्नी साफ-सफाई करने के लिए जब कमरे में गई तो बिखरा सामान देख उसके होश उड़ गए।

## डीएम के निर्देश पर 26 सांड पकड़े गए, सुरक्षित गौशालाओं में भेजा गया




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शहर में आवारा सांडों से परेशान लोगों को अब राहत मिलने लगी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने विशेष अभियान चलाकर 26 सांडों को पकड़कर संरक्षित गौशालाओं में भेजा है। यह अभियान 25 जून से 02 जुलाई तक चलाया गया नगर क्षेत्र में लंबे समय से आवारा सांड ट्रैफिक में बाधा बनने के साथ-साथ राहगीरों के लिए खतरा भी बनते जा रहे थे। नगर पालिका की इस कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय कुमार ने बताया कि नगर पालिका की टीमों ने अभियान के दौरान मुख्य बाजार, आवास विकास, गोला रोड, स्टेशन रोड और बस स्टैंड इलाके में सांडों को पकड़ा। पकड़े गए सभी सांडों को पास की गौशालाओं में भेजा गया है, जहां उनके लिए चारा, पानी और पशु चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आगे भी यह अभियान चलता रहेगा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शहरी क्षेत्र में आवारा पशुओं की मौजूदगी से किसी भी नागरिक की सुरक्षा को खतरे में नहीं पड़ने दिया जाएगा।

## 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 02 नफर वारंटी अभियुक्तों पन्डित उर्फ जयपाल व रामपाल पुत्र परागीलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## पिकअप और बाइक में हुई जोरदार टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गांव गौरिया के पास पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों बुआ के घर से वापस अपने गांव आ रहे थे। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना खीरी के गांव सरैया निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना खान का पुत्र साकिब (18) गांव के ही साथी चांद बाबू (17) के साथ बुधवार शाम को अपनी बुआ के घर थाना फरधान के गांव गौरिया मेहमानी गए थे। गुरुवार को दोनों बाइक से घर वापस आ रहे थे। जमवारी पुल के पास लखीमपुर की तरफ से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि साकिब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चांद बाबू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस 108 से सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर हादसे की खबर जब गांव पहुंची तो मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

### डीएम को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सभी कार्यकर्ता शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान (विलोबी) में इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय जाकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि कि सरकार द्वारा 27965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बंद करना यह संविधान के अनुच्छेद 21 ए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा) के प्रावधानों का उल्लंघन है। गरीबों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है। कार्यकर्ताओं ने स्कूल विलय का निर्णय वापस लेने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय गौतम ने कहा कि कौशाम्बी के लोहदा गांव में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, प्रयागराज के इसौटा गांव में अनुसूचित जाति के व्यक्ति को जिंदा जलाकर मार देने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जाए वरना आजाद समाज पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

## प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस होगा आयोजित: जिलाधिकारी

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर प्रातः 10 से 02 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। मनीष बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए निर्धारित दिवस पर अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा।

## खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार : 300 छापे, 15 दुकानों के लाइसेंस रद्द

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों ने अब तक 300 से ज्यादा छापेमारी कर दी हैं। जांच के दौरान 70 नमूने लिए गए, 25 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए और 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

वहीं, 15 दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि एक विशेष कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, जहां अवैध भंडारण की पुष्टि हुई। मामले में कालाबाजारी से जुड़े एक व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ बिना रियायत कठोर कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने खाद वितरण केंद्रों और खुदरा दुकानों पर निगरानी बढ़ा दी है। हर ब्लॉक में उड़नदस्ते सक्रिय हैं और पुलिस व राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

## जीआईएस सर्वे के खिलाफआंदोलन चलाने को एक स्वर में दिया समर्थन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सर्वदलीय संघर्ष समिति की बैठक में सर्वसम्मति से जीआईएस सर्वे का पुरजोर विरोध करते हुए आंदोलन चलाये जाने को पूर्ण समर्थन दिया गया और विगत् दिवस निगम के प्रवर्तन दल द्वारा दुकानदार के साथ की गई मारपीट की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रवर्तन दल के अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

जेवी जैन डिग्री कॉलेज रोड स्थित समिति कार्यालय पर आहूत बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर निगम द्वारा किये गये जीआईएस सर्वे के माध्यम से हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया, जो 10 गुणा, 20 गुणा व 50 गुणा तक कर दिया गया। जीआईएस प्रथम दृष्टया भौतिक सत्यापन एक्यूरेट नही करता, परन्तु विभाग द्वारा बिना सत्यापन किये हाउस टैक्स, वाटर टैक्स एवं सीवर टैक्स के बिल भेजकर जनता को हलकान कर दिया है। व्यापारी नेता



यशपाल मैनी ने अपने विचार रखते हुए स्पष्ट रूप से आन्दोलन करने की बात रखी और किसी प्रकार की वार्ता करने परहेज करने की बात कही। सभा में उपस्थित महेन्द्र तनेजा ने हकीकत नगर में बनाई जानी वाले फाइव स्टार रोड के भौतिक सत्यापन की बात कही जिसकों लखनऊ के ठेकेदार पूर्व एक वर्ष से बना रहे है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन दल द्वारा व्यापारियो की पिटाई के विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। पार्षद पुनीत त्यागी, शीतल टंडन व रामजी सुनेजा ने जीआईएस सर्वे को गलत बताते हुए शीघ्र वापिस लेने को कहा और जीआईएस सर्वे को प्रदेश का दुर्भाग्य बताया। राजेश जैन, पूर्व सांसद फजलुर्रहमान रहमान ने कहा कि हाउस टैक्स बढाना उचित हो सकता है लेकिन कई गुणा करना सरासर गलत व अन्याय है, जिसको सहन नही किया जाना चाहिए।इस दौरान शहर काजी हाजी नजीम, दीपक जाटव व विवके मनोचा ने स्पष्ट रूप से जीआईएस सर्वे को असवैंधानिक बताते हुए आन्दोलन के रास्ते पर चलने का समर्थन किया। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से आगामी छह जुलाई को रेलवे रोड स्थित व्यापार मण्डल के कार्यालय पर इस संबंध में बैठक करने का निर्णय लिया और आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया। इस दौरान रमेश, नगेन्द्र, सरफराज, रमेश चौधरी, सुरेन्द्र कपिल, हाजी नबाब अंसारी, पुनित चौहान ने जनता से अपील की कि नगर पालिका का कोई टैक्स जमा ना करें और आंदोलन के लिए तैयार रहे। बैठक में दीपक सिंह कोचर, यशपाल मैनी, महेश नारंग, जयनाथ शर्मा, शैलेश चौधरी, मांगेराम, हाजी नबाब अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 20 लाख रूपये कीमत की अवैध अफीम पकड़ी



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सदर बाजार पुलिस व एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने अवैध अफीम की तस्करी करने वाली महिला समेत दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.80 किलोग्राम अवैध अफीम, दो मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड व 7478 रूपये की नकदी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

बरामद अवैध अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 28 लाख रूपये आंकी गई है। थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि एएनटीएफ यूनिट मेरठ व सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले दो सक्रिय तस्करों संगीता देवी पत्नी स्व.लक्ष्मण सिंह व धीरज कुमार पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह निवासीगण झीटकाही, पोस्ट फुलकाहां, थाना श्यामपुर भटहा, जनपद शिवहर, बिहार को विश्वकर्मा चौक के पास रेलवे ब्रिज के निचे, पेपर मिल रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से 02 किलो 802 ग्राम अवैध अफीम, दो मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड व 7478 रूपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

## नगीना में सभासदों के विरोध के बावजूद कांवड यात्रा मार्ग पर लग रही नुमाइश

*अवधनामा संवाददाता*

**नगीना।** नगर पालिका परिषद के कई सभासदों के विरोध के बावजूद अधिकारियों व कुछ नेताओं की कृपा दृष्टि से ठेकेदार द्वारा कांवड यात्रा मार्ग पर नुमाइश ( प्रदर्शनी ) लगा दी गई है जिससे कांवड यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मालूम हो कि नगर पालिका परिषद नगीना के वार्ड न.1 के समासद कपिल पवार, वार्ड न.5 के सभासद रोहित बिश्नोई, वार्ड न.6 के समासद राजकुमार व वार्ड न.18 के सभासद ब्रजमोहन विश्नोई द्वारा 21 जून को आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में एसडीएम आशुतोष जैसवाल को 1 शिकायती पत्र देकर नगीना - रायपुर - अकबराबाद चौक के कांवड यात्रा मार्ग पर लगने वाली नुमाइश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई थी है शिकायत में कहा गया था कि आगामी 5 जुलाई से श्रावण माह की कांवड़ यात्रा आरंभ होने जा रही है पवित्र नगरी, देव भूमि हरिद्वार से कांवड के साथ गंगा जल लाकर नजीबाबाद की ओर से आने वाले शिवभक्त कांवडती नगीना के मुख्य मार्ग रायपुर अकबराबाद चौक से होकर भी गुजरते हैं यदि इस कांवड यात्रा मार्ग पर नुमाइश लगती है तो भीड भाड के कारण शिवभक्त कांवडतियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा मामले को लेकर उक्त समासद कार्यालय में भी एसडीएम से मिले थे , बताया गया कि एसडीएम द्वारा मामले में जांच कराकर सभासदों को कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब सभासदों की शिकायत को दरकिनार कर एक चर्चित ठेकेदार द्वारा उक्त कांवड यात्रा मार्ग पर प्रदर्शनी लगा दी गई है, कांवड यात्रा 5 जुलाई से शुरू होने वाली है कांवड यात्रा मार्ग पर इस समय प्रदर्शनी (नुमाइश )की अनुमति किस आधार पर दी गई यह प्रशासन ही जाने, उधर बताया जा रहा है कि मामले की शिकायत करने वाले उपरोक्त सभासद अब उक्त मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में डालने का मन बना रहे हैं।

## सपाईयों ने चौ.दास की जयंती मना किया भावपूर्ण स्मरण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रहे चौधरी रामशरण दास गुर्जर की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया और उनके सिद्धांतों पर चलकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। अंबाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामशरण दास गुर्जर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको भावपूर्ण नमन किया। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि रामशरण दास जी सामाजिक न्याय, समरसता और समाजवाद के सच्चे सेनानी थे। वे बाल्यावस्था में लोहिया और समाजवाद से जुड़े रहे। उन्होंने पहले लोहिया, फिर मुलायम सिंह यादव को नेता माना। नई पीढ़ी को रामशरण दास जी से वैचारिक प्रतिबद्धता और दलीय निष्ठा की सीख लेनी चाहिए।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी सलीम अख्तर, नकुड़ विधानसभा अध्यक्ष संदीप सैनी व समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं सपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर विजेश कुमार शर्मा ने कहा कि लोकबन्धु राजनारायण के ऐतिहासिक चुनाव में इंदिरा गांधी के विरूद्ध लोकबन्धु का साथ दिया और चुनाव जीता कर नये अध्याय का सूत्रपात किया। बहुत कम लोग जानते हैं कि रामशरण दास जी की ही गवाही पर इंदिरा जी के खिलाफ फैसला हुआ। वे ऐसे समाजवादी थे जो कभी अन्याय के आगे झुके नहीं, बड़े से बड़े पद का लोभ भी उन्हें कर्तव्यपथ से डिगा नहीं सका। प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव एवं वरिष्ठ सपा नेता चौधरी अब्दुल गफूर ने कहा कि उन्होंने आपातकाल का विरोध किया और कारागार की यातना सही। 05 नवम्बर 1992 को जब नेताजी ने समाजवादी पार्टी का गठन किया तो उनकी सादगी, त्याग और समर्पणभाव को देखते हुए सपा का पहला प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। ऐसे में जब पार्टी अपना रजत जयंती वर्ष मना रही है, रामशरण दास जी को याद करना स्वाभाविक है। इस अवसर पर फैसल सलमानी, अभिषेक टिंकू अरोड़ा, काशिफ अल्वी, वासिल तोमर, चौधरी जुमला सिंह, विशाल यादव, हसीन कुरैशी, कय्यूम धोबी वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

## छापामार कार्रवाई में टाटा ब्रांड की नकली चाय बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नागल कस्बे के किरयाना व्यापारियों द्वारा टाटा कंपनी की नकली चाय बेचने की सूचना पर कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी करते हुए टाटा ब्रांड की नकली चाय बरामद की है। बृहस्पतिवार को टाट टाटा के फील्ड ऑफिसर सनी आहूजा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ टीम ब्लाक चौराहा पहुंची तथा दो तीन दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में नकली चाय बरामद की। जिसे व्यापारियों के साथ थाने लाया गया। व्यापारियों को थाने लाने की सूचना पर दर्जन भर से अधिक व्यापारियों के साथ थाने पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल डाबर व भाकियू तोमर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहित गोयल ने कंपनी की एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल डाबर ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद से सभी व्यापारी पक्के बिल पर माल मंगाकर व्यापार करता है ऐसे में यदि कोई सामान उसे पर नकली पहुंचता है तो उसकी जिम्मेदारी डिस्ट्रीब्यूटर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी दोषी है तो कार्रवाई हो लेकिन निर्दोष है तो उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। टाटा चाय कंपनी के फील्ड अफसर सन्नी आहूजा ने बताया कि कंपनी को लगातार सूचना मिल रही थी कि कस्बे के कुछ किरयाना व्यापारी नकली टाटा चाय बेच रहे हैं। जिस कारण कंपनी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ कस्बे के ब्लाक चौराहा स्थित बालाजी ट्रेडिंग कंपनी, भारत ट्रेडिंग कंपनी व चावला ट्रेडर्स पर छापेमारी करते हुए टाटा कंपनी के भारी मात्रा में नकली चाय के पैकेट बरामद हुए है।

व्यापारियों में टाटा चाय के क्षेत्रीय डिस्ट्रीब्यूटर विवेक जैन को मौके पर बुलाया तथा माल के संबंध में जानकारी ली। विवेक जैन ने बताया कि कुछ व्यापारी चंद रूपयों के लालच में ह्यअन्य स्थानों से भी चाय आदि की खरीदारी करते हैं। बरामद की गई नकली चाय से उसका कोई संबंध नहीं। करीब 2 घंटे तक थाना प्रांगण में चले हंगामे के बाद भी यह निर्णय न हो सका कि बरामद चाय डिस्ट्रीब्यूटर से खरीदी गई है अथवा किसी अन्य स्थान से। उधर व्यापारियों का कहना था कि खरीदी गई टाटा की सभी चाय डिस्ट्रीब्यूटर से खरीदी गई है। थाना प्रभारी रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि टाटा चाय के फील्ड ऑफिसर सन्नी आहूजा की ओर से तहरीर मिली है।

## आरोपी को पुलिस कस्टडी में लेकर दो बैटरे किए बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के आरोपी को पीसीआर पर लेकर उसकी निशानदेही पर एटीएम से चोरी हुए 02 बैट्रे बरामद किए है।थाना कोतवाली नगर प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 20 जून को वादी पीएनबी बैंक के शाखा प्रबन्धक अशोक कुमार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ हनुमान मंदिर के सामने स्थित एटीएम की चार बैटरी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच में प्रकाश में आये आरोपी नदीम पुत्र वसीम निवासी नियर फिरदौस हौजरी, न्यू मालवीय नगर, नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर को जिला कारागार से पुलिस अभिरक्षा मे लेकर उसकी निशानदेही पर दो बैट्रे गढ़ी मलूक आश्रम के पीछे खाली पड़े मैदान में एक खण्डर से बरामद कराये। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपी ने बताया कि उसने 17 जून को जनता रोड हनुमान मंदिर के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से चार बैट्रे चोरी किये थे, जिसमें दो बैट्रे रेहड़ी पर राह चलते कबाड़ी को 3000 रुपये में बेच दिये थे और 2 बैट्रे उसने गढ़ी मलूक आश्रम के पीछे खाली पड़े मैदान में एक खण्डर मे छुपा दिये थे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील छाबड़ा ने पहले ही दिन किए तीन सेवा प्रोजेक्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मोनी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो.सुनील छाबड़ा ने कार्यभार संभालते ही समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक शुरुआत की। पहले ही दिन उन्होंने तीन जनसेवा प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक संपन्न कर एक सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ÷प्रभु जी की रसोई÷ पहुंचकर की गई, जहां लगभग 300 जरूरतमंदों को भरपेट भोजन करवाया गया। भोजन वितरण कर अध्यक्ष छाबड़ा ने कहा कि भूखों को भोजन कराना, सबसे बड़ा धर्म है और रोटरी इसी भावना से जनकल्याण के कार्य करती है। इसके बाद एक जुलाई को मनाए जाने वाले डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख चिकित्सकों को उनके चिकित्सा क्षेत्र में अमूल्य योगदान और विशेष रूप से निर्धन वर्ग की सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित डॉक्टरों ईएनटी सर्जन डॉ. मोहन सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ.इंदिरा सिंह, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.संजीव मिगलानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नैना मिगलानी,





डॉ. प्रवीण शर्मा और डॉ. रेनू शर्मा को रोटरी फॉर वे टेस्ट सम्मान से नवाजा गया। इसी क्रम में सीए डे के अवसर पर प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए भारत मिगलानी को भी उनकी सेवाओं और प्रोफेशनल उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से हमने साल की शुरुआत की है, उसी तरह से हम सब को मिलकर पूरे वर्ष समाज सेवा में अपने क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर कार्य करना है।

# प्रशासन की कड़ी सुरक्षा मे निकला सातवीं मोहर्रम का दुल्दुल जुलूस राजा काज़िम रज़ा ने किया नेतृत्व

दानिश मेहदी

**जलालपुर/टांडा।** सातवीं मुहर्रम पर नगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कर्बला के प्यासे 72 शहीदों की याद में जगह-जगह बड़े पैमाने पर सबीलों का बंदोबस्त किया गया।सातवीं मुहर्रम को हज़रत इमाम हसन के पुत्र हज़रत कासिम की शहादत का जिक्र मर्सिया ख्वानी व शोज़ ख्वानो ने किया इसी क्रम मे टांडा नगर के मोहल्ला मीरानपुरा कोठी राजा साहब से सातवीं मोहर्रम का जुलूस अपने परम्परागत मार्गो से होता हुआ जब सैयद रिज़वान हुसैन के आवास पर पहुंचा तो वहाँ पर सबील ए हुसैन का एहतेमाम किया गया।

सबील वितरण मे मोहम्मद आसिम आरिश मेहदी शाज़ान अब्बास अज़लान अब्बास इब्राहिम ने लोगों को बड़ी संख्या मे मौजूद सबील शरबत पिलाया अन्त मे जुलूस जब आर्य कन्या स्कूल पहुंचा तो अंजुमन के सदस्यों ने जंजीरो का मातम किया और अपने को क़र्बला के बहत्तर शहीदों की याद मे लहू लुहान कर लिया जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये एडीएम प्रशासन एसडीएम टांडा सीओ टांडा कोतवाली प्रभारी सहित बड़ी संख्या मे पुलिस बल के लोग मौजूद रहे वहीं जलालपुर के ।उर्दू बाजार,नीमतल, काजीपुरा ,दलालटोला से निकला सातवीं मुहर्रम का जुलूस दोपहर बाद सराय चौक स्थित रौज-ए-हजरत कासिम परिसर में समाप्त हुआ। वाजिदपुर स्थित इमाम बारगाह से कर्बला के शहीदों की याद में निकला जुलूस बाबा शाह फरीद कर्बला में नौहा मातम के साथ समाप्त हुआ। जाफराबाद स्थित प्रातः में बड़े इमाम बारगाह व मासूमिया इमाम बारगाह में आयोजित मजलिसों में महिलाओं व पुरूषों का हुजूम उमड़ा। इम्तियाज़ हुसैन व इफ्तिखार हुसैन के आवास पर मजलिस का आयोजन हुआ।

नगर में निकले सातवीं मुहर्रम को मातमी जुलूस में दास्तान-ए-कर्बला सुनकर अजादारो के आंसू छलक पड़े। जाफराबाद मोहल्ले से महिलाओं व पुरूषों के निकले मातमी जुलूस के दौरान मुजफ्फर हुसैन की मर्सिया ख्वानी के साथ ही अंजुमनों ने नौहा ख्वानी पेश कर कर्बला के मंज़र बयां किये। जुलूस के दौरान मौलान असगर एजाज कायमी ने कर्बला की दर्द भरी दास्तां बयां किया तो अजादार अपने आंसू नहीं रोक सके।जुलूस देर शाम चिलवनिया स्थित बड़ी दरगाह पहुंच कर समाप्त हुआ।

इसके अलावा सोनगांव, मछली गांव,पेठिया नदेसर, भीखपुर, उफरौली, अरई में जुलूसो के निकलने का क्रम जारी है।जुलूस की निगरानी पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार,कोतवाल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के जवान कर रहे थे।



## कटघर मूसा गाँव मे निकला सातवीं मोहर्रम का जुलूस

**हजपुरा।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव में गुरुवार 7 मोहर्रम को अकबरपुर - जलालपुर मुख्य मार्ग पर कर्बला के प्यासों की याद में अंजुमन गुंचा ए-हुसैनी के बैनर तले सबील का स्टॉल लगाकर राहगीरों को शर्बत, बिस्किट और शीतल जल पिलाया गया। इस अवसर पर अंजुमन के सचिव अजादार हुसैन ने बताया कि कर्बला में इमाम हुसैन और उनके छोटे-छोटे बच्चों और उनके साथियों के ऊपर यजीद जैसे आतंकी ने पानी बंद कर दिया था। कर्बला के प्यासों की याद में हर वर्ष 7 मोहर्रम को राहगीरों को शर्बत, बिस्किट और पानी पिला कर कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की जाती है। उक्त अवसर पर अंजुमन गुंचा -ए- हुसैनी के सभी नौजवानों समेत छोटे - छोटे बच्चे राहगीरों की खिदमत करने में लगे रहे।

## किशोरी को बहला कर एक वर्ष से दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर ।** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसला कर एक वर्ष तक दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर ली है। पीड़िता के पिता ने आरोपित गोलू पुत्र जनार्दन निवासी विडार के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट का केस दर्ज की है।

सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ एक वर्ष से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। आरोप है कि किशोरी के घर के पास ही एक व्यक्ति की रिश्तेदारी दूसरे गांव में है। इसके कारण दूसरे गांव का एक दो बच्चों के पिता का आना जाना लगा रहता है। आरोपित किशोरी को बहला फुसला कर एक वर्ष पहले अवैध संबंध बनाते हुए वीडियो बना लिया। वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देते हुए एक वर्ष से किशोरी का शारीरिक शोषण कर रहा है। बुधवार की देर शाम को किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी थी। सीओ गीडा के आदेश पर पुलिस ने आरोपित गोलू पुत्र जनार्दन निवासी विडार के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट का केस दर्ज कर ली है।

# पेरोल के नाम पर वसूली कार्यवाही महज़ खानापूर्ति

अवधनामा संवाददाता

- ज़िम्मेदार की चुप्पी पर उठे सवाल

**अम्बेडकरनगर।** जिले के बसखारी ब्लॉक में एडीओ पंचायत कार्यालय से जुड़ा पेरोल घोटाला चर्चा में बना हुआ है। पेरोल के नाम पर हुई कथित वसूली का वीडियो, ऑडियो, लिखित साक्ष्य और पेमेंट स्लिप वायरल होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। बीडीओ द्वारा 11 फरवरी 2025 से जांच की बात कही जा रही है, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति चल रही है। सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में लगातार खबरें छपने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए जिले के डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ को फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन तक रिसीव नहीं किया। लोगों का कहना है कि जिस तरीके से बीडीओ फोन पर जवाब दे रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि भ्रष्टाचार चरम पर है और कार्रवाई का इरादा शून्य के बराबर।

मामले में कार्रवाई न होना अब चर्चा का विषय बन गया है। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि कहीं यह पूरा मामला किसी प्रभावशाली व्यक्ति या अधिकारियों के संरक्षण में तो नहीं? अगर नहीं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह पेरोल के नाम पर रुपये लिए जा रहे हैं और बचाव के लिए फर्जी स्लिप का इस्तेमाल किया गया। इसके बावजूद जांच के नाम पर सिर्फ कागजी खेल हो रहा है।

जनता में सवाल है कि क्या जीवनभर 'जांच-जांच' के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल चलता रहेगा या जिम्मेदार अफसर वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई करेंगे? लोगों की मांग है कि मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस वाले फरमान को मजाक न बनाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## मेडिकल कालेज मे पर्चा बनवाना मरीज़ो के लिये बनी सांसत

**अंबेडकरनगर।** जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने पहुंचे मरीजों को अब पर्चा बनवाने में ही पसीना छूट रहा है। शासन के नए निर्देश के अनुसार अब मरीजों को ओपीडी पर्चा 'आभा ऐप' के माध्यम से ही बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है।लेकिन हकीकत यह है कि अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों के पास न तो स्मार्टफोन है और न ही डिजिटल प्रक्रिया की समझ।

ऐसे में गरीब और ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीज घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद पर्चा नहीं बनवा पा रहे हैं।ग्रामों से आए बुजुर्ग, महिलाएं और अशिक्षित लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। उनके लिए इलाज की बजाय पर्चा बनवाना ही बड़ी चुनौती बन गया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से मरीजों को बिचौलियों और प्राइवेट दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है।मरीजों ने शासन और प्रशासन से अपील की है कि इस व्यवस्था को सरल बनाया जाए या अस्पताल परिसर में ऐसे मरीजों के लिए अलग काउंटर खोला जाए।

# खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला सम्पन्न, नहरों के संचालन एवं बीज की समय से उपलब्धता के निर्देश

**उरई (जालौन)।** जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। गोष्ठी में 32 स्टालों की कृषक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, लीड बैंक, यूपी एग्रो सहित निजी क्षेत्र की संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। उप कृषि निदेशक ने सोलर पंप, सोलर फेंसिंग, कृषि यंत्र, बीज एवं उर्वरक वितरण तथा ऑनलाइन किसान पंजीकरण की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी।



कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मो. मुस्तफा ने खरीफ में दलहनी व तिलहनी फसलों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. विस्टर जोशी ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का आग्रह किया।

माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नहर विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों एवं नलकूपों को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए। विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने महिलाओं से किचन गार्डन व पशुपालन को प्रोत्साहित करने की अपील करते हुए कहा कि इससे घरेलू आय में वृद्धि संभव है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछली खरीफ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 48455 किसानों को 4465.01 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की गई, जो जनपद की अब तक की सर्वाधिक राशि है। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान बन्धु हैं, इसलिए बीज, उर्वरक, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए।

गोष्ठी में बलराम सिंह लंबरदार ने समय पर बीज उपलब्ध कराने की अपील की, राजबीर सिंह जादौन ने किसानों से अनुरोध किया कि वे खरीफ फसलों को नुकसान से बचाने हेतु अपने पशुओं को अन्ना न छोड़ें, जबकि साहब सिंह चौहान ने नहरों की सिल्ट सफाई और टेल तक पानी पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का किया गया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद व उप आबकारी आयुक्त कानपुर प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद द्वारा क्षेत्र -3 स्थित आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 द्वारा क्षेत्र -1 में स्थित आबकारी दुकानों की क्रॉस चेकिंग भी की गई।

## खनन विभाग द्वारा छापा मारकर 1 जेसीबी मशीन व दो डंपर पुलिस को सौपे

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र मे खनन अधिकारी द्वारा ग्राम सोतेपुर हाजियापुर तहसील कायमगंज मे मिट्टी अवैध खनन की सुचना पर छापेमारी के दौरान खनन क्षेत्र से एक द्धष्ड्ड एवं 2 डम्पर मय मिट्टी लदी को पकड़कर थाना कायमगंज की अभिरक्षा मे दिया गया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** शासन द्वारा हजारों परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग के नाम बंद किए जाने के विरोध में वृहस्पतिवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय विधायक सहजनवा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि जिन स्कूलों में 100 या 150 से कम छात्रों का नामांकन है उन स्कूलों को प्रधानाध्यापक को सरप्लस घोषित कर दिया गया है। जिससे 20 हजार स्कूलों को संविलीएन कर प्रधानाध्यापक पद समाप्त कर दिया जा रहा है। ऐसा होने से हजारों रसोईयों के पद समाप्त हो जायेगे। तथा दूर के छात्रों को स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिसको लेकर शिक्षकों में रोष है।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री अच्युतानन्द तिवारी, प्राथमिक शिक्षक ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मनोज जायसवाल, धनश्याम मिश्र, राकेश, मनोज, दिग्विजय, ज्ञान सिंह, वैभव, दिलीप कुमार, विजय पाल श्रवण कुमार सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।

# तहसील सभागार सहजनवा में अधिवक्ता संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

- अधिवक्ताओं ने देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया

**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील सभागार में गुरुवार को ÷आधुनिक वर्तमान परिवेश में अधिवक्ताओं की उपयोगिता÷ विषय पर अधिवक्ता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व चेयरमैंन राज्य विधि विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश रहें, संगोष्ठी में वृजेन्द्र नाथ मिश्र, जयगोविन्द सिंह, भुपेन्द्र त्रिपाठी, इन्द्रदेव मिश्र, बिनोद मिश्र, संजय श्रीवास्तव और कमीशनरी न्यायालय व उपेन्द्र धर दुबे एड. जिला बार गोरखपुर ने अपना-अपना विचार रखा और एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू कराने, नये अधिवक्ताओं को स्टाइपेड दिलाने और तहसील न्यायालय में न्यायिक कोर्ट का गठन कराने का प्रयास करने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता मधुसूदन त्रिपाठी जी ने कहा कि भावेष्य में अधिवक्ताओं की कम उपयोगिता होगी इस पर विचार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। अधिवक्तओ ने देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण योगदान कर देश को आजाद कराया।

आजादी के बाद संविधान निर्माण में अधिवक्ताओं का सर्वाधिक योगदान रहा है। हम आप संगठित होकर आज भी देश व समाज के लिए कार्य करे यहि हमारा सबसे बड़ा योगदान होगा अधिवक्ताओं को राजनीति में भी भागीदारी दे?नी चाहिए ताकि देश व समाज की जनता को न्याय दिलाने से लेकर उनकी हर समस्या का निदान करा सके। अधिवक्ता राजनीति में सक्रिय होगा सरकार का अंग बनेगा तो अधिवक्ताओं की समस्या एवं जनता की समस्या का निदान कराना आसान हो जाएगा।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक सुशील शाक्य को सौंपा ज्ञापन



अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड नबाबगंज के पदाधिकारियों ने अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य को स्कूल मर्जर के विरोध में सौंपा ज्ञापन -अवनीश चौहान ,राजेश यादव, सुशील माथुर, उपेंद्र गंगवार, देवेन्द्र यादव,मनोज यादव, अर्चना मिश्रा आदि ने अनिवार्य शिक्षा अधिनियम का हवाला देते हुए गरीब बच्चों को शिक्षा से बंचित करने का षडयंत्र बताते हुए तत्काल मर्जर पर रोक लगाने की मांग करते हुए विधायक सुशील शाक्य को सौंपा ज्ञापन।

# मोहर्रम की 7 तारीख का अल्मो का जुलूस कम्पिल नगर में बड़ी धूमधाम से निकला गया

फतेह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कस्बा कम्पिल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहर्रम की 7 तारीख का आलमो का जुलूस पड़ोसी ग्राम निजामुद्दीन पुर से लगभग एक दर्जन अलमो के साथ कम्पिल नगर के मोहल्ला मजगांव स्थित इमामबाडे पर पहुंचे जहां पर मोहल्ला मांझगांव के आलम एक दूसरे से गले मिलकर सलामी दी गई। अलमो की रस्म अदायगी की गई।

उसके बाद अल्मो का जुलूस नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर या हुसैन या हुसैन की सदाओ से गूजता हुआ नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ नगर के मोहल्ला काजी टोला मोहल्ला स्थित ईमामबाडे पर पहुंचकर अखड़ाबाजों ने गतके खेल कर अपने अपने करतब दिखाए। अलमों का जुलूस कई मोहल्ले से होकर मैन चौराहा कम्पिल मे एकत्र हुआ और एक दूसरे से सलामी लेकर अलम निजामुद्दीन पुर के लिए व कम्पिल के अलम अपने-अपने घरों के लिए रवाना हुए। इस मौके पर कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य अपने हमारा फोर्स के साथ व ताजदारी कमेटी के अध्यक्ष शाहिद खान, समीउल्लह खान, पूर्व सभासद शाहमीर खान, नोहेल खान, सोहेल खान, आजम खान, फतेह खान, हसीब खान, नकीब पठान, अता उल्लाह खान, जया उल्लाह खान, अल्ताफ उल्लाह खान, आदाब उल्लाह खान, आदम उल्लाह खान, आहिल खान सहित सैकड़ो हुसैनी मौजूद रहे





## एक ही घर में मिला 25 सांपो का जखीरा, मचा हड़कंप

**कसया, कुशीनगर।** विकास खण्ड कसया के बटेसरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गुरुवार को सहीम व आलमीन के घर में ईंट और मिट्टी हटाते समय अचानक सांपों का झुंड दिखाई दिया। काम के दौरान सहीम ने एक विशाल कोबरा सांप देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को आवाज दी। प्रधान मोहन लाल गुप्ता के माध्यम से सूचना मिलते ही सर्प मित्र शत्रुध्न यादव मौके पर पहुंचकर सांपों का रेस्क्यू किया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सहीम व आलमिन के घर पुराने मकान को तोड़कर मिट्टी हटाया जा रहा था। इसी बीच वहां एक बड़ा कोबरा और उसके 24 छोटे बच्चे ईंटों के नीचे दबे हुए मिले। इसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सर्प मित्र शत्रुध्न यादव ने बिना डरे सभी सांपों को एक-एक करके सुरक्षित रेस्क्यू किया।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में राज किशोर शुक्ल की सर परस्ती में निकाली गई जागरूकता रैली



समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

**फर्रुखाबाद ।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली -प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

बच्चे हाथों में बैनर, पोस्टर व स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। कमलेश राजपूत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला जबकि आशा कार्यकर्ता रामदेवी ने स्वच्छता का महत्व बताया। डीएलएड प्रशिक्षु ज्योति प्रसाद ने संचारी रोगों से बचाव के तरीके बताए।

स्कूल में आयोजित बैठक में दिनेश कुमार, जयवीर, सोबरन,यशवीर, ओमकार, नीरज, मोहिनी, सत्यवती, आशा, उमा आदि ने स्कूल मर्जर का खुलकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि स्कूल की समस्या समाधान करने के बजाय उन्हें बंद करना गरीब बच्चों को शिक्षा से बंचित करना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। सभी ग्रामवासी शीघ्र ही सांसद और विधायकों से विरोध दर्ज करायेंगे।

# स्कूलों में मानक विहीन वाहनों के संचालन के विरुद्ध चैकिंग अभियान



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनाँक 24 जून 2025 द्वारा स्कूलों में संचालित वाहनों की पूर्णतया जाँच करने एवं मानक विहीन वाहनों के विरुद्ध दिनाँक 15 जुलाई 2025 तक विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उक्त के अनुपालन में उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, उरई (जालौन) में जनपद में संचालित विद्यालयों के संचालकों/प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कर यथा आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सुरेश कुमार वरि0-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) जालौन, राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्व0-।) जालौन, विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर/मालकर अधिकारी, गुड सेमेरिटन से सम्मानित समाजसेविका ममता स्वर्णकार, गुड सेमेरिटन से सम्मानित समाजसेवी अब्दुल अलीम खान, अशोक कुमार राठौर प्रबन्धक एस0आर0 ग्रुप ऑफ कॉलेज, अजय इटौरिया एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, गरिमा पाठक, अनुपम द्विवेदी, दिशा दर्शन स्मार्ट स्कूल, डिवाइन मर्सी, गुड गेट, जे0एम0एस0 पब्लिक एकेडमी, मॉर्निंग स्टार, डी0डी0 मेमोरियल, महाराणा प्रताप इंटर कालेज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क पर गोवंश मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गौशालाओं से एक भी गोवंश सड़क पर विचरण करता न दिखाई दे। उन्होंने कहा कि सड़क पर गोवंश के विचरण से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सघन अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गोवंश खुले में न घूमे। यदि किसी पशुपालक का गोवंश सड़क पर पाया जाता है, तो उसे चिन्हित कर पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जुर्माना भी वसूला जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश की देखभाल केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी पशुपालकों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वे अपने गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखें और जनहित में प्रशासन का सहयोग करें।

# कस्बे की दोनों कदीमी अंजुमनो ने सातवीं मोहर्रम पर निकाला मातमी जुलूस

- फ़िज़ां में गूंजा या अली या हुसैन की सदाएं
- डीएम एसपी ने मोहर्रम जुलूस का लिया जायज़ा

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी (बड़े इमामबाड़े) से कस्बे की दोनों कदीमी अंजुमनों, अंजुमन गुलदस्ता मातम व अंजुमन फरोग मातम के बैनर तले सातवीं मोहर्रम की सुबह मातमी जुलूस निकाला गया। छोटे-छोटे बच्चे, जवान, बुजुर्ग सभी गर्मी की परवाह न करते हुए नंगे पैर इस जुलूस में शामिल थे।

सभी लोग नौहा मातम करते हुए अपने गम का इजहार करते नज़र आये। दोनों अंजुमनों का जुलूस पूरे कस्बे में गश्त करता रहा। शाम 4 बजे मुख्य सड़क (डुमरियागंज-बस्ती) मार्ग पर पहुंचा जहां हुसैनी मातमदारों ने काफी देर तक मातम किया। हर तरफ शोक के माहौल में बस या हुसैन, या अली और लब्बैक या हुसैन की सदाएं बुलंद थीं। यहां से जुलूस वापस होकर कस्बे के अन्य हिस्से में होता हुआ पुनः बड़े इमाम बाड़े में पहुंचकर समाप्त हुआ। मातमदारों के लिए जगह जगह सबील की व्यवस्था की गई थी। मुख्य मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और जुलूस का जायजा लेने के लिए डीएम राजा गणपति आर0 और एसपी डाक्टर अभिषेक महाजन दल बल के साथ हल्लौर पहुंचे।

इस मौके पर शाहनवाज हुसैन, काज़िम रज़ा, तसकीन हैदर, नफ़ीस हैदर, जमाल, नफीसुल हसन, इंतेज़ार, खुशबू, डबलू, नासिर, हसन जमाल, नौशाद हैदर, अख्तर, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, कसीम रिज़्वी, शम्स हैदर, राशिद ताक़ीब, सलमान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधि व अधिकारी मिल कर करें कार्य : सदर सांसद

**दिशा की बैठक सम्पन्न**

- समिति के दिशा निर्देशों के अनुरुप अधिकारी करें कार्य : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी तथा सह-अध्यक्षता सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने की। बैठक में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनपद में विकास की गतिविधियों को और प्रभावी व तेज गति से क्रियान्वित किये जाने की अपेक्षा की गयी।

सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के विकास की प्रतिबद्धता होनी चाहिये। अधिकारी व जनप्रतिनिधि जनता के हित में समन्वयपूर्वक कार्य करें। उन्होंने जन कल्याणकारी व जनता के प्राथमिकताओं से जुडे कार्यो को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाने का आवाहन करते हुए कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद में विकास की गति को और बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने और उनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं, जिन्हें मिलकर जनता की समस्या का समाधान करना है। उन्होंने विद्युत व लोक निर्माण की अलग से बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ कराने को कहा।



सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने जन सुविधाओं से जुडे समस्याओं को रखते हुए अधीक्षण अभियंता विधुत से विधुत क्षति के लिए किये गये कार्यो का विवरण ट्रांसफार्मरो के प्रतिस्थापन व क्षमतावृद्धि की जानकारी उपलब्ध कराये जाने को कहा। उन्होंने कई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरो की कमी, राजकीय महिला विद्यालय हरनही की वस्तुस्थिति से अवगत कराये जाने को कहा। उन्होंने प्रतापपुर चीनी मिल के गन्ना भुगतान की जानकारी चाही। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 76 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने मलहपुरवा में कटान रोकने हेतु प्रतिरोधी कार्यो को कराये जाने, सलेमपुर व लार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की कमी बताते हुए चिकित्सों की तैनाती किये जाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में यह विशेष रुप से ध्यान देने को कहा कि जरुरतमंद का नाम सर्वे मे न छूटे। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत अब 5 किलोमीटर सडक का मानक रखा गया है। इसलिए अधिक से अधिक जनपद के इस योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु सडकों का प्रस्ताव भेजा जाये।

# पिता संतान के लिए सिर्फ संरक्षक नहीं, बल्कि जीवन के पहले गुरुः आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण

## महेन्द्र देव पाण्डेय की पुण्य तिथि पर आयोजित हुई संगोष्ठी, किया गया पौधरोपण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल के पिता स्वर्गीय महेन्द्र देव पाण्डेय की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंगलवार को ÷जीवन में पिता का महत्व÷ विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सदर तहसील के दुर्गापुर रमपुरवा स्थित पंचायत भवन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में संत, भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने स्व. पाण्डेय के योगदान और जीवन मूल्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमत निवास पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा, पिता संतान के लिए सिर्फ संरक्षक नहीं, बल्कि जीवन के पहले गुरु होते हैं। उनके संस्कार अगली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हैं। महंत राजकुमार दास, ने कहा, परिवार की मजबूती का आधार पिता होते हैं। उनका जीवन संघर्ष और त्याग की मिसाल होता है। संघ के महानगर संचालक डा विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि परिवार की नींव पिता की निःस्वार्थ मेहनत पर टिकी होती है। आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह अपने पूर्वजों के संघर्ष और मूल्यों को याद रखे। जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा, इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, स्व. महेन्द्र देव पाण्डेय न केवल एक आदर्श पिता बल्कि समाज के लिए प्रेरक व्यक्तित्व थे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, ऐसे कर्मठ और संस्कारी व्यक्तित्व को कभी भुलाया नही जा सकता है। उनका जीवन समाजसेवा और नैतिक मूल्यों का प्रतीक था। एमएलसी हरिओम पाण्डेय ने कहा, संस्कारों की विरासत से ही समाज और राजनीति की दिशा तय होती है। संचालन राम मोहन भारती ने किया।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत एक घायल

**अयोध्या।** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर टिकैत नगर मार्ग पर दो बाइको की हुई टक्कर एक कि मौत एक घायल ।जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली शुजागंज चौकी क्षेत्र के भेलसर टिकैत नगर मार्ग पर बुधवार को दी बाइको में जोरदार टक्कर हो गई जिसमे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए और स्थानीय लोगो की काफी भीड़ लग गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय लोगों की भीड़ तमाशाई बनी देखती रही और कुछ लोगों की इंसानियत तो इतनी मर गई कि लोग दुर्घटना में घायल का वीडियो बनाने में मस्त रहे घायल सड़क पर खून से लथपथ पड़े दर्द से कराहते रहे।

लोगों का कहना है कि अगर घटनास्थल पर मौजूद लोगों की लगी भीड़ तमाशाई न बनी होती और वीडियो बनाने की जगह उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का इंतजाम करती तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी ।लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व डायल 112 को दी।सूचना मिलते ही पहुंची डायल112 पुलिस व शुजागंज चौकी पुलिस ने घायल को सीएचसी रूदौली पहुंचाया जहां डाक्टरो ने मोहम्मद अरशद की हालत गम्भीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर दिया जिसे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई।

इस सम्बंध में चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव ने बताया कि बाइको में टक्कर हो गई जिसमें मोहम्मद अरशद पुत्र बिलाल अहमद निवासी हलीमनगर और लोधन पुरवा निवासी शिव कुमार पुत्र इंद्रजीत घायल हो जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी रुदौली पहुंचाया गया।डाक्टरो मोहम्मद अरशद की हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।जिनको ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते मे उनकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त बाइको को कब्जे ले लिया गया है।

# नगर निगम के 9 वार्डों की चमकेंगी गलियां, विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम क्षेत्र के 9 वार्डों में करीब दो करोड़ सात लाख रुपये की लागत से इंटरलाकिंग सड़क, नाली निर्माण और प्रकाश व्यवस्था जैसे विकास कार्य कराए जाएंगे। यह प्रस्ताव अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त द्वारा जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। वर्तमान में परियोजनाएं टेंडर प्रक्रिया में हैं और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा।जिन वार्डों में यह कार्य होंगे, उनमें कृष्णा नगर में लगभग 30 लाख से, मोदहा दक्षिणी में लगभग 7 लाख, अश्वनी पुरम लगभग 15 लाख, कैलाश पुरी कॉलोनी सैंतीस लाख और सरदार पटेल वार्ड में छब्बीस लाख रूपये लागत से कार्य कराए जाएंगे। इन वार्डों में एक-एक स्थान पर



इंटरलाकिंग, नाली और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पुरूषोत्तम नगर वार्ड में लगभग 77 लाख की लागत से तीन स्थानों पर और कर्पूरी ठाकुर वार्ड में लगभग चौदह लाख की लागत से दो स्थानों पर इंटरलाकिंग सहित अन्य बुनियादी विकास कार्य कराए जाएंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि अयोध्या न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विकसित हो, बल्कि बुनियादी सुविधाओं में भी उत्कृष्ट हो। सरकार ने मुख्य मार्गों के विकास में ऐतिहासिक काम किया है। शहर की गलियों को भी मजबूत और सुंदर बना रहे हैं।

# सभासद ताहिर की शिकायतों के बावजूद नही ठीक हुई लाइटें



**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत जैदपुर के कोई वार्डो की लाइटें खराब, सभासदों के अनुरोध के बाद भी नहीं लग रही लाइटें। वार्ड रईस कटरा शाह कटरा छेदा कटरा के सभासद ताहिर अंसारी शाह आलम अबसार ने बताया कि उनके वार्डों में काफी दिनों से खराब पड़ी है बरसात का मोसम चल रहा है व मोहर्रम की नौवीं तारीख को रातों में लोगो का निकला रहता है ऐसे में लाइटें बदली नहीं गई हैं जब की इसकी शिकायत लिपीक प्रदीप बाबू को व चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद को अवगत भी किया गया था लेकिन नगर पंचायत की कार्यशाला में समस्या को लेकर कई बार गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लाइटें खराब, सभासदों के अनुरोध के बाद भी नहीं बनी लाइटें। अपने वार्ड में खराब पड़ी लाइटों को बदलने और सही करवाने के लिए सभासदों नगर पंचायत की कार्यशाला के चक्कर काट रहे हैं।

# रूदौली में हत्या व चोरी की बड़ी घटनाओं का नही हुआ खुलासा

## रूदौली में अपराधियों के हौसले बुलंद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रूदौली कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बीते दो माह में एक के बाद एक कई बड़ी आपराधिक घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जिसमे बंधक बनाकर लूट, लाखों की चोरी और अधिवक्ता से सड़क पर लूट,व रूदौली कोतवाली क्षेत्र के नैपुरा निवासी डेरी संचालक राघवेंद्र यादव की हत्या जैसी वारदातों ने न सिर्फ क्षेत्रवासियों को दहशत में डाल दिया है,बल्कि पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। खास बात यह है कि तीनों मामलों में अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि रूदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अख्तियारपुर मोड़ के निकट 9 मई की रात को ग्राम नैपुरा निवासी डेरी संचालक राघवेंद्र यादव की कार सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकुओं से गोदकर की गई हत्या के लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं।

**रिटायर्ड कर्मचारी को बनाया बंधक**

दूसरी घटना 29 मार्च की है, जब ग्राम सहनी निवासी रिटायर्ड कर्मचारी देवानंद यादव को अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर बंधक बना लिया। बदमाशों ने उनसे रुपये की मांग की और पैसे देने के बाद उन्हें छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया, लेकिन पुलिस जांच में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है

**व्यापारी के घर से 50 लाख की चोरी**

तीसरी सनसनीखेज वारदात 3 मई को सामने आई। ग्राम पंचायत भिटौरा निवासी और बिल्डिंग मैटेरियल के थोक व्यापारी रामपाल गुप्ता के घर चोरों ने घर के अंदर बने उस कमरे का ताला तोड़ा, जिसमें नकदी और जेवरात रखे थे। चोरी की कुल रकम 50 से 55 लाख रुपये बताई जा रही है। चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इतनी बड़ी चोरी के बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

**अधिवक्ता से सड़क पर लूट**

तीसरी घटना रूदौली कोतवाली क्षेत्र के दशरथमऊ मार्ग पर अधिवक्ता राम सेवक यादव जो फैजाबाद कचहरी से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका और उनसे मोबाइल व नकदी लूटकर फरार हो गए।अधिवक्ता ने मामले की शिकायत रूदौली कोतवाली में दर्ज कराई है। परंतु अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

चौथी घटना 26 मई 2025 को रूदौली स्थित बालाजी होटल में चोरी हुई।पुलिस अभी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों का मर्जर विरोध आंदोलन जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में शिक्षकों ने मर्जर नीति के विरोध में विरोध का नया तरीका अपनाते हुए शिक्षण कार्य के दौरान अपनी बाह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। यह शांतिपूर्ण आंदोलन प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में 7 जुलाई तक जारी रहेगा।प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने बताया कि यह आंदोलन सरकार की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें विद्यालयों के मर्जर के नाम पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से 15 जुलाई के बीच संघ द्वारा जिले के सभी सांसदों और विधायकों को ज्ञापन देकर इस नीति के विरोध में अवगत कराया जाएगा और बच्चों के भविष्य से जुड़ी चिंताओं को सामने रखा जाएगा।डॉ. सिंह ने कहा, शिक्षा और स्वास्थ्य समाज की मूलभूत ज़रूरतें हैं। यदि सरकार ही इनसे उदासीन हो जाए तो समाज का




भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। विद्यालयों को एक-एक कर बंद करने की कुटिल चाल दरअसल इस बात का संकेत है कि सरकार नहीं चाहती कि गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चे सशक्त बनें और सवाल पूछ सकें।उन्होंने आगे कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे जब आत्मविश्वास से लबरेज होंगे तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। इसी संभावना से डरकर बच्चों से उनका विद्यालय छीना जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संघ के आह्वान पर जिले के सभी प्राथमिक शिक्षक पूरे सप्ताह शिक्षण कार्य करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे। शिक्षकों ने यह भी संकल्प लिया है कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन करेंगे और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएंगे।डॉ. सिंह ने सरकार से मांग की कि वह इस मर्जर नीति पर पुनर्विचार करे और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न किया जाए। उन्होंने कहा, हम शिक्षक हैं, हमारा धर्म है बच्चों को पढ़ाना, लेकिन साथ ही यह भी हमारा फर्ज है कि हम उनके अधिकारों की रक्षा करें।

# विद्यालय में स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण करने पहुचा प्रवर्तन दल

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** बच्चो की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल मे वाहनो का जांच की। जांच में बिना फिटनेस, दस्तावेजों की जांच समेत क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाने मिलने पर वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। एआरटीओ शुक्ला एंव सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने एलपीएस परिसर मे खड़ी स्कूली वाहनो की जांच करते हुये अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 अनाधिकृत रुप से संचालित प्राइवेट वाहन को थाना मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबन्धन को सख्त चेतावनी देते हुये बच्चो को दूसरे वाहन से रवाना करवाया।

# नथिंग ने नथिंग फ़ोन (3) और पहला ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट - हेडफ़ोन (1) लॉन्च किया

**अयोध्या।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है।

दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है।

नथिंग फ़ोन (3) दो वेरिएंट के साथ काले और सफ़ेद रंग के विकल्प में उपलब्ध होगा 12 जीबी + 256 जीबी - 62,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफ़र + एक्सचेंज ऑफर सहित) 16 जीबी + 512 जीबी - 72,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफ़र + एक्सचेंज ऑफर सहित) नथिंग फ़ोन (3) के लिए प्री-बुकिंग 1 जुलाई, 2025 से शुरू होगी।

विशेष लॉन्च ऑफ़र के रूप में, प्री-बुक करने वाले ग्राहकों को उनके फ़ोन (3) के साथ नथिंग ईयर (14,999 रुपये मूल्य) मुफ़्त मिलेगा नथिंग फ़ोन (3) की बिक्री 15 जुलाई, 2025 से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।

हेडफ़ोन (1) भारतीय बाज़ार में 21,999 रुपये में काले और सफ़ेद वेरिएंट में उपलब्ध होगा और उपभोक्ता 15 जुलाई, 2025 को 19,999 रुपये की विशेष इंट्रोडक्टरी लॉन्च डे कीमत का भी लाभ उठा सकते हैंनथिंग हेडफ़ोन (1) की बिक्री फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, मिंत्रा, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर 15 जुलाई, 2025 से शुरू होगी।

# अक़्ल तौहीद को बताती है, खलीफा वही होगा जो अल्लाह की हुज्जत होगाः मौलाना आलिम

## हाय कासिम हाय कासिम की सदाओं से गूँजा जनपद जगह जगह हुई मजलिस निकला मेहंदी का जुलूस



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हाय कासिम हाय कासिम की सदाओं से गूँजा, जनपद जगह जगह हुई मजलिस, सजी मेंहदी, इमाम हसन अ. के बेटे की शहादत का हुआ हर जगह तजकिरा।नौचंदी का अलम हुआ बरामद। गुरुवार की सुबह मौलाना गुलाम अस्करी हाल से शुरू हुआ मजलिस का सिलसिला मौलाना मुराद रज़ा ने सात मोहर्रम की पहलीमजलिस को किया सम्बोधित शायरों ने नज़रानये अक़ीदत पेश की अंजुमनों ने की नौहाख्वानीआगाज़ तिलावत से हुआ।सात मोहर्रम की दूसरी मजलिस इमाम बाड़ा मीर मासूम अली कटरा में हुई जिसको मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने ख़िताब किया, सिलसिले की तीसरी मजलिस आगा फय्याज़ मियाँ जानी के आजखाने में ख़िताब करते हुए मौलाना क़मर अब्बास ने कहा - अल्लाह जिसे चाहता है रिज़्क़ बे हिसाब देता है! हाजी सरवर अली कर्बलाईऔर हुजैफा ने नज़रानये अक़ीदत पेश किया। आखिर में हज़रत कासिम के मसायब पेश किये जिसे सुनकर सभी रो पड़े! इसके बाद रसूल पुर मोहसिन नक़वी के आज़ाखाने में मजलिस को ख़िताब करते हुए मौलाना आलिम मेंहदी ने कहा अक़्ल तौहीद को बताती है, खलीफा वही होगा जो अल्लाह की हुज्जत होगा। कर्बला सिविल लाइन्स में अज़ादारो का हुजूम था पुरुषों के साथ महिलाओं की भी मजलिसों मातमो के साथ खिराजे अकीदत पेश करने का सिलसिला जारी रहा। मजलिस के बाद नौचंदी का अलम हुआ बरामद अंजुमनों ने की नौहा ख्वानी व सीनाज़नी। रिफाक़त साहब के अज़ाखाने की मजलिस के बाद बेगम गंज इमाम बारगाह वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान में मौलाना अब्बास मेंहदी सदफ साहब ने मजलिस को ख़िताब किया।

### बाराबंकी के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अज़ा का जुनून

सात मोहर्रम को बाराबंकी शहर और गाँव की फ़िज़ा हाय अली असगर हाय अली असगर(अ) की याद में शोकाकुल रही। या हुसैन अ., या अली असगर की सदाओं ने रूहों को झकझोर दिया। मजलिसों में रोने वालों की आंखें और दिल इमामे वक्त की अज़मत को बयान कर रहे थे।

### जैदपुर में हजरत क़ासिम की याद में मेहंदी का जुलूस बरामद हुआ

जैदपुर में इमामबाड़ा सरकारें हुसैनी पूरब तरफ में सात मुहर्रम को ज़ुलजनाह और अलम की ज़ियारत की मखूसूस मजलिस हुई। जिसमें भारी संख्या में आस पास के अज़ादारो और ज़ायरीन ने शिरकत की। मजलिस को मौलाना मुराद रज़ा साहब ने खिताब फरमाया। मौलाना ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के लश्कर के अलमदार हजरत अब्बास के फज़ाएल और उनकी इमाम हुसैन के लिए इताअत और वफादारी के फज़ाएल बयान करते हुए कहा की हज़रत अब्बास इमाम हुसैन के लश्कर के अलमदार थे जो प्यासे बच्चों के लिए फुरात से पानी लाते हुए शहीद कर दिये गये।

# भाकपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने सरकार की नीतियों पर विरोध जताया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जबसे डबल इंजन की सरकार आई है तबसे देश व प्रदेश का सामाजिक ताना बाना खत्म किया जा रहा है। भारतीय संविधान की धारा 15 का उल्लंघन किया जा रहा है। धर्म, जाति, लिंग के आधार पर खुले आम विभेद किया जा रहा है। जबकि भारतीय संविधान की धारा 15, जाति, धर्म, लिंग के आधार पर कोई विभेद का पूरी तरह से विरोध करती है। मांग किया कि देश व प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित किया जाए और जातीयता के आधार पर फसाद करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री,रामकेवाल पासवान, जिला सहायक मंत्री कामरेड अमजद शाह, राधे यादव,श्री निवास गुप्ता,गंगा यादव,गुलाब पासवान, बिहारी पासवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाकियू ने टेरा गांव में रात्रि चौपाल में भाकियू नेता ने कराई सदस्यता

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** विकास खंड हरख के ग्राम पंचायत टेरा में भारतीय किसान यूनियन की रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन विस्तार के लिए नई सदस्यता अभियान चलाया गया। चौपाल की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिव नारायण सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने आसपास के गांवों से आए लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई। साथ ही सभी को एकजुट होकर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा और जिला महामंत्री राम सेवक रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा बंकी ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश कुमार, हेतराम और शाहिद अली समेत सैकड़ों किसानों ने भी चौपाल में हिस्सा लिया।





## एक वृक्ष मां के नाम के तहत किया गया वृक्षारोपण भाजपा नेता हुए शामिल

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** हरख ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत पंडरा के पहाडापुर गांव के पंचायत भवन में गुरुवार करीब 10 बजे एक वृक्ष मां के नाम के तहत कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार रावत मौजूद रहे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पंचायत भवन में वृक्षारोपण किया गया एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश कुमार रावत ने कहा कि सभी को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए एवं जो सरकार की मंशा है की संतान के जन्म के उपलक्ष में हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे प्रकृति और प्रदूषण भी कम होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार रावत, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, सेक्टर संयोजक रामशंकर वर्मा, श्रेष्ठ शर्मा अनिकेत आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा पतरेंगवा टोला अरनहवां स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने गुरुवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयपाल ने किया। रैली के दौरान बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे,कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने घर-घर पहुंचकर अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। प्रधानाध्यापक जयपाल ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

# रास्ते पर कब्जा को लेकर ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौमुखा में तीन पीढ़ियों से उपयोग में लाए जा रहे सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप लगाकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि रमई द्वारा पुराने डीह की जमीन में बने रास्ते को जबरन कब्जा कर आने-जाने में बाधा डाली जा रही है। इस अवैध कब्जे के कारण गांववासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रामप्रसाद, भगवंत, रघुराज, आशादेवी, महेंद्र, बलवंता, गीतादेवी, शिलादेवी, दूरपति, बिंदुदेवी, बिमलादेवी सहित ग्रामप्रधान और दर्जनों ग्रामीणों ने एक स्वर में इस कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आग्रह किया कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न कर सके, इसके लिए सख्त कदम उठाया जाए। ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर गहरा रोष है और वे शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं।

# डीएम और एसपी ने मुहर्रम के मद्देनजर गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सीमावर्ती नगर पंचायत बढ़नी में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर डॉ अभिषेक महाजन द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु ढेबरूआ पुलिस एवं एसएसबी के साथ सीमाई कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया और लोगों से त्यौहार शांतिपूवर्क मनाने की अपील की।

गुरुवार को सीमावर्ती नगर पंचायत बढ़नी में भीड़-भाड़ वाले इलाको में भारी पुलिसबल एवं एसएसबी के साथ पैदल गश्त करते हुए डीएम और पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों, संभ्रांत व्यक्तियों व आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार मोहर्रम को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी।

इस दौरान उपजिलाधिकारी राहुल सिंह, क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, असिस्टेंट कमांडेंट संजय केपी, निरीक्षक विंदेश्वरी मणि , थानाध्यक्ष ढेबरूआ गौरव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कठेला शेषनाथ यादव , चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह आदि भारी संख्या में पुलिस और एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

## चोरी की वारदात को अंजाम देकर फ़रार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** इब्राहिमपुर थाना पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार चल रहे वांछित अभियुक्त नूर अहमद पुत्र अलीदुल्लाह निवासी बदरीद्दीनपुर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

वादी की शिकायत पर थाना इब्राहिमपुर में मु0अ0सं0-160/25 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसमें आरोप था कि नूर अहमद ने वादी के घर में घुसकर पैंट से 1010 रुपये नकद व गांव के अन्य घर से मोबाइल चोरी किया था। विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार यादव की टीम ने 2 जुलाई 2025 को शाम 6ः45 बजे ग्राम डिहवा बदरूद्दीनपुर के दक्षिण तरफ स्थित जोकहिया बाग के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से नीले रंग का नोकिया की-पैड मोबाइल और चोरी के 1010 रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

# पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगायी न्याय की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** हदीसुन्निशा पत्नी अलीमुद्दीन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। साकिन-सिहावल, थाना कोतवालीङ्कबॉसी निवासिनी हदीसुन्निशा ने पुलिस अधीक्षक को दिये गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रार्थिनी की शादी अलीमुद्दीन पुत्र मन्नी के साथ वर्ष 2009 में हुई थी प्रार्थिनी ने पाँच से छः साल तक लडाई झगडे के साथ किसी तरह बिताई परन्तु मेरे पास तीन लडकिया हैं। जो क्रमशः साहिस्ता बानो 15 वर्ष, शिफा बानो 13 वर्ष, सीबा 11 वर्ष की हैं। प्रार्थिनी को लड़का पैदा नहीं हुआ इसलिए

प्रार्थिनी को घर वाले प्रताणित करने लगे तथा वर्ष 2015 में प्रार्थिनी की सास साबिरा पत्नी मन्नी के उकसाने पर किसी अन्य लडकी को भगा कर मेरे पति द्वारा मुम्बई ले गया तब से प्रार्थिनी के सास साबिरा पत्नी मन्नी, महीउद्दीन पुत्र मन्नी, नसीबुद्दीन पुत्र मन्नी

सबरून्निशा पत्नी नसीबुद्दीन, सबरून्निशा पुत्री मन्नी विवाहित आपस में गोलबन्द हो कर प्रार्थिनी को तथा प्रार्थिनी के बच्चों को प्रताणित करते रहते हैं। प्रार्थिनी का पति तभी से कोई खर्चा नहीं दिया जबकि प्रार्थिनी का पति पूरे घर वालो के सम्पर्क में हैं। पूरे घर का खर्चा अपने माँ के खाते में डालता हैं। प्रार्थिनी इधर-उधर से भीख, चन्दा मांगकर अपना और अपने बेटियों का भरण-पोषण करने लगी। प्रार्थिनी अपनी बडी के लडकी के शादी के वास्ते मागङ्कजांचकर जेवर भी बनवाई थी। जो विपक्षीगण जबरन छीन लिए। प्रार्थिनी के देवर नसीबुद्दीन पुत्र मन्नी रात में शराब पीकर जब आता हैं प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी की बड़ी लडकी पर गन्दी नजर रखता हैं और भद्दी-भद्दी गाली देता हैं और रात-रात भर बैठना पडता हैं। प्रार्थनी को बाथरूम में नहीं जाने देते हैं और जब बाहर शौच के लिए जाती नसीबुद्दीन पुत्र मन्नी गलल नीयत से पीछा करता हैं जिससे शौच करने में भी दिक्कत होती हैं।

विगत 27 जून को दिन में लगभग 3 बजे विपक्षीगण पेट्रोल डालकर उक्त कमरे को जला दिया तथा मेरे बच्चो के उपर भी पेट्रोल डालकर जिन्दा जला देना चाहता था। परन्तु गाँव के लोगो द्वारा बीच बचाव करा बचा लिया गया। परन्तु घर में रखा बच्चो का कपड़ा, कापी, किताब, विस्तर, गेहूँ चावल तथा नगद 12 हजार रू0 एवं अन्य जरूरी सामान सभी जला दिया गया।

महीउद्दीन पुत्र मन्नी जो असलहे का व्यापारी हैं। वह पचपेडवा में असलहे के साथ पकड़ा गया था और 6 माह जेल भी काट कर आया हैं वह असलहे की नोक पर प्रार्थिनी का इज्जत लूटना चाहता था परन्तु शोर मचाने पर अलग-बगल के ग्रामीणों द्वारा बच आती थी। जब से घर जला बरसात भी हो रही हैं। उक्त जले घर को विपक्षीगण ताला लगा दिये हैं। घर में घुसने भी नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के घर बरामदे में बडी-बडी लडकियो को लेकर रात-रात भर बैठना पडता है।

# आगामी मोर्हरम त्यौहार को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन पुलिस ने बृहस्पतिवार को पुरे चौराहे पर पैदल रुट मार्च कर लोटन कस्ब में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने व्यापारियों से कहा कि आगामी मोर्हरम मुस्लिम समुदाय का त्यौहार है और यह त्यौहार दोनो समुदाय के लोग मनाते है और 11जुलाई को सावन का महिना लग जायेगा प्रशासन पुरी तरह सतर्क है की कोई भी व्यक्ति कही उपद्रव न करे पुलिस आपके साथ है। जो भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी।

गस्त के दौरान रोड पर खड़े वाहनों के स्वामी को भी बताया की रोड पर गाड़ी न खड़ा करें चौराहे पर जाम लगता है आने जाने वाले क्षेत्र वासियों को दिक्कत होती है। ठेले पर बेच रहे सब्जी और फल वालो को भी बताये की रोड छोड कर ही सब्जी व फल बेचे कहीं शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जायेगा ताजिया ले जाते समय रोड़ जाम नही करेंगे रोड़ छोड़ कर ही रखना और संदेश दिया यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फौरन पुलिस को दे पुलिस आप के साथ है ।

## डॉ सन्तराह सिंह बनाये गए बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उप जिलाधिकारी डा0 संतराज सिंह को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी का दायित्व सौंपा है।

गुरुवार को उप जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थिति एसओसी कार्यालय में चार्ज ग्रहण कर लिया है। संत राज सिंह अभी हाल ही में 30 जून को तहसीलदार से उप जिलाधिकारी के पद पर प्रमोशन प्राप्त किया है। डा0 संत राज सिंह प्रयागराज जनपद के रहने वाले हैं। यह इस जनपद में एक वर्ष दस माह से तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण कर चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने एसओसी कोर्ट का निरीक्षण भी किया। उप जिलाधिकारी ने बताया की कोर्ट में 784 मुकदमे विचाराधीन है जिसमें से 122 मुकदमे 5 साल के ऊपर हैं जो की बहुत बड़ी संख्या में इन्हे गुण दोष के आधार पर निस्तारित करना पहली प्राथमिकता होगी।

# कांग्रेस पार्टी का सृजन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सभासद शाहिद अली कुरैशी की अगुवाई में वार्ड राधाकुंड शहर गोंडा में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित की गई में शहर अध्यक्ष सभासद शाहिद अली कुरैशी ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज किए जाने का फैसला लिया है ये युवा छात्र और रोज़गार विरोधी फैसला है।

इस फैसले का गलत प्रभाव तमाम गांव और शहर के वार्डो पर सीधा पड़ेगा शिक्षा से गरीबों के बच्चों को दूर करने की नीति है।ये हम कांग्रेस जन इस फैसले का विरोध कर सरकार से इसे रद्द करने की मांग करते है विद्यालयों को बर्बाद कारण शराब दिवस मनाने वाले लोग देश के युवाओं छात्रों की



जिंदगी बर्बाद कर रही है।आज कांग्रेस पार्टी की नीतियों से देश की जनता प्रभावित है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्य काल में देश विकास की ओर तेजी से अग्रसर था लेकिन अब बेरोजगारी और महंगाई का बोल बाला है।

शहर उपाध्यक्ष वसीम सिद्दीकी शहज़ादे मेवाती ने अपने संबोधन में पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों के बारे में बताया साथ ही लोगों से कांग्रेस से जुड़ने का आहवान किया। अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष शमशाद अहमद तथा संचालन सैय्यद मुजीब मास्टर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक खरगेश चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष हाफिज महमूद शहर प्रवक्ता ज़रनील हयात युवा नेता सैफ़ सिद्दीकी सभासद अब्दुल सईद शहर उपाध्यक्ष हरिश्यम सोनी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वाजिद अली हरिराम वर्मा मुकेश सोनी दुर्गा प्रसाद मो मोईन मो आमिल मो अमन मो साहिल प्रद्युम्न शुक्ला राजेश राजू सेवादल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे है।

# दुकान की दीवाल तोड़कर चोरी करने के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**




**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक महोदय विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालिवाल के नेतृत्व में थाना छपिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0- 227/2025, धारा 331(4), 305(), 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित प्रकाश में आए आरोपी अभियुक्त 01. प्रवेश उर्फ रामप्रवेश सिंह को परसा उदयकर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 3 अदद मोबाइल फोन व 7650/- रूपये बरामद किया गया है।

वादी हरीश कुमार वर्मा पुत्र हृदयराम ग्राम मूड़ाडीहा पोस्ट परसातिवारी जनपद गोण्डा द्वारा थाना छपिया पर सूचना दी गई कि रात में अज्ञात चोरो द्वारा दुकान के नीचे की दिवाल तोड़कर अन्दर घुसकर मोबाइल फोन, फोन के एसेसरीज व अन्य कीमती समान चोरी किए गये । तहरीर के आधार पर थाना छपिया में मु0अ0स0- 227/2025, धारा 331(4), 305, 317(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 03.07.2025 को थाना छपिया पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए आरोपी अभियुक्त 01. प्रवेश उर्फ रामप्रवेश सिंह को परसा उदयकर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीके 03 अदद मोबाइल फोन व 7650 रूपये बरामद किया गया है।

# बरामद हुआ गहवारा ए अली असगर, लोगों ने लिया बोसा

**हजरत अली असगर की याद में देर रात तक चला नौहा मातम**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** छठवीं मुहर्रम पर बुधवार की रात 9ः00 बजे हल्लौर स्थित रौज़े अली असगर अस से निकले गहवारा ए अली असगर को देख हर आंखों से आंसू छलक पड़े। चारों तरफ या हुसैन, या हुसैन की सदाएं बुलंद होती रहीं। गमजदा लोगों ने हजरत अली असगर की याद में देर रात तक मातम किया।

गहवारा ए अली असग़र की शुरुआत रौजे पर मजलिस से हुई। जिसमें सबसे पहले मरसिया शाहिद आलम व उनके हमनवां ने पढ़ी। ततपश्चात मौलाना महफूज़ हुज्जत ने मजलिस को खिताब करते हुए वाकये कर्बला, मखसूस अली असगर की जिदगी पर रोशनी डाली। आखिर में उन्होंने जब छह महीने के अली असगर की शहादत को बयान किया, तो हर तरफ सिर्फ रोने की आवाजें बुलंद थी। मजलिस के बाद झूला असगर बरामद हुआ, जिसको बोसा लेने के लिए अकीदत मंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। फिर ताबूत के साथ के मातमी जुलूस निकला। जो रौज़े सकीना, इमामबाड़ा बाबुल बाबा, जन्नतुल बक़ी, दरगाह हजरत अब्बास होते हुए वक्फ शाह आलमगीर सानी बड़े इमाम बाड़े में आकर खत्म हुआ। जहां ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत अली असगर के मसाएब बयान किए।

जुलूस में जानशीन हैदर किसान, नायाब, रिंकू, कैसर अब्बास चंकी, शम्स हैदर, शमशाद, कायनात, अब्बास नज़र, मैक्स, तसकीन, शबाब, काज़िम रज़ा, शोज़फ़, नदीम, मनव्वर रज़ा, फ़ज़ल, अली, इरशाद रीनू, सज्जाद, सलीम, मंजू, बशीर हसन, रिज़वान, तनवीर, मंज़र, शकील गुड्डू, अकील मेराज, आबिद, अरमान आदि लोग मौजूद रहे।

## चनरैया सहकारी समिति पर किया गया यूरिया खाद का वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के चनरैया साधन सहकारी समिति पर बृहस्पतिवार को किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद आधार कार्ड लेकर पोस मशीन के द्वारा फिंगर लगाकर वितरण किया गया।

किसानों ने बताया की धान रोपाई का समय चल रहा है खाद की आवश्यकता थी हम लोगों ने पता किया तो सचिव दिपक कुमार सिंह ने बताया की युरिया खाद उपलब्ध है जिन भी किसानो को खाद लेना है आधार व खसरा खतौनी साथ लाकर ले सकते है। और सचिव दिपक कुमार सिंह ने बताया की किसानों को नैनो युरिया दे रहे लेकिन किसान लेने को तैयार नहीं है जब की युरिया जो बोरी मे आ रहा है उससे कही अच्छा नैनो युरिया का घोल है फिर भी किसान नैनो युरिया किसान लेने को तैयार नही है सरकार द्वारा काफी प्रचार प्रसार भी किया गया है ताकी नैनो युरिया के बारे मे जाने और अपने खेत डाले। मौजूद किसानों ने बताया की डी ए पी की भी हम किसानों को अवश्यकता है लेकिन डी ए पी साधन सहकारी समिति पर उपलब्ध नही है जब की बजार मे डी ए पी निर्धारित किमत से ज्यादा लेकर दुकानदार बेच रहे है अगर डी ए पी साधन सहकारी समिति पर मिलता तो हम किसानों को ज्यादा पैसा देकर दुकान से नही लेना पड़ता।

# निपुण योजना के अन्तर्गत शिक्षक दंपत्ति को जिला अधिकारी ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद की बहुप्रतीक्षित निपुण योजना के अन्तर्गत विकास क्षेत्र-बर्डपुर के इंडोनेपाल बॉर्डर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा में कार्यरत शिक्षक दंपत्ति जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार और उनकी पत्नी श्रीमती संगीता कन्नौजिया को बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचारी गतिविधियों हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र दिया गया। सम्मान समारोह के दौरान जोरदार तालियों के साथ अध्यापक दाम्पत्य का अभिवादन किया गया। जिलाधिकारी ने महेश कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किया। बताते चलें कि महेश कुमार अपने विद्यालय में गणित और विज्ञान विषय के साथ विभिन्न विषयों में विद्यालय के छात्रों को निपुण बनाने में सफल रहे हैं।

उनकी कार्य गतिविधियों को जिला अधिकारी महोदय के समक्ष पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया गया था जिसका चयन जूरी सदस्यों द्वारा किया गया और बुधवार देर सायं जिला अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। महेश कुमार ने अपने विद्यालय के कार्य दिवस के अलावा छुट्टियों में भी कार्य करते रहते हैं बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य विद्यालयों के नामांकन संख्या को बढ़ाने हेतु निरंतर नुक्कड़ नाटक और चौपाल लगाकर योग अभ्यास द्वारा जागरूक करते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय हरैया वनकटिया में हुआ नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत का कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्राथमिक विद्यालय हरैया वनकटिया विकास क्षेत्र मिठवल पर वृक्षारोपण, स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण एवं नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निलोत्तम चौबे (वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक) ने कहा कि वृक्षारोपण का बहुत महत्व है, यह पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए आवश्यक है। वृक्षारोपण से वायु शुद्ध होती है, जलवायु परिवर्तन कम होता है, मिट्टी का कटाव रुकता है, और वन्यजीवों को आवास मिलता है। स्कूल चलो अभियान के बारे में चर्चा करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कमला प्रसाद (खंड शिक्षा अधिकारी जोगिया) एवं रामकुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ ने कहा कि अप्रैल 2023 में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य समुदायों को संगठित करना, जागरूकता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेंद्र पाल ने विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों का स्वागत का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना, उन्हें सहज महसूस कराना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। इसके साथ ही, यह कार्यक्रम समुदाय को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने और बच्चों को स्कूल से जोड़ने में भी मदद करता है। खंड शिक्षा अधिकारी खेसरहा नीरज सिंह ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण का उद्देश्य अंततः रोगज़नक़ के संचरण को रोकना है, ताकि कोई भी नया व्यक्ति संक्रमित न हो और उसे रोग विकसित होने का खतरा न हो ।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सीमा देवी एवं समाजसेवी विजय बहादुर अंबेडकर ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में तिलक इंटर कॉलेज बांसी के प्रधानाचार्य डा. धर्मेंद्र मिश्र, रमेश चंद्र मिश्र, संजय कनौजिया, क्रांति कुमार, महेश धर द्विवेदी, दिलीप चौधरी, विनोद चौधरी, शत्रुंजय मिश्र, शैलेश श्रीवास्तव, रामविलास चौधरी, जयप्रकाश सिंह, शैलेंद्र कुमार शर्मा, चक्रधारी, जुबेर अहमद, कामना शर्मा, तौकीर अहमद सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें।

## मेडिकल कालेज मे मनाया जा रहा वृक्षारोपण महा अभियान

**अम्बेडकरनगर।** मेडिकल कॉलेज में मनाया जा रहा वृक्षारोपण महाअभियान 2025 हाँ , यह सच है कि एक पौधा एक शिशु के समान होता है। पौधों और शिशुओं के बीच समानताएं दर्शाती हैं कि प्रकृति में सभी जीवित चीजें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं और सभी को फलने-फूलने के लिए समान देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

उपरोक बातों को चरितार्थ करते हुए महामाया राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय , वन महोत्सव सप्ताह में एक से सात जुलाई के बीच आब्स एंड गायनी विभाग में जन्म लेने वाले सभी बच्चों को एक पौधा प्रधान कर रहा है। उक्त के क्रम में पहला पौधा और एक ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट रामपुर कला टांडा की संजुलता को दिया गया जिनको एक जुलाई को सामान्य प्रसव के द्वारा पुत्री को जन्म दिया। उनको यह प्रमाण पत्र और पौधा प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव और जच्चा बच्चा विभाग की हेड डा हिना सईदा ने प्रदान किया किया।

# बेस्ट प्रैक्टिसेज वाले जिले के आठ विद्यालयों को डीएम ने किया सम्मानित



**निपुण जनपद की संकल्पना को साकार करने की दिशा में किया सराहनीय कार्य**

**सिद्धार्थनगर।** निपुण जनपद की संकल्पना को साकार करने की दिशा में जिलाधिकारी के प्रेरक नवाचारी पहल; बेस्ट प्रैक्टिसेज वाले विद्यालयों के सम्मान कार्यक्रम के क्रम में आज में बुधवार को देर शाम प्रा.वि. महुआ खुर्द, ब्लॉक-डुमरियागंज, प्रा.वि. पिछौरा, ब्लॉक-बर्डपुर, प्रा.वि.सिसवा बुजुर्ग, ब्लॉक-बढ़नी, 4.प्रा.वि. सोनबरसा, ब्लॉक-इटवा, उ.प्रा.वि. जोगिया, ब्लॉक-जोगिया, उ.प्रा.वि. बूड़ा,ब्लॉक-बर्डपुर उ.प्रा. वि. विस्कोहर, ब्लॉक-भनवापुर व उ.प्रा.वि. सुपौली, ब्लॉक-खेसरहा के विद्यालयों को सम्मानित किया गया। विद्यालयों के समस्त शिक्षण स्टाफ को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इन विद्यालयों द्वारा शैक्षणिक नवाचारों के बेहतर क्रियान्वयन से सम्बंधित बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रेजेंटेशन विगत माह की विभागीय बैठक तिथियों में किया गया था।

## ये क्या हो रहा है

अखबार पढ़िये न्यूज चैनल देखिये बालत्कार/लूटपाट, धोखाघड़ी, हत्या आदि की खबरे भरी और रहती है, हर रोज की बात है। क्या सामाजिक माहौल इतना बिगड़ गया है, हेन्ड फोन इसमें बढ़ावा देते दिखते है। कोलकता से खराब खबरे आती रहती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केन्द्र सरकार से अपना विरोध जारी करती रहती है।

अभी कोलकता गैगं रेप का मामला सामने आया है। छात्रा का अरोप है 25 जून को गार्ड के रूम में गैगं रेप किया था, गार्ड ने कोई मदद नही की थी। गैगं रेप के मामले में पांच सदस्यीय सिट का गठन किया गया है। रेप के आरोपित का टीएमसी से सम्बन्ध रहा है। टीएमसी कह रही है अगर वह दोषी है तो उसे सजा दी जाये। विरोध में भाजपा ने जुलूस निकाला तो पुलिस ने कुछ लोगो को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चार गिरफ्तारियां हो चुकी है। गार्ड से पूछा गया कि किसके कहने पर अपराध होने दिया रोका नहीं। उसका जवाब साफ नहीं उलझा हुआ है। गतिविधियां सीसीटीवी फुटेज में कैद है। जिसमें गार्ड वहां मौजूद दिख रहा है। गार्ड को बताना होगा क्यों और किसके कहने पर अपना रूम छोड कर चला गया था। गार्ड के न बताने से लगता है वह भी अपराध में समलिप्त था। फिलहाल कालेज पुलिस छावनी बन गया है। गार्ड का युनियन रूम सीलकर दिया गया है उसी रूम में वारदात को अन्जाम दिया गया था।

एनसीडब्लू के मुख्य सचिव ने बंगाल को मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। आयोग ने राज्य सरकार और पुलिस से त्वरित ऐक्शन की मांग की है। इस मामले में महिला संगठन और स्वयंम् सेवी संस्थाओं को सामने आना चाहिये। कुछ स्वमंसेवी संस्थाओं की महिलाओं के वेलफेयर के लिये सरकारी मदद भी भी मिलती रहती है। पर स्वयंसेवी संस्थायें फन्डो के गुणाभाग में ज्यादा दिलचस्पी लेती दिखती है। हम कैसा समाज बना रहे है हमारे नौनिहालों को कैसा समाज मिलेगा। मोदी और योगी के आने से देश के काम के साथ धार्मिक कार्यो को भी अच्छा प्राश्रय मिल रहा है। कुछ नये मन्दिर बन रहे है वो कुछ का जीर्णोद्वार हो रहा है। पर उत्सव के साथ सब मन जाता है कि लोग दुनियांदारी में फंस तरह तरह के हथकन्डे दिखाते रहते है। धार्मिक क्रियाकलापों का समाज में कोई असर नहीं दिख रहा है जिससे दिखे कि नौनिहालों के लिये प्रेरणादायक समाज बन रहा है। जैसे शमशान घाट पर जाने पर लोकपरलोक यह जीवन, धर्म, आस्था की बातें और नेक बनने की इच्छा जागृत हो जाती है पर वहां से आते ही उसी पुराने धन्धों में लिप्त हो जाते है जिन्हें करने की शमशान पर इच्छा जागृत हुई थी।

रेप होने पर पीड़ित परिवार से मिलना जुलना कुछ भौतिक मदद देने का कार्यक्रम होता है फिर अपने पुराने रंग में सब रंग जाते है। स्कूलों में जम्बा नृत्य सिखाया जा रहा है उसकी जगह विवेकानन्द महार्षिदयानन्द के सूक्तियां और विचार बताना ज्यादा दो हितकर होगा। समाज और विद्यार्थियों के लिये।

**देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्?पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।**

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है। हम अक्सर कहते हैं सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए। आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है ङ्कऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूँ। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।



अन्नपूर्णा देवी



इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्?पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है।

10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है। पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है।

## जब स्कूल मर्ज हो रहे हों, तब गाँव का सपना कहाँ जिए?

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि एक सपना है जो हर गाँव के आँगन से शुरू होता है। गाँव का स्कूल बंद होगा तो वो बच्चा कहीं और नहीं जाएगा। वह गाँव के आँगन में मवेशी चरा लेगा, किसी खेत में मज़दूरी कर लेगा, पर बहुत दूर जाकर पढ़ेगा नहीं। जी हाँ, गाँव में स्कूल इसलिए बनाए गए थे कि गाँव की समस्याओं में भी कोई सपना ज़िंदा रहे। गांव से पढ़कर बच्चा कलेक्टर, वकील बन सके लेकिन आज वो सपना बुझ रहा है।



संतोष यादव

डॉ. राम मनोहर लोहिया कहते थे कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब गाँव का किसान, गरीब और मजदूर का बच्चा भी उसे पा सके। जब तक शिक्षा गाँव के बच्चे को उसकी भाषा में, उसके हालात के अनुसार नहीं दी जाएगी, तब तक समानता एक सपना ही रहेगी।

आज भी अम्बेडकर नगर के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ शिक्षा का उजाला पूरी तरह नहीं पहुँच पाया है। गाँवों में प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति चिंताजनक है - कहीं भवन अधूरे हैं, तो कहीं शिक्षक ही नहीं हैं। कई जगहों पर एक ही शिक्षक को दो-दो विद्यालयों की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है। ऐसे में हम कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि गाँव का बच्चा भी पढ़-लिखकर एक बेहतर भविष्य बना पाएगा?

लोहिया जी कहते थे कि किसान और मजदूर देश की रीढ़ हैं। इनके बच्चों को अगर अच्छी शिक्षा मिलेगी, तभी देश मजबूत होगा। वे चाहते थे कि सरकार गाँवों में स्कूल, शिक्षक, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाए ताकि गरीब किसान और मजदूर का बच्चा भी डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक बन सके।


शिक्षा बच्चों का हक़ है, लेकिन ज़मीनी सच्चाई इसके उलट है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की नींव होती है। लेकिन जब बच्चों को न बैठने की जगह हो, न किताबें, न शिक्षक- तो शिक्षा का अधिकार केवल कागज़ों पर ही रह जाता है। कई विद्यालय ऐसे हैं जहाँ न शौचालय की सुविधा है, न पीने का पानी, और न ही बिजली। आज जनसंख्या बढ़ी है, पर विद्यालय मर्ज हो रहे हैं- जबकि इनकी स्थापना कभी जनसंख्या की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी, न कि केवल छात्रों की गिनती पर। आज भी कई गाँव ऐसे हैं जहाँ हजारों की आबादी में केवल एक ही प्राथमिक विद्यालय है – वह भी खंडहर जैसा, बिना बाउंड्री और बिना सुविधा। ऐसी स्थिति में अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं।

लोहिया जी कहते थे कि दिल्ली से शिक्षा नहीं चलेगी, गाँवों से चलेगी। वे शिक्षा के विकेंद्रीकरण के पक्षधर थे। वे चाहते थे कि ग्राम पंचायतें और स्थानीय निकाय शिक्षा व्यवस्था को अपने स्तर पर मजबूत बनाएं। शिक्षा के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बाल श्रम, बाल विवाह और अपराध की ओर बढ़ जाते हैं। बेटियाँ कम उम्र में स्कूल छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। इससे न केवल सामाजिक असमानता बढ़ती है बल्कि जिले का समग्र विकास भी बाधित होता है।

अगर हम आज विद्यालय मर्ज करते जायेंगे और शिक्षा की नींव गाँवों में नहीं रखेंगे, तो आने वाला कल गाँव और गरीब के लिए और कठिन होगा। अम्बेडकर नगर जैसे जिले, जहाँ युवा शक्ति प्रचुर है, अगर सही शिक्षा से जोड़ दिए जाएँ तो यह जिला पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बन सकता है।

हजारों रंज हों, लाख दर्द सहन रहे,
ख़याल पस्त न हो, हौसला बुलंद रहे!

सरकार और समाज को यह समझना होगा कि जब तक गाँव का बच्चा स्कूल नहीं जाएगा, तब तक देश का भविष्य अधूरा रहेगा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत

**मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते है। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है वो है डिप्रेशन।**

आजकल सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना...बुरी लत की कैटेगरी में सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता। छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है। इंफ्लुएंसर मार्केटिंग फर्म कोफ्लुएंस 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में रोजाना औसतन 4 घंटे 40 मिनट सोशल मीडिया पर यूजर्स समय बिताते हैं और इंस्टाग्राम पर एक आम यूजर दिन में 20 बार आता है।



डॉ. आशीष वशिष्ठ

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानी कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते है। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है।



यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है। दरअसल, 'अटेंशन स्पैन' वह समय है, जितनी देर कोई शख्स बिना भटकाव किसी भी काम में ध्यान लगा पाता है। सामान्य स्थिति में अटेंशन स्पैन 12-15 सेकंड होता है, लेकिन हर दिन 4-5 घंटे शॉर्ट वीडियोज देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन घटकर 5 सेकेंड ही रह जाता है। कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है। उनका व्यवहार बदल रहा है। वे अपनी उम्र के बच्चों के साथ बाहर जाकर खेलना या साइकिल चलाना जैसी गतिविधियां भी नहीं करते हैं।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं. जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है। चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में नेगेटिव तरीके से दखल देने लगता है।

साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। इस मानसिक स्थिति के लिए ब्रेन रॉट शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह शब्द वर्चुअल लाइफ के खतरों को जाहिर करता है, जिसके बारे में ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस के अध्यक्ष कैस्पर ग्राथवोहल ने बताया था। जेन जी (1997-2012 में जन्मे) और जेन अल्फा (2013 के बाद जन्मे) के लिए तो रील से फील अब खतरे की घंटी ही बनती जा रही है। वह उनके मानसिक विकास को बाधित कर रहा है। उनके दिमाग में सूचनाओं का ऐसा कीचड़ भर गया है, जिसे बाहर निकाल पाना असंभव सा लग रहा है। रील से फील पाने के चक्कर में युवा इंसोम्निया, स्लीप डिसऑर्डर, एंग्जाइटी और स्ट्रेस से पीड़ित होते जा रहे हैं। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है। रील्स की वजह से बच्चे का ब्रेन सोने और जागने के टाइम में फर्क नहीं कर पा रहा। लोग रील्स की वजह से टाइम मैनेजमेंट नहीं कर पा रहे हैं, यह उनके दूसरे कामों पर भी नकारात्मक असर डाल रहा है। एक ही पोजिशन में कई घंटे बैठे और लेटे हुए रील्स को देखते रहना यानी यह पॉश्चर से जुड़ी समस्याएं खड़ी कर रहा है। लोगों की गर्दन टेढ़ी हो रही हैं। उनके अंगूठे में टेढ़ापन, दर्द, जॉइंट ब्रेक जैसी समस्याएं भी आम हो रही हैं।फोन पर रील्स देखने का आंखों पर गंभीर असर हो रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, लंबे समय तक टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर स्क्रीन या रील्स देखने से धुंधली दृष्टि, ड्राइ आई सिंड्रोम, मायोपिया (नजर कमजोर होना) में जलन और भेंगापन जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। इससे बच्चों और युवाओं में डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या बढ़ रही है। एक शोध के मुताबिक 2050 तक दुनिया की 50 फीसदी आबादी मायोपिया से पीड़ित हो सकती है।

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बिछने लगी बिसात

**महागठबंधन के चेहरे के तौर पर तेजस्वी के नाम का ऐलान नहीं हो पाने से उनका मामला अटक गया है। इस बीच तेजस्वी यादव दो तरफा सियासी चुनौतियों से घिरे हुए हैं। एक तरफ एनडीए के निशाने पर तेजस्वी हैं, तो दूसरी तरफ असदुद्दीन ओवैसी से लेकर प्रशांत किशोर से भी उन्हें दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने भी तेजस्वी यादव की सियासी टेंशन बढ़ा रखी है। ऐसे में सवाल उठता है कि ओवैसी से लेकर पीके तक के सियासी चक्रव्यूह को तेजस्वी यादव कैसे तोड़ पाएंगे?**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगी है। नवंबर से पहले चुनाव होना तय है। इसी बीच एक ओपिनियन पोल आया है। जिसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पोल ट्रैकर के सर्वे मुताबिक इस बार इंडिया गठबंधन एनडीए से आगे निकल सकता है। सर्वे के मुताबिक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव सीएम फेस के लिए पहली पसंद बताए जा रहे हैं। तेजस्वी के पक्ष में 43 फीसदी लोगों ने मत दिया है। सत्ता पर काबिज नीतीश कुमार दूसरे पायदान पर हैं। 31 फीसदी लोग नीतीश कुमार को पसंद करते हैं। जनसुराज के संयोजक प्रशांत किशोर तीसरे नंबर पर हैं।



राजेश माहेश्वरी

राजद नेता तेजस्वी लगातार सामाजिक व आर्थिक न्याय की बात कर रहे हैं। वह ओबीसी कुनबा बढ़ाने में जुटे हैं। तेजस्वी यादव बिहार में सीएम नीतीश के सोशल कॉम्बिनेशन को साधने में जुट गए हैं। नीतीश के लव कुश समीकरण को तोड़ने के लिए राजद ने औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा को लोकसभा में राजद संसदीय दल का नेता घोषित किया है। इसी तरह वह कुर्मी समुदाय में भी पैठ बना रहे हैं। सर्वे की रपट के बावजूद, तेजस्वी यादव की सत्ता में वापसी की राह में कई चुनौतियां हैं। चुनाव में एक साथ उतरने को तैयार महागठबंधन के घटक दलों ने एक-दूसरे की पसंदीदा सीटों की सूची देखने भर के लिए तो सहमति बनी, लेकिन महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को सीएम कैंडिडेट बनाने पर सहमति नहीं दी है। महागठबंधन के नेताओं ने तय किया कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन जनता के बीच जाने के लिए एक कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन करेगा।




तेजस्वी यादव को इस कॉर्डिनेशन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। भले ही तेजस्वी को कॉर्डिनेशन कमेटी की कमान दे दी गई, लेकिन महागठबंधन के चेहरे के तौर पर तेजस्वी के नाम का ऐलान नहीं हो पाने से उनका मामला अटक गया है। इस बीच तेजस्वी यादव दो तरफा सियासी चुनौतियों से घिरे हुए हैं। एक तरफ एनडीए के निशाने पर तेजस्वी हैं, तो दूसरी तरफ असदुद्दीन ओवैसी से लेकर प्रशांत किशोर से भी उन्हें दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने भी तेजस्वी यादव की सियासी टेंशन बढ़ा रखी है। ऐसे में सवाल उठता है कि ओवैसी से लेकर पीके तक के सियासी चक्रव्यूह को तेजस्वी यादव कैसे तोड़ पाएंगे?

तेजस्वी यादव बिहार की सियासत में खुद को स्थापित करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। लेकिन उनकी राह में कई सियासी बाधाएं है। ओवैसी से लेकर पीके तक के सवाल तेजस्वी यादव के लिए चुभने वाले हैं। ऐसे में आरजेडी के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। इन बढ़ती सियासी पेचीदगियों के बीच विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के सरकारी आवास पर महागठबंधन के घटक दलों की हुई बैठक हुई। इसमें सभी सहयोगी दल न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सदन से सड़क तक साझा संघर्ष करने को सहमत हुए। लालू यादव और तेजस्वी यादव को उम्मीद थी कि महागठबंधन की इस बैठक में तेजस्वी को मुख्यमंत्री फेस के रूप में भी सहमति मिल जाएगी। लेकिन गठबंधन के नेताओं ने इस मुद्दे पर विचार-मंथन करने की जरूरत ही नहीं समझी। अब तेजस्वी यादव की उम्मीद पांच जुलाई को संभावित अगली बैठक से है।

बिहार विधानसभा चुनाव की सियासी तपिश बढ़ने के साथ ही राजनीतिक एजेंडा सेट किए जाने लगे हैं। बिहार में एनडीए की अगुवाई कर रहे नीतीश कुमार सत्ता में बने रहने के समीकरणों को फिर से अपनी ओर मोड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी यादव के लिए इस बार मुस्लिम और दलित वोट बैंक को साधना और पार्टी के भीतर मतभेदों को सुलझाना बहुत मुश्किल भरा होता जा रहा है। इसके अलावा बिहार की सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए तेजस्वी के लिए सबसे बड़ी चुनौती एनडीए है। नीतीश कुमार के अगुवाई वाले एनडीए में जेडीयू, बीजेपी, एलजेपी, जीतन राम मांझी की एचएएम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी और कई मजबूत और जनाधार वाले नेता शामिल हैं। इस तरह एनडीए एक मजबूत गठबंधन और समीकरण के सहारे तेजस्वी यादव के अगुवाई वाले आरजेडी को घेर रखा है। बिहार का चुनावी मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस सहित वामपंथी दल भी शामिल हैं, लेकिन एनडीए के निशाने पर तेजस्वी यादव हैं।

मुस्लिम सियासत का आक्रामक चेहरा माने जाने वाले असदुद्दीन ओवैसी बिहार में पूरे दमखम के साथ चुनाव में उतरने की तैयारी की है। इसकी झलक दिल्ली चुनाव में ही दिख गई थी। दिल्ली में जिस तरह से ओवैसी के टारगेट पर केजरीवाल रहे हैं, उसी तरह से बिहार में उनके निशाने पर तेजस्वी यादव रहते हैं। मुस्लिम बहुल वाले सीमांचल में ओवैसी ने 2020 के चुनाव में पांच सीटें जीतकर तेजस्वी यादव के सत्ता में वापसी करने की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया था। मुस्लिम दबदबे वाले सीमांचल के इलाके की सीटों पर ओवैसी का सियासी आधार है और बिहार में मुस्लिम वोट आरजेडी का परंपरागत रहा है, लेकिन एआईएमआईएम के चलते तेजस्वी यादव का गेम गड़बड़ाता हुआ नजर आ रहा है। बिहार के विधानसभा उपचुनावों में भी ओवैसी अपनी उपस्थिति से आरजेडी का खेल गोपालगंज सीट पर बिगाड़ चुके हैं। इस बार के चुनाव में दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर ओवैसी ने महागठबंधन के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी की है, जिसमें ज्यादातर मुस्लिम कैंडिडेट होंगे। मुस्लिम प्रत्याशी के उतारने से सबसे ज्यादा चुनौती आरजेडी की बढ़ने वाली है। ओवैसी के चुनाव मैदान में पूरे दमखम से उतरने से इस बात की संभावना बन रही है कि तेजस्वी यादव के समीकरण बिगड़ सकते हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को साल 2020 के विधानसभा चुनाव में 23.11 फीसदी वोट मिले, जबकि साल 2015 में राजद को 18.35 फीसदी वोट मिले थे। जबकि, भाजपा और जदयू का वोट शेयर घटा था। भाजपा को 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया।

# यूपी कैबिनेट : हर साल प्रदेश के एक लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



■ जुड़ेंगे आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, मिशन को चलाएंगी पांच प्रमुख इकाइयां

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। इस मिशन का उद्देश्य सीधे राज्य सरकार के माध्यम से न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नौकरी के अवसर दिलाना है। मिशन के गठन के बाद हर वर्ष एक लाख युवाओं को देश और 30 हजार को विदेशों में रोजगार दिलाया जाएगा।

कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। अनिल राजभर ने बताया कि अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार के लिए भेजा जा सकेगा। वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा।

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी। जिसमें शासी परिषद, राज्य संचालन समिति, राज्य कार्यकारिणी समिति, राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) और जिला कार्यकारिणी समिति होगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। लगभग 50 किलोमीटर (49.96 किमी) लंबे छह लेन के इस एक्सप्रेसवे को बाद में आठ लेन किया जा सकेगा। इस बनाने में 4776 करोड़ का खर्च अनुमानित है। मंत्रिपरिषद का यह निर्णय प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का ग्रिड विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## माया टीला प्रकरण कांड के मुख्य आरोपी सुनील चैन पर लगाई रासुका

**मथुरा।** महानगर के माया टीला प्रकरण मामले में जिला प्रशासन ने मुख्य आरोपी सुनील चैन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत रासुका लगाने की कार्रवाई कर दी है। आज जिला जज की अदालत में सुनील चैन की जमानत याचिका पर निर्णय आना था उससे पूर्व ही प्रशासन ने उस पर एनएससी की कार्रवाई करके जेल से बाहर आने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि माया टीला धसने से तीन निर्दोष लोगों की जान गई थी । उस घटना के कारण समुचित मथुरा जनपद में आम नागरिकों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया था जिसके चलते अभियुक्त सुनील चैन पर रासुका लगाने की कार्रवाई की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार रासुका लगाने की कार्रवाई की सूचना न्यायालय और जेल प्रशासन को दे दी गई है। प्रशासन की इस कठोर कार्रवाई से कान्हा की नगरी में अनैतिक कार्य करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# प्राथमिक विद्यालय बंद करने पर जताया विरोध

## आजाद समाज पार्टी ने प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा

अवधनामा संवाददाता



■ कौशाम्बी और प्रयागराज की घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग

**ललितपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एड.चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार के फैसलों और हालिया दलित उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में तीन प्रमुख माँगें की गईं।

**प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना संविधान और आरटीई का उल्लंघन :** ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय कर बंद किया जाना न केवल संविधान के अनुच्छेद 21-ए (शिक्षा का अधिकार) बल्कि अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों के शैक्षिक व आर्थिक हितों की सुरक्षा) का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पार्टी ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

ज्ञापन में जनपद कौशाम्बी के सैनी थाना क्षेत्र के लोंहदा गांव में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना और प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में एक दलित युवक को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना को अत्यंत निंदनीय और मानवाधिकारों का हनन बताया गया है। पार्टी ने इन घटनाओं में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### प्रदर्शन के दौरान हिंसा व निर्दोषों की गिरफ्तारी पर भी नाराजगी

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 29 जून 2025 को करछना क्षेत्र में पीड़ित परिवार व स्थानीय लोगों के साथ पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, पथराव और वाहन जलाने की कार्यवाही की गई, जिसमें दलित युवक सुनील कुमार गौतम की मौत हो गई। पार्टी ने इस घटना की भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए निर्दोष गिरफ्तार युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है।

## पांच हजार प्राइमरी स्कूल बंद करने के फैसले पर कांग्रेस का तीखा विरोध

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के उस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें लगभग पांच हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर वहां पढने् वाले छात्र-छात्राओं, विशेष रूप से गरीब किसानों के बच्चों को अन्य स्कूलों में विलय करने की योजना है। कांग्रेस ने इसे बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन और शिक्षा के खिलाफ एक खतरनाक कदम करार दिया है। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक का कहना है कि इस नीति से बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और कई बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी ने मांग की है कि सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी पढ़ें, सभी बढ़ें की नीति पर अमल करे और स्कूलों को बंद करने का फैसला तत्काल वापस ले। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# हत्या की गुत्थी में उलझा मामला

अवधनामा संवाददाता

■ भाई की मौत पर न्याय की गुहार, आत्मदाह की चेतावनी

**ललितपुर।** जनपद के महरौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैदपुर निवासी प्रतिपाल सिंह ने अपने भाई की हत्या को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिपाल सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई राजेन्द्र उर्फ राजू को 26 जून 2025 को शाम लगभग 5 बजे गांव का ही एक व्यक्ति व दूसरा ग्राम नारायणपुर निवासी व्यक्ति जबरन घर से ले गए। मृतक की पत्नी के विरोध के बावजूद दोनों आरोपी उसे खेत पर बतर देखने के बहाने से शराब की दुकान होते हुए ले गए। प्रतिपाल के अनुसार, शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में इनकी उपस्थिति दर्ज हुई है। मूल रूप से यह आरोप लगाया गया है कि खेत पर ले जाकर राजेन्द्र की निर्मम हत्या कर दी गई और शव को रामपुर मौजा के चिरोल गांव में एक पेड़ पर लटका दिया गया, जिससे आत्महत्या का भ्रम फैलाया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों में करौंदा गांव निवासी मूसा खां के पिता याकूब ने तीनों को मोटरसाइकिल पर जाते देखा था। अगले दिन सुबह मूसा खां ने ही फोन पर राजेन्द्र के परिजनों को सूचना दी कि उनका भाई एक पेड़ से लटका हुआ है। पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद उन्होंने 29 जून को महरौनी थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ दिया गया, और हत्या जैसे गंभीर अपराध में भी उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित प्रतिपाल सिंह ने बताया कि मृतक राजेन्द्र अपने तीन बच्चों (दो पुत्र, एक पुत्री) के जीवनयापन का एकमात्र सहारा था। अब पूरे परिवार का कोई सहारा नहीं है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और परिवार को न्याय दिलाया जाए।

## सड़क मरम्मत न होने से जल निगम की ट्राली फंसी

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के जुगपुरा मोहल्ले में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क मरम्मत न कराए जाने से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब सरकारी वाहन भी कीचड़ में फंस रहे हैं। बीते दिन जल निगम की एक ट्राली जो पाइप लोड कर लाई जा रही थी, कीचड़ भरी सड़क में बुरी तरह फंस गई। ट्राली के फंसने से स्थानीय आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इससे न केवल सरकारी कार्य प्रभावित हुआ बल्कि आमजन को भी बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की हालत और भी बदतर हो गई है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। लापरवाही और शिथिल कार्यप्रणाली के कारण लोग रोजाना कीचड़ और गंदगी से होकर निकलने को मजबूर हैं।

# स्वास्थ्य नायकों के तबादले के विरोध में नाराजगी, पार्षदों में उबाल

अवधनामा संवाददाता



■ मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ललितपुर के वार्ड-26 सहित संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य नायकों के तबादले को लेकर पार्षदों और नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी है। पार्षदों के नेतृत्व में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत 26 स्वास्थ्य नायक अपने-अपने वार्डों में पार्षदों के सहयोग से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे। न तो किसी पार्षद ने शिकायत की और न ही कोई अव्यवस्था थी। इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी ने बिना विचार-विमर्श के एकतरफा आदेश जारी कर सभी स्वास्थ्य नायकों का वार्ड बदल दिया, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

**बारिश में और बिगड़ी हालत :** ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जबकि नए स्वास्थ्य नायक अपने वार्ड के क्षेत्र, गलियों और जरूरतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इससे ना केवल काम में देरी हो रही है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी जैसे ज़रूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### संविदा सफाईकर्मी को पदोन्नति पर उठे सवाल

पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के एक संविदा सफाईकर्मी को मनमाने ढंग से स्वास्थ्य नायक के पद पर पदोन्नत कर दिया, जो कि पूरी तरह अनुचित और जांच योग्य मामला है। इस पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पहचान के लिए कपड़े उतरवाना आपराधिक कृत्य

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** भाकपा (माले) ने कुछ भगवा संगठनों द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली खानपान की दुकानों के मालिकों-कर्मचारियों की धार्मिक पहचान उजागर करने के लिए कपड़े उतरवाने को आपराधिक, विभाजनकारी और शर्मनाक बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों से आ रही खबरें चिंताजनक हैं। बिना सरकार की शह के यह संभव नहीं है। कानून व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों की चुप्पी बताती है कि ऐसा करने वालों को मौन समर्थन है। एक तरफ स्वघोषित गौरक्षकों के गिरोह मुस्लिम कारोबारियों की बर्बर पिटाई करते हैं, जैसा कि अलीगढ़ में हाल में हुआ, दूसरी तरफ भगवा संगठन मुस्लिमों को कपड़े उतारने के लिए विवश करते हैं। यह भाजपा सरकार की नफरत की राजनीति का परिणाम है, जिसमें अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता है।

### जिलाधिकारी ने किया महोलिया ड्रेन का निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** नगर की जल निकासी व्यवस्था को निर्बाध बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने अन्य अधिकारियों के साथ महोलिया ड्रेन का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पेनी पुरवा में जल प्रवाह को देखा। उन्होंने कहा कि नाले से कचरे की सफाई करायी जाये। नाले की गाद निकालने का कार्य कराया जाये। इसके बाद उन्होंने धियर महोलिया के पोखर को देखा और पोखर की सफाई कर जल निकासी को निर्बाध बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने सीतापुर रोड पर अमर नगर कॉलोनी के पास नाले को देखा। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों में नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाये। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह, अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उड़िया समाज ने दी जगन्नाथ प्रभु की लीलाओं की प्रस्तुति

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी नगर में बुधवार की शाम उड़िया समाज द्वारा मथुरा रिफाइनरी के कम्युनिटी सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान जगन्नाथ की लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें मथुरा रिफाइनरी नगर वासियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। भगवान जगन्नाथ की लीला मंचन देखकर नगर वासी काफी उत्साहित दिखे, जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ मथुरा रिफाइनरी नगर का कम्युनिटी सेंटर गुंजायमान हो उठा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित आईओसीयंस व एमआरियंस ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रतिभा को देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए।

### शासन के आदेश पर स्कूली बसों पर हुई कार्रवाई से हड़कंप

**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि परिवहन आयुक्त, उप्र, लखनऊ द्वारा दिनांक- 1 से 5 जुलाई तक कि स्कूली वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में आज 03 जुलाई को श्री राजेश राजपूत, वरि0 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मथुरा द्वारा अभियान चलाते हुए 08 चालान तथा 03 स्कूली वाहनों को बंद किया गया, जिसमें 01 वाहन अंपजीकृत तथा बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे थे।

# जन सुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों को मिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना। आज जन सुनवाई के दौरान कुल 82 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 02 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 136 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके साथ ही अब तक 7 नये अंत्योदय कार्ड व 20 पात्र गृहस्थी कार्ड बनाये जा चुके हैं। 10 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन दिलायी गयी है। निराश्रित महिला पेंशन से सम्बंधित 29 लोगों की समस्याओं को दूर कराया गया है। 13 बच्चों को बाल सेवा योजना व 32 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया है। 31 नये लोगों को वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित किया गया है। 11 नये लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया है। 1 दिव्यांग व्यक्ति को दुकान निर्माण योजना व 6 दिव्यांगों को दुकान संचालन योजना से लाभान्वित किया गया है। उप जिलाधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि पैमाइश, बटवारा व वरासत आदि के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी जन्म प्रमाण पत्र से सम्बंधित आर्डर जारी करने में देरी न करें। सोनी नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, के बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया गया। एक दृष्टिबाधित महिला को अंत्योदय कार्ड बनवाया गया। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी बनवाया गया तथा दिव्यांग पेंशन का लाभ भी दिलाया गया। एक दिव्यांग महिला गीता देवी ने जन सुनवाई के दौरान बताया कि उनके पति भी दिव्यांग हैं।

## मां के नाम पर लगाए गए पौधे हमारी संवेदनाओं का प्रतीक : डा. प्रवीण

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा प्रेरित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत क्रय-विक्रय सहकारी समिति परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उ.प्र.राज्य निर्माण सहकारी संघ निदेशक डा.प्रवीण सिंह जादौन ने समिति का भ्रमण कर सचिव से व्यवसाय की जानकारी प्राप्त कर समिति परिसर में पौधारोपण किया गया। डा.जादौन ने कहा कि मां के नाम पर लगाए गए ये पौधे हमारी संस्कृति और संवेदनाओं का प्रतीक हैं। हर नागरिक को इस अभियान से जुड़कर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वच्छ पर्यावरण दे सकें। कार्यक्रम में सहकारी विकास फेडरेशन ललितपुर-झांसी की अध्यक्ष बसंती लारिया ने पौधारोपण को जीवनदायिनी परंपरा बताया। कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों के लिए आशा और सुरक्षा का भी प्रतीक हैं।

# कचहरी के ब्लाक सी में छत से चैम्बरों में घुस रहा बारिश का पानी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कचहरी परिसर स्थित ब्लॉक सी भवन की छत की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर जिला बार एसोशियेशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि कचहरी परिसर में स्थित ब्लॉक-सी भवन की छत का निर्माण कार्य प्रारंभ से ही अधूरा है। निर्माण के समय छत पर प्लास्टर नहीं किया गया, जिसके कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में छत पर जलभराव हो जाता है और पानी रिसकर अधिवक्ताओं के चौंबरों में प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति के कारण चैम्बरों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें एवं पुस्तकें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा अधिवक्ताओं को अपने विधिक कार्यों के संचालन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, किंतु आज तक इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है एवं विकास भवन के रास्ते, सड़क पर पुलिस लाईन की नाली का गंदा पानी अधिवक्ताओं के बस्तों पर जमा हो रहा है जिसकी निकासी करायी जाना अति आवश्यक है।

# 144 ग्राम पंचायतों में बनाई जाएगी डिजिटल लाइब्रेरी

अवधनामा संवाददाता

■ लाइब्रेरी की स्थापना के संबंध में बैठक का आयोजन

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु भूमि तथा डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि इस वित्त वर्ष में जनपद में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण किया जाना है तथा आगे प्रत्येक विधानसभा स्तर पर पंचायत उत्सव भवन तैयार किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत उत्सव भवन गाँव के लोगों द्वारा शादी बरात एवं अन्य कार्यक्रमों के उपयोग के लिए होगा। पंचायत उत्सव भवन का संचालन जिला पंचायत द्वारा किया जाना है।

जिलाधिकारी ने पंचायत उत्सव भवन के लिए भूमि चिन्हित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायती राज अधिकारी ने बताया कि जनपद की 288 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया तथा वर्तमान वित्त वर्ष में 144 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी में एलईडी टीवी तथा कम्प्यूटर एवं फर्नीचर तथा अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इसका प्रचार प्रसार किया जाए तथा अध्यापकों एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों को भी इससे जोड़ा जाए। डिजिटल लाइब्रेरी की सुरक्षा का प्लान भी तैयार किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा एनबीटी की पुस्तकों की सूची संबंधित से मांगी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## रेलवे के भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसान एक दिवसीय भूख हड़ताल बैठे

**मथुरा।** आज मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में किसानों का रेलवे द्वारा की जा रही भूमि अधिग्रहण के विरोध में अनिश्चितकाल आंदोलन को आज 17 वां दिन भी जारी रहा। आज किसानों ने धरना स्थल पर भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल की अध्यक्षता किसान नेता मानिकचंद नरोत्तम लाल ने की। भूख हड़ताल पर आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, युवा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बिट्टू पंडित, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, महानगर महासचिव रंजन भाटिया, नरोत्तम लाल पाराशर, भूदेव, अनिल शर्मा, बॉबी धीरज, राकेश शर्मा, ख्यालीराम एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे। किसानों का आरोप है कि करोड़ों की जमीन कम दामों में ली जा रही है लेकिन मथुरा जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

# राजकीय मुड़िया मेला में लगेगी सिविल डिफेंस कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

अवधनामा संवाददाता

■ संभालेंगे ट्रेफिक व भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था, पदाधिकारियों ने बैठक की

**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा ने गिरिराज धाम में 4 से 11 जुलाई तक होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय मेला गोवर्धन मुड़िया मेला 2025 में गोवर्धन की परिक्रमा में जनपद एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण करने के लिये सिविल डिफेंस की ड्यूटी जिला अधिकारी के आदेश अनुसार लगाई गई। कलेक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस मथुरा कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे प्रभारी सिविल डिफेंस राजेश यादव एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा के उप नियंत्रक मुनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस के 120 वार्डन एवं स्वयंसेवक की ड्यूटी जनपद के विभिन्न चौराहे पर शान्ति, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण में लगाई गई ।

बैठक में चीफ वार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल, डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल, सीनियर स्टाफ ऑफीसर दीपक चतुर्वेदी बैंकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नागपुर एवं राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सिविल डिफेंस मथुरा के पोस्ट वार्डन एवं आपदा मित्र अशोक यादव की क्विक रिस्पांस टीम को गोवर्धन दानघाटी मन्दिर एवं गोवर्धन चौराहा , मण्डी चौराहे पर आपदा किट एवं मेडिकल कीट के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में ड्यूटी लगाई गई बैठक में श्री गुप्ता के द्वारा बताया गया कि सिविल डिफेंस हमेशा लोगों की सेवा के लिए हमेशा तैयार है जिसके लिए समय समय पर सभी वार्डन एवं स्वयंसेवक की ट्रेनिंग चलाई जाती हैं । इस बार विश्व प्रसिद्ध राजकीय मेला गोवर्धन मुड़िया मेला 2025 को 9 सुपर जोन,21 जोन व 62 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिसमें सुरक्षा हेतु सिविल डिफेंस, पुलिस प्रशासन, पीएसी, गोताखोर, इंटेलीजेंस, दमकल, होमगार्ड, मेडिकल टीम आदि रहेंगे तैनात। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय नागरिक सुरक्षा मथुरा को मुड़िया मेला 2025 का कंट्रोल रूम बनाया गया। बैठक में डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल,पोस्ट वार्डन अशोक यादव, रावेंद्र बंसल, गिरीश वार्ष्णेय, देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार शिवहरे , शुभम् कुमार, राम सैनी, पवन प्रकाश, आकाश, गोविंद, जवर सिंह, रिंकी, जगदीश बाबू, रोहित कुशवाहा, अभिषेक आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# इमाम हुसैन और उनके जॉनिसारो की कुर्बनियो को किया याद

अवधनामा संवाददाता

■ इमाम हुसैन ने कहा था कि जिल्लत की ज़िन्दगी से इज्ज़त की मौत बेहतर है

**संभल।** सातवी मोहर्रम को इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके जानिसारो की कुर्बानियों को याद किया गया मजलिसो के बाद अजांदारो ने मातम व नोहा ख्वानी करके इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत पर पुरसा पेश किया माहौल सोग़ और यादे हुसैन से सराबोर रहा शहर के मौहल्ला नूरियो सराय में सुबह से शाम तक मजलिसे हुई इमाम बारगाह फरमान हुसैन में शबीहे ताबूत बरामद किया गया इमाम बारगाह नम्बरदारान बाबूल हवाईज जायर हुसैन हाजी अजहर आदि में मजलिसो का सिलसिला जारी रहा मोहर्रम के सातवे दिन सुबह से लेकर देर रात तक मजलिसे हुसैन मे शामिल हो कर गमें हुसैन मे ऑसू बहाते रहे अजॉदाराने मजलूमे कर्बला नूरियो सराय स्थित इमामबाडा फरमान हुसैन मे शबीहे ताबूत बरामद किये गये महिलाओं ने घरो मे मजलिसे बरपा की मजलिसो मे शिया समाज के धर्मगुरु हैदर रजा ने इमाम बाडा बाबुल हवाईज मे खिताब करते हुए कहा कि अजादारी इंसान साज है यहा इन्सानो की तबियत होती हैं कर्बला मे मजलूमो पर जो जुल्म हुआ उसे आखिर तक बयान होने चाहिए जिससे दुनियां के हर इंसान तक इमाम हुसैन का पैगाम जा सके मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने कहा था कि जिल्लत की ज़िन्दगी से इज्ज़त की मौत बेहतर है इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला के मैदान मे शहीद हो कर बताया कि जालिम कितना भी शक्ति शाली ही क्यो न हो उसके सामने सर झुकाने से अच्छा सर को कटवाना ही बेहतर है मजलिसो मे मरसिया रहबर हुसैन सलीम मेहदी शाने अब्बास शाहिद साजिद हुसैन शमाईम रजा आदि ने पेश किया सुहैल अब्बास मौहम्मद अली जहीर आदि ने भी खिताब किया।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना हसनगंज का किया औचक निरीक्षण

■ मिश्रित आबादी क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना हसनगंज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस और थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक किया गया एवं संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में अभिलेखों की जांच की तथा महिला हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया।

सीसीटीएनएस की जांच के दौरान उन्होंने डेटा एंट्री की सटीकता और गति में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी हसनगंज संतोष कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक हसनगंज उपस्थित रहे। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई और रखरखाव में सुधार के लिए निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना कर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील और सजग रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें। तत्पश्चात उन्होंने क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक हसनगंज तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस पुलिसबल के साथ थाना हसनगंज क्षेत्रांतर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मोहर्रम के दौरान विशेष सावधानी बरती जाने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के संबन्ध में निर्देशित किया गया।

## भवन निर्माण को लेकर दो पक्षो में मारपीट, मां-बेटी घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट मे दलित महिला और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फत्तेहपुर खालसा निवासी संजू पुत्री रामस्वरूप अपने पुराने कच्चे मकान को गिराकर नया मकान बनवा रही थी। जैसे ही उसने नींव की खुदाई शुरू कराई, गांव के ही समसुद्दीन, यूनुस और यूसुफपुत्रगण शमशुद्दीन ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। पीड़िता संजू ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने अपनी महिलाओं से हमला करवाया, जिसमें वह और उनकी मां बुरी तरह घायल हो गई। दोनों को परिजनों द्वारा बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# मंदिर के पास से शराब दुकान हटाने की ग्रामीणों ने विधायक से उठाई मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** थाना अचलगंज क्षेत्र के ग्राम सरवागर दुधौड़ा के ग्रामीणों ने बुधवार को भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला से मुलाकात कर गांव में स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि यह दुकान दुर्गा मंदिर के पास स्थित है, जिससे गांव का धार्मिक और सामाजिक वातावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शराबी आएदिन मंदिर आने-जाने वाली महिलाओं से अशोभनीय व्यवहार करते हैं। कुछ लोग तो मंदिर परिसर में ही बैठकर शराब का सेवन करते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। दुकान संचालक मनीष गुप्ता को कई बार शिकायत की गई लेकिन उसने कोई सुनवाई नहीं की और उल्टा धमकी दी कि कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ग्रामीणों ने बताया कि 20 अप्रैल 2025 को बदरका चौकी में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। डीएम को दिए गए प्रार्थनापत्र के बाद कुछ दिन के लिए दुकान बंद हुई थी लेकिन 26 जून को फिर से खुलेआम शराब बिक्री शुरू हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अवैध बिक्री में गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों के साथ-साथ शहर के अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी शामिल हैं। एक व्यक्ति सुरेश, जिसपर हत्या का मुकदमा दर्ज है, लोगों को विरोध न करने की धमकी देता है। ग्रामीणों का कहना है कि वह कहता है कि जो विरोध करेगा, उसे झूंठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक से गांव की शांति, सुरक्षा और धार्मिक भावना के संरक्षण हेतु उक्त शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से हटवाने की मांग की है। विधायक आशुतोष शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया और अधिकारियों से जल्द कार्रवाई करने को कहा है।

## बरसात में टापू बनी परियर चौकी, बाल्टी लेकर पानी निकाल रहे पुलिसकर्मी

**उन्नाव।** परियर पुलिस चौकी बीते दिनों की भारी बारिश से चौकी की जर्जर हालत में होने से चौकी के अन्दर पानी भर जाने से पुलिसकर्मी बाल्टी लेकर पानी निकालते हुए नजर आए। इस नजारे का वीडियो वायरल होने पर पुलिसकर्मी किस दशा में रहकर गुजारा कर रहे है ये उजागर हो गया। जानकारी के मुताबिक परियर पुलिस चौकी की इमारत पुरानी और खस्ताहाल है। बारिश के मौसम में पानी का भरना अब रूटीन की समस्या बन चुका है लेकिन हाल की तेज बारिश ने कमरे को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। बैठने की भी जगह नहीं बची। टेबल-कुर्सी सब भीग गए। चौकी की छतें केवल टीन और छप्पर की हैं। पानी टपकता है और पूरा कमरा तालाब बन जाता है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुलिसकर्मी फावड़ा और बाल्टी से पानी निकालते नजर आ रहे हैं। न कोई नाला, न समुचित जल निकासी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर मजदूर की मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक कृष्णा की मौत हो गई। जालिमखेड़ा गांव निवासी कृष्णा मंगलवार शाम को बंथर से कोरारी गांव में सरिया उतारने गया था। काम खत्म होने के बाद वह ट्राली की रेलिंग पर बैठकर वापस लौट रहा था, तभी ट्रैक्टर को झटका लगने से संतुलन बिगड़ गया और वह ट्राली से नीचे गिर गया। गिरते समय उसका सिर सड़क से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन कृष्णा को पहले आजाद मार्ग चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया। बाद में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कृष्णा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और दो छोटी बहनों का बड़ा भाई था। गांव वालों के अनुसार वह मेहनती और सरल स्वभाव का युवक था। मृतक के चाचा जगन्नाथ ने घटना को संदिग्ध बताया है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है।

# विद्यालयों के मर्ज करने का आदेश संबिधान विरोधी है: हुसैन



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** प्रदेश कंग्रेस कमेट के आवाहन पर जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेत्रत्व में कांग्रेसजनों ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पॉच हजार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के मार्जन के आदेश के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं बीएसए को ज्ञापन सौंपनें के उपरान्त जिलाध्यक्ष नें बताया कि विद्यालयों के मर्ज करने का आदेश वापस लिया जाए जो कि संविधान विरोधी है जिसके लागू होने से बेरोजगारी बढ़ेगी और ग्रामीण एवं दूरदराज के गरीब असहाय अति पिछड़े बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। ज्ञापन देने के बाद कांग्रेसियों ने नगर में प्रदेश सरकार के शिक्षा विरोधी इस आदेश के विरूद्ध रोड मार्च कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष पीसीसी सदस्य ऊषा दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष फैशल खान, जिला महासचिव हरमोहन सिंह, वसीजान ओवैसी, जिला उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र पांडेय, महेश पांडेय, निवर्तमान महिला अध्यक्ष रीना सिंह, निसक्त जन अध्यक्ष आकाश कटियार, अल्पसंख्यक अध्यक्ष आमिर खान, आरिफ खान, फिरदौस खान, सलमान खान, लियाकत हुसैन, सत्यप्रकाश, इमरान अली, रमेश कनौजिया, असगर सिद्दीकी सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए और अंत में पूर्व कांग्रेसी रामसनेही से मिलने उनके आवास पर गए और कुशल छेम पूंछा।

## हमें शान्ति और सौहार्द की शिक्षा देता है मोहर्रम

**उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र नगर के मोहल्ला गोल कुआं स्थित हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो0 ज़ियाउल हक़ चिश्ती ने मोहर्रम की फ्ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का मुहर्रम एक प्रमुख त्यौहार है। इस माह की कई विशेषताएं और महत्व हैं। मौलाना ने कहा कि इस महीने को इस्लाम धर्म के चार पवित्र महीनों में शामिल किया जाता है। पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने इस माह को अल्लाह का महीना कहा है। इस माह मनाया जाने वाला त्योहार माह के पहले दिन से शुरू होकर दसवें दिन तक चलता है। उन्होंने इस माह में घटित महत्वपूर्ण घटना का जिक्र करते हुए बताया कि सन् 680 में कर्बला नामक स्थान मे एक धर्म युद्ध हुआ था, जो पैगम्बर हजरत मुहम्मद के नाती तथा अधर्मी यजीद के बीच हुआ। इस धर्म युद्ध में वास्तविक जीत हज़रत इमाम हुसैन की हुई। पर जाहिरी तौर पर यजीद ने हज़रत इमाम हुसैन और उनके सभी 72 साथियों को शहीद कर दिया था। तभी से तमाम दुनिया के न सिर्फ़ मुसलमान बल्कि दूसरी क़ौमों के लोग भी इस महीने में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का ग़म मनाकर उन्हें याद करते हैं।

# डीआईजी कारागार ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार, कानपुर परिक्षेत्र कानपुर प्रदीप गुप्ता द्वारा जिला कारागार का विस्तृत रुप से गहन निरीक्षण किया गया। डीआईजी कारागार के प्रथम आगमन पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व सत्कार किया गया। गुरूवार को जिला कारागार के औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार, कानपुर परिक्षेत्र कानपुर प्रदीप गुप्ता ने कारागार पर लगे सुरक्षा उपकरण, सीसीटीवी प्रणाली, अग्निशमन यंत्र, वाटर हाइड्रेंट पॉइंट, मुलाकात भवन आदि का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होनें महिला बैरक, पाकशाला, क्वारंटाइन बैरक, बाल बैरक, अस्पताल, विशेष सुरक्षा बैरक और अन्य बैरकों में बंदियों की परेड का अवलोकन किया। किसी भी बंदी द्वारा कारागार संबंधी कोई शिकायत नहीं की गई। पाकशाला में भोजन बनते हुए देखा रोटियां सेकी जा रहीं थी। रोटियों की गुणवत्ता ठीक पायी। शस्त्रागार की सुरक्षा, गौशाला, बंदियों के नियमित व्यायाम, ओपन जिम का सुरक्षित संचालन और रख रखाव के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि ओडीओपी के अंतर्गत जनपद में इत्र का कारोबार है। इसी से संबंधित कार्य जेल में लेमन ग्रास की खेती और चंदन के पेड़ लगाए जाएंगे। इसके बाद डीआईजी कारागार द्वारा जेल चंदन के पेड़ का वृक्षारोपण कर जेल चंदन के पेड़ लगाए जाने के अभियान की शुरुआत की गई। निरीक्षण सकुशल संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद, प्रभारी कारापाल अनुज भड़ाना, उपकारापाल रामबहल दुबे, उर्मिला सिंह, बद्री प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दंपति को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी जेबा बेगम पत्नी इसरार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 18 जून को 01:30 बजे अपने घर में थी। तभी मोहल्ले के ही तस्लीम लल्ला उर्फ तौसीव, शीलू उर्फ तस्दीक, मीनू उर्फ तौहीद आए और उसे व उसके पति के साथ गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मां बेटी को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी गुड्डन देवी पत्नी जयचंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 30 जून को 04 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी तभी गांव के ही बलराम एवं दीपू आए और उसे व उसकी पुत्री नेहा के साथ गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री डे पर कर्मियों ने बांटे थैले




**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पालिका कर्मियों द्वारा इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री डे के अवसर पर नगर के मोहल्ला रामगंज में कपड़े के थैले वितरित कर नागरिकों एवं दुकानदारों को प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजेबल उत्पादों और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करनें के लिये प्रेरित किया गया। गुरूवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में डीपीएम शिवम सिंह, डेटा एनालिस्ट पुनीत कुमार, जलकल प्रभारी जनार्दन मिश्रा, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, राजेश कुमार वर्मा आदि नें दुकानदारों और आने-जाने वाले लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गये, साथ ही प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण और पुनः उपयोग की जानकारी देकर अपने नगर को प्लास्टिक फ्री बनाए जाने की अपील की। उधर नगर पालिका अधिसाषी अनिल कुमार ने दूरभाष बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। इससे न केवल जल, भूमि और वायु प्रदूषित हो रही है, बल्कि पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होनें नागरिकों से कपड़े का थैला अपनाकर प्लास्टिक से मुक्ति पानें की अपील की है।

### एसडीओ ने मिरगावां में पहला स्मार्ट मीटर लगवाकर कार्य प्रारम्भ कराया



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के ग्राम मिरगावां में बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सरोज द्वारा पहला स्मार्ट मीटर लगवाकर कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान उन्होनें कहा कि स्मार्ट मीटर से न केवल उपभोक्ताओं को अपनी खपत की सटीक जानकारी मिलेगी, बल्कि बिलिंग में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम मिरगावां में पहला स्मार्ट मीटर लगवानें के उपरान्त उपखण्ड अधिकारीने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन से भी बिजली खपत की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा समय पर रिचार्ज न करने पर मीटर स्वतः बंद हो जाएगा, जिससे बकाया बिल की समस्या से भी निजात मिलेगी। साथ ही विभाग को मीटर रीडिंग के लिए अलग से कर्मचारियों को भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होनें ग्रामीणों से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें। बताया कि विभाग द्वारा सभी गांवों में चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाई गई है।

### संभल में अलमो का जुलूस निकाला गया



**संभल।** अहलै सुन्नत वल जमाअत ने सातवें मोहर्रम को अलमो का जुलूस निकाला कर या अली या हुसैन के नारे बुलंद किए शहर के अलग अलग जगहों से हाथो में अलम उठाये हुए अलमदार नंगे पैर आये और मुख्य जुलूस में शामिल हो कर चल रहे थे अलमो का जुलूस अपने तयशुदा राहो से हो कर अपने समाप्ती वाले स्थान पर जा कर समाप्त किया गया जुलूस के रास्ते में जगह-जगह सबीले और नजरों नियाज तकसीम की जा रही थी जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल साथ साथ चल रहा था।

# धान की बेड़ खोदते समय विद्युत करंट से मां-बेटे की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर धान की रोपाई के लिए बेल की खुदाई कर रही महिला विद्युत करेंट की चपेट में आ गयी। मां को बचाने में बेटा भी चिपक गया। बेटी नाती को बचाने के लिए प्रयास में बुजुर्ग नानी सहित पडोसी महिला विद्युत करेंट की चपेट में आने से झुलस गयी। शोरगुल सुनकर ट्यूबवेल के पास झोपड़ी से निकलकर बुजुर्ग मौके पर पहुंचा और स्वीच बंद किया। तब तक ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गयी और सफीपुर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया और नानी की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि पडोसी महिला को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे को शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

खरगौरा गांव निवासी रामराज ने गांव निवासी रामबक्स सिंह का खेत बटाई पर लिया था जिसमें धान की बेल बोई थी। धान की रोपाई करने के लिए बुधवार को रामराज की पत्नी माया 50 बेटा रवि उर्फ सोनू 30 के साथ बेल उखाड़ने के लिए जा रही थी जिसपर रविवार को बेटी माया की ससुराल आयी बुजुर्ग शिवरानी 65 पत्नी श्यामलाल निवासी दर्शनखेडा फजिलपुर सफीपुर हाथ बंटाने के लिए खेत पर गयी थी। इसी बीच पास ही स्थित सरकारी ट्यूबवेल से निकले अर्थिंग का तार से खेत के चारों ओर लगे कटीले तार में विद्युत करेंट फैल गया। इसी बीच माया करेंट की चपेट में आ गयी। मां को बचाने के प्रयास में बेटा भी चिपक गया। यह देख चीखते हुए बुजुर्ग नानी बचाने पहुंची तो वह भी चपेट में आ गयी। पडोसी महिला सुनीता पत्नी वीरपाल चीख सुनकर बचाने गयी जिसपर वह भी झुलस गयी।

# शाहपुर सिरपुडा में हुआ मजलिस का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** शाहपुर सिरपुडा, 7 मुहर्रम ग्राम शाहपुर सिरपुडा स्थित अज़ाखाना सय्यद आलम अली में मुहर्रम के अशरे की सातवी मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना अख़लाक़ मेहदी ने ख़िताब किया, जबकि मर्सियाख़्वानी फूल मियां ने पेश की।

मौलाना खिताब करते हुए कहा, कि मुसलमान होने के लिए शर्त है कि रसूले इस्लाम (स.अ.व) के सीरत और सुन्नत पर एतेकाद हो. अगर कोई रसूले इस्लाम (स.अ.व) की हदीस और सुन्नत की मुखालिफत करे तो मुसलमान नहीं हो सकता। मौलाना अख़लाक़ मेहदी ने पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद और हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की सीरत को ज़िंदगी में अपनाने की बात कही। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि हमें दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए और अपने बच्चों को इंसानियत, अदब और अख़लाक़ की तालीम देना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है।मौलाना ने कहा, कि रसूले इस्लाम (स.अ.व) ने फरमाया, कि मैं तुम्हारे बीच दो चीजें छोड़ कर जा रहा हूँ। एक खुदा की किताब है और दूसरे मेरे अहलेबैत (अ.स.) अगर इनके दामन को थामे रहोगे तो कभी गुमराह नहीं होंगे।हजरत इमाम हसन अलेहिस्सलाम के 13 वर्षीय हजरत कासिम अलैहिस्सलाम की शहादत का गम मनाया गया। कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने शहजादे कासिम को शहीद करके उनकी लाश को घोड़ों की टापों से पामाल (कुचल) दिया था। सातवीं मोहर्रम से ही यजीदयों ने हुसैनियों पर जुल्म ज्यादा बढ़ा दिये थे। भीषण गर्मी थी इसके बावजूद उन पर पानी बंद कर दिया गया। तीन दिन की भूख-प्यास की शिद्दत में परिवार और साथियों के साथ दी गयी कुर्बानियों को याद करके अजादार गम-ए-हुसैन में डूब गए। हजरत कासिम की शहादत का दर्दनाक मंजर सुन अजादार बेकरार हो उठे। नम आंखों से अजादारों ने आंसुओं का पुरसा पेश किया।

मजलिस में अकबर हुसैन, सफदर हुसैन, मौलाना हसन मुजतबा, मौलाना ज़ैग़म, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, सफी अकबर, राशिद हुसैन, अली आदिल, हुसैन अकबर, कैसर हुसैन, गुलशन रज़ा ज़ैदी, राहत अब्बास, गुलशन अब्बास, अमीर रज़ा, खुर्शीद अनवर, कायम रज़ा, अब्बास रज़ा आदि मौजूद रहे

## मोहर्रम की सातवीं तारीख को नगर में निकाला अलम का जुलूस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में मोहर्रम की सातवीं के जुलूस शहर खलीफा शाहिद खान मुल्ला जी की अगुआई में अलम के साथ निकाला गया। जुलूस में जगह जगह अखाड़ों के उस्तादों के द्वारा बाना, पनेठी, लकड़ी आदि के साथ खेल खेला गया। गुरूवार को सातवीं के जुलूस मुजाहिद नगर से शास्त्री नगर, पठान टोला से चौराहा जीटी रोड, इमाम चौक से तिराहा से अफसरी मोहल्ला से विजय नगर, बंडा मोहल्ला से चकोर रोड से बगिया मोहल्ला से तिर्वा रोड होता हुआ चौराहा जीटी रोड पूर्वी क्रासिंग से होता हुआ मुरादगंज तक फिर मुरादगंज से वापस जीटी रोड से चौराहा से इमाम चौक व तिराहा गुरसहायगंज पर समापन हुआ। इस मौके पर समाजसेवी मुनीर कुरैशी, मो. मुकीम खान, सलीम खान, लालमियाँ, अलीम अहमद, तय्यब खान, खुशनूर अहमद, शाईद उर्फ मुन्ना, तैयब खां, शकील फारूकी, रशीद उर्फ मुन्ना, रियाज वारसी, अरशद, दिलशाद, राजू सहित तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

# अजाखाना मोहल्ला कटरा गुलाम अली से गमगीन माहौल में बरामद हुआ मातमी जुलूस

**अवधनामा संवाददाता**



**अमरोहा।** शोहदा-ए-कर्बला की याद में सात मोहर्रम का मातमी जुलूस अजाखाना कटरा गुलाम अली से बरामद हुआ। अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। अराईश की खासियत ये थी कि हर तख्त पर ऊंची छतरी का साया था। इसके अलावा जुलूस में चांदी का झूला था जो हजरत इमाम हुसैन के काफिले में उनके छह माह के बेटे हजरत अली असगर की मासूम शहादत की याद ताजा कर रहा था। मैदाने कर्बला में हुरमला ने अपने तीर से इमाम हुसैन के हाथों पर मासूम अली असगर को कत्ल कर दिया था। रौशन चौकियों को रंगबिरंगी कागज के फूलों से सजाया गया था। अराईश के पीछे शबीहे ताबूत और दुलुदल चल रहे थे। सात मोहर्रम के जुलूस में शामिल दुलदुल पर खुबसूरत चादर, तलवार व तबर भी लगी हुई थी। हुसैनी बाजा बज रहा था। जिसके पीछे अजादाराने हुसैन या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करते चल रहे थे। जुलूस की शुरूआत में मास्टर तबारक अली व हमनवा ने मरसिया पढ़ा। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गश्त करते हुए देर शाम अजाखाना कटरा गुलाम अली पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस की समाप्ति के बाद मरसिया...तन्हा सिपाहे शाम जब घिर गया हुसैन पढ़ा गया। नईम हैदर, वसीम हैदर, सलीम अम्रोहवी ने नौहा खानी कि जिसे सुनकर गमगीन अजादारों ने सीनाजनी की। जुलूस में जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाक़त अली, ज़िया एजाज़, बाक़र रज़ा नक़वी, नदीम नक़वी, शेज़ाद रज़ा, क़ासिम ज़ैदी आदि मौजूद थे। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, नयाब क़ाईद इमदाद आब्दी, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी,मौ तकी,डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, सलीम जैदी, मोहम्मद हैदर, गालिब हुसैनी, शाने मुज्तबा, हुसैनी,कमर रजा सलीम,जाफर रजा, काशिफ़ जैदी आदि ने किया। हिंदू समाज के लोगों ने अपने परिवार के साथ मोहल्ला मंडी चौब मे जुलूस का स्वागत किया तथा अज़ादारों को शरबत पिला कर इमाम हुसैन से अपनी अक़ीदत का इज़हार करते हुए नज़र कराई और भाईचारे का पैगाम दिय।

# आप कार्यकर्ताओ ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 16 जून को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि यह आदेश शिक्षा विरोधी है और इससे प्रदेश के 27,000 प्राथमिक विद्यालय बंद हो जाएंगे और उन्नाव जनपद के 336 विद्यालय बंद हो रहे हैं, जिससे लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार मदिरालय खोलने के रिकॉर्ड बना रही है, वहीं दूसरी ओर बच्चों की शिक्षा छीनने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया उत्तर प्रदेश को क्या चाहिए, पाठशाला या मधुशाला। कुलदीप यादव ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में विश्वस्तरीय सरकारी विद्यालय चला रही है, तो उत्तर प्रदेश सरकार क्यों नहीं? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो आम आदमी पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। ज्ञापन में बिना स्पष्ट मानदंड के स्कूलों का मर्जर, शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन, विद्यालय बंद होने से शिक्षकों, शिक्षामित्रों, रसोइयों की नौकरियों पर संकट, लाखों टीईटी पास युवाओं में बढ़ता अवसाद और बेरोजगारी, निजीकरण को बढ़ावा, मान्यता विहीन निजी स्कूलों को अनुमति दिये जाने की मांग की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला महासचिव शैलेंद्र उपाध्याय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता प्रदीप यादव, अरुण यादव नीरज सिंह विकास सिंह सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, यूएस ओपन जीतने वाले आयुष को मिली हार

**कैलगरी।** श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

## जोटा ने सोशल मीडिया पर आखिरी पोस्ट में डाली थी शादी की फोटो, निधन की खबर ने फैंस को दिया झटका

**नई दिल्ली।** जोटा की कार स्पेन में दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे के वक्त उनके साथ कार में उनके भाई आंद्रे भी मौजूद थे। आंद्रे भी 26 वर्षीय फुटबॉलर हैं। स्पेनिश सिविल गार्ड ने बताया कि जोटा की कार पश्चिमी शहर जमोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई।



लिवरपूल से खेलने वाले पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा ने सोशल मीडिया पर अपने आखिरी पोस्ट में शादी की फोटो डाली थी। जोटा ने हाल ही में लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं रुटे कार्डोसो के साथ पोर्टो में शादी की थी। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था और जोटा की शादी के 10 दिन बाद ही कार दुर्घटना में मौत हो गई। जोटा के इस तरह दुनिया से जाने से उनके फैंस को तगड़ा झटका लगा है। 28 साल के जोटा की कार स्पेन में दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे के वक्त उनके साथ कार में उनके भाई आंद्रे भी मौजूद थे। आंद्रे भी 26 वर्षीय फुटबॉलर हैं। स्पेनिश सिविल गार्ड ने बताया कि जोटा की कार पश्चिमी शहर जमोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था।

जोटा हाल ही में नेशंस लीग कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। पुर्तगाल की टीम ने फाइनल में स्पेन को हराकर खिताब जीता था। वह लिवरपूल फुटबॉल क्लब के साथ भी कई खिताब जीत चुके हैं। जोटा फुटबॉल के मैदान पर अपनी ड्रिब्लिंग स्किल्स, शानदार फिनिशिंग, तेज गति से डिफेंडर्स को छकाने के लिए जाने जाते थे। वह क्लब करियर में कई अलग-अलग टीमों का हिस्सा रहे, लेकिन उन्हें असली पहचान लिवरपूल में ही मिली। जोटा ने अपने आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट में शादी की तस्वीरें डाली थीं। उन्होंने रुटे कार्डोसो के साथ तस्वीरें डालीं थीं और कैप्शन में लिखा था- 22 जून 2025, हमेशा के लिए हां।% उन्होंने शादी का वीडियो भी डाला और लिखा- मैं इस दिन को कभी नहीं भूल सकता।

## युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में, उलटफेर का शिकार होने से बची सबालेंका

**लंदन।** इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं।

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अरीना सबालेंका विम्बलडन में दूसरे दौर के मैच का पहला सेट गंवाने से बस दो अंक के फासले पर थी,



लेकिन सही समय पर वापसी करते हुए उन्होंने मैरी बूजकोवा को 7-6, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं। अब तक दो दिन के भीतर 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ( दस महिला और 13 पुरूष) बाहर हो चुके हैं। सबालेंका पिछले साल कंधे की चोट के कारण विम्बलडन नहीं खेल सकी थी।

अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीज ने ओल्गा डानिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई । वहीं, सोलहवीं वरीयता प्राप्त भारतीय-अमेरिकी जोड़ी ने एक घंटे 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में अर्नेडो और गुइनार्ड को 7-6, 6-4 से मात दी।

अब अगले दौर में युकी और गैलोवे की जोड़ी का सामना हालैंड के रॉबिन हासे और जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी तथा अमेरिका के मार्कोस गिरोन और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी।

वहीं एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन के सामने होंगे।

भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

## सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में, अल्काराज ने टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया



**नई दिल्ली।** पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की।

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालिफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

## नाचती-गाती दिखीं सारा अली खान

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों काफी खुश नजर आ रही हैं। एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी खुशी को जाहिर किया है। साथ ही वह प्यार भरी बातें करती भी नजर आईं। सारा अली खान फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं। कल यानी शुक्रवार को एक्ट्रेस की यह फिल्म रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही है। प्रमोशन के दौरान ही एक्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें प्यार भरा मैसेज लिखा है। पिछले दिनों सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' प्रमोशन अलग-अलग शहरों में कर रहे थे। प्रमोशन के सिलेसिले में सारा और आदित्य पुणे भी पहुंचे हैं। पुणे से जुड़ी पोस्ट ही सारा अली खान ने शेयर की हैं। वह लिखती है, 'चुमकी और आए हैं पुणे, कितना प्यार दिया तूने।

## ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जमकर की तारीफ



**एजबेस्टन।** ट्रॉट ने कहा कि इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ गिल के नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।

अफगानिस्तान टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जियो हॉटस्टार से कहा, उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है।

इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है। ट्रॉट ने कहा, उन्होंने एक सोची समझी रणनीति से बल्लेबाजी की जिसमें उनका आत्मविश्वास साफ नजर आता था। कप्तान के रूप में इस तरह के प्रदर्शन से टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। ट्रॉट ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स का सामना करते हुए गिल के दृष्टिकोण में अंतर को उनकी पारी के मुख्य आकर्षणों में से एक बताया।

उन्होंने कहा, कार्स के पास क्रिस वोक्स की तुलना में थोड़ी अधिक गति है, लेकिन गिल की समझ प्रभावशाली है कि दोनों का मुकाबला कैसे किया जाए। वह जानते हैं कि वोक्स स्टंप पर अटैक करने की कोशिश करेंगे और गिल ने संभाल कर खेलने की योजना बनाई। यही वह चीज है जो अच्छे खिलाड़ियों को औसत खिलाड़ियों से और विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को बाकी खिलाड़ियों से अलग करती है।

## वैभव के तूफान में उड़ा इंग्लैंड, छक्कों की बारिश की

**नॉर्थेम्पटन।** वैभव ने 31 गेंद में 86 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 277.42 का रहा। वैभव शतक से चूक गए।

एक तरफ जहां एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच जारी है, वहीं दूसरी तरफ बुधवार को भारतीय अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 टीम के बीच वनडे मुकाबला भी खेला गया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम पर भारत के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी कहर बनकर टूटे। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली, जिसका इंग्लिश टीम के पास कोई जवाब नहीं था। वह शतक से चूक गए, लेकिन छक्कों की बारिश से उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए। आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला पांच जुलाई को वॉर्सेस्टर में खेला जाएगा। दरअसल, बारिश की वजह से मैच को 40-40 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 40 ओवर में छह विकेट पर 268 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव ने 31 गेंद में 86 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 277.42 का रहा। वैभव शतक से चूक गए। उन्हें एलेक्जेंडर वेड ने जोसेफ मूर्स के हाथों कैच कराया। हालांकि, नौ छक्के लगाते ही वैभव के नाम रिकॉर्ड जुड़ गया। अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का भारतीय रिकॉर्ड वैभव से पहले राज बावा के नाम था। उन्होंने 2022 में युगांडा के खिलाफ ऐसा किया था। वैभव अब तक इस दौरे पर तीन पारियों में 59.67 की औसत और 213.10 के स्ट्राइक रेट से 179 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 14 चौके और 17 छक्के लगाए हैं।

## कौन हैं कायोज ईरानी? अभिनय के अलावा निर्देशन में भी आजमाया हाथ



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर बोमेन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी का जन्म 20 नवंबर 1987 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। वे पारसी मूल के हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय के बाद निर्देशन में भी हाथ आजमाया है। वह जल्द ही अपने निर्देशन में फिल्म 'सरजमीं' लेकर आ रहे हैं। कायोज ने अपने करियर की शुरुआत 2012 में निर्माता-निर्देशक करण जौहर की फिल्म ÷स्टूडेंट ऑफ द ईयर÷ से की, जिसमें वे एक अभिनेता के रूप में नजर आए। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को सराहा गया। इसके अलावा, उन्होंने धमाका और 'सरजमीं' (2025) जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

कायोज ने अभिनय के साथ-साथ निर्देशन में भी कदम रखा है। उन्होंने नेटफ्लिक्स की फिल्म अजीब दास्तां का निर्देशन किया, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वे अपने कॉलेज के मीडिया डिपार्टमेंट में भी सक्रिय रहते हैं। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी हालिया फिल्म 'सरजमीं' से बतौर निर्देशक उनकी खूब तारीफ हो रही है। कायोज ने अपनी पढ़ाई मुंबई के किशिनचंद चेलाराम कॉलेज (केसी कॉलेज) से पूरी की, जहां उन्होंने फिल्म, टेलीविजन और न्यू मीडिया प्रोडक्शन में बॉम्बे से बी.ए. - फिल्म, टेलीविजन और न्यू मीडिया प्रोडक्शन (बी.ए.एफ.टी.एन.एम.पी.) की डिग्री पूरी की । वे अभी भी के.सी.सी. के मीडिया विभाग के कामकाज में एक सक्रिय सदस्य बने हुए हैं।

कायोज ईरानी अपने निजी जीवन को लेकर ज्यादा चर्चा में नहीं रहते। उनके पिता बोमन ईरानी बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता हैं, जिन्होंने मुन्नाभाई एमबीबीएस 3 इडियट्स जैसी फिल्मों में काम किया है। वह जल्द ही फिल्म 'सरजमीं'लेकर आ रहे हैं।

## धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण, बॉबी देओल से करेंगे मुकाबला

**मुंबई।** साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर आज जारी हो गया है। इस हिस्टोरिकल एपिक ड्रामा का फैंस लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है।

3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। वॉइस ओवर में कहा जाता है 'एक ऐसा समय जब हिंदू बने रहने की कीमत चुकानी पड़ी। एक ऐसा समय जब भारत की संस्कृति और परंपरा जुल्मी बादशाह के पांव तले रौंदी जा रही थी। ऐसे समय स्वयं प्रकृति की कोख से जन्म लेता है एक सच्चा

**ओवर**

**3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। वॉइस ओवर में कहा जाता है 'एक ऐसा समय जब हिंदू बने रहने की कीमत चुकानी पड़ी।**

वीर।' इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक



औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। 'कंगुवा' के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण, जो फिल्म में वीरमल्लु की भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में पवन कल्याण को वीरमल्लु के रोल में दिखाया गया है, जो एक विद्रोही योद्धा है, जिसे दिल्ली सल्तनत के खिलाफ सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए नियत किया गया है। वो मुगलों की ताकत को चुनौती देने का साहस करता है और औरंगजेब का मुकाबला करता है। %कोहिनूर हीरे% के लिए लड़ाई जारी है, जब वीरमल्लु मुगलों से भिड़ता है तो असली संघर्ष सामने आता है। ट्रेलर में पवन कल्याण काफी दमदार अंदाज में दिख रहे हैं।

ट्रेलर में फिल्म की बाकी स्टारकास्ट भी नजर आई है। जिसमें निधि अग्रवाल भी दिखी हैं। फिल्म पूरी तरह से ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में सिनेमैटोग्राफी का शानदार काम देखने को मिलता है। युद्ध के सीन देखने में अच्छे लगे हैं।

काफी देरी के बाद अब अंततः पवन कल्याण की 'हरि हर वीरमल्लु' 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्शन और हिस्टोरिकल फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए ये फिल्म एक बड़ी सौगात हो सकती है।

## शेफाली की प्रेयर मीट में फूट-फूट कर रोए पिता, वीडियो देख भर आई सबकी आंखें



**मुंबई।** 'कांटा लगा' से रातोंरात स्टार बनीं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का निधन हर किसी को गमगीन कर गया है। इंडस्ट्री से लेकर फैन्स तक, हर कोई इस खबर से सदमे में है। बुधवार को मुंबई में शेफाली की प्रेयर मीट रखी गई, जहां का माहौल बेहद भावुक रहा। लेकिन इस मौके पर जो दृश्य सबसे ज्यादा दिल छू गया, वो था उनके पिता का रो-रोकर बुरा हाल और पति पराग त्यागी का उन्हें संभालना।प्रेयर मीट के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें शेफाली के पिता अपने आंसू नहीं रोक पाए और फूट-फूट कर रोने लगे। इस मुश्किल घड़ी में उनके दामाद और शेफाली के पति पराग त्यागी ने उन्हें कंधा दिया और ढांढस बंधाते नजर आए। पराग खुद भी गहरे दुख में डूबे हुए थे लेकिन परिवार के लिए उन्होंने हिम्मत दिखाई। ये दृश्य इतना भावुक था कि वीडियो देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भी भावुक हो उठे। शेफाली जरीवाला की असमय मौत ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। कांटा लगा गाने से करियर की शुरुआत करने वाली शेफाली ने कई हिट म्यूजिक वीडियो और रियलिटी शोज में भाग लिया। 'बिग बॉस 13' में भी उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीता था। उनके निधन की खबर आने के बाद से सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि संदेशों की बाढ़ आ गई है। शेफाली की पर्सनल लाइफ भी उतार-चढ़ाव से भरी रही। पहले उनकी शादी हरमीत सिंह से हुई थी जो ज्यादा समय नहीं चली। बाद में उन्होंने टीवी एक्टर पराग त्यागी से शादी की। दोनों की केमिस्ट्री और साथ की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रेंड करती थीं। फैंस उन्हें एक परफेक्ट कपल मानते थे।

अब शेफाली के चले जाने से पराग पूरी तरह टूट चुके हैं। लेकिन वो इस समय परिवार के लिए मजबूती बनकर खड़े हैं। उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी है और अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार और प्रेयर मीट की हर तैयारी खुद देखी।

## तृप्ति और रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने फिर शेयर की एक जैसी तस्वीरें

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी का नाम सैम मर्चेंट नाम के एक शख्स से जोड़ा जा रहा है, दोनों की डेटिंग की अफवाह सुनने को मिलती है। दोनों साथ में वेकेशन पर जाते हैं और अक्सर ही एक जैसी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हैं। हाल ही में तृप्ति और सैम ने फिर ऐसा ही किया, मगर इस बार इन तस्वीरों में एक बात अलग थी, जिससे लगता है कि अब ये अपना रिश्ता दुनिया के सामने कबूल कर रहे हैं। तृप्ति डिमरी जब फिल्मों में व्यस्त नहीं होती हैं तो वेकेशन पर चली जाती हैं। मगर वह अकेले वेकेशन पर नहीं होती हैं, अक्सर रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्जेंट भी साथ होते हैं। दोनों एक ही लोकेशन फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं, मगर साथ कभी तस्वीरों में नजर नहीं आते हैं। हाल ही में वेकेशन की कुछ तस्वीरें तृप्ति ने शेयर की हैं, जिनमें ऐसा हिंट दिया है, जिससे लगता है कि वह अब दुनिया के सामने अपना रिश्ता सैम मर्जेंट से कबूल कर रही हैं। जानिए, ऐसा क्या लिखा है तृप्ति ने अपनी शेयर की गई फोटोज में। सैम मर्चेंट की तस्वीरों को देखकर लगता है कि वह गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। जिस होटल में वह रह रहे हैं, वहां पर एक स्वीमिंग पुल है, जिसकी फोटो सैम ने शेयर की हैं। बिल्कुल वैसी ही फोटो तृप्ति ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर लगाई है। इससे पता चलता है कि दोनों एक ही जगह पर मौजूद हैं। तृप्ति ने इंस्टाग्राम पर जो फोटो शेयर की है, उसमें खूबसूरत सा होटल दिख रहा है। इस तस्वीर पर तृप्ति ने लिखा है, 'मेरा सीक्रेट हाइडआउट' यानी मेरी सीक्रेट छुपने की जगह। इस फोटो में तृप्ति ने सैम मर्चेंट को टैग भी किया है। ऐसा वह पहले नहीं करती थीं। इससे साफ होता है कि अब तृप्ति खुलकर सैम के साथ अपना रिश्ता स्वीकार कर रही हैं।


तृप्ति डिमरी के करियर फ्रंट की बात करें तो वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' कर रही हैं। इस फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण थीं। बाद में दीपिका की जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। इससे पहले वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' में नजर आ चुकी हैं।

## ब्रेक के बाद फिल्मों में एक्टिव हुए विक्रांत

**मुंबई।** विक्रांत मैसी लगभग छह महीने फिल्मों से दूर रहे, अब वह फिर से बॉलीवुड में एक्टिव हो गए हैं। ब्रेक के कारण उनका नजरिया कई चीजों को लेकर साफ हो चुका है। फिल्मों से ब्रेक लेने का विक्रांत का एक्सपीरियंस कैसा रहा, जानिए?

पिछले साल अपने परिवार, हेल्थ पर ध्यान देने के लिए विक्रांत मैसी ने एक्टिंग से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। एक्टर ने साफ कहा था कि ब्रेक कुछ महीनों का होगा। हाल ही में अपने इस करियर ब्रेक के बारे में विक्रांत ने बात की है। साथ ही वह अपनी जल्द रिलीज होने वाली फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' को लेकर भी उत्साहित हैं।

पीटीआई से की गई बातचीत में विक्रांत मैसी कहते हैं, 'मेरा ब्रेक खत्म हो गया है। मैंने बस छह महीने का ब्रेक लिया था। अब मैं हर चीज को लेकर बहुत क्लीयर हूं। पर्सनल लाइफ हो या करियर, सब चीजों को लेकर मेरा नजरिया बिल्कुल क्लीयर हो चुका है। मैंने इस ब्रेक में महसूस किया कि एक्टिंग मेरी जिंदगी का हिस्सा है, साथ ही कई और



चीजें भी मेरे लिए बहुत अहम हैं।'

विक्रांत ने करियर ब्रेक के दौरान परिवार के साथ खूब समय गुजारा। वह कहते हैं, 'मैंने बेटे वरदान के साथ समय बिताया, खूब सारी फिल्में देखी। उन चीजों पर नोट्स बनाए हैं, जिन पर मुझे काम करना है। मेरी कोशिश एक एक्टर के तौर पर खुद को बेहतर बनाना है।'

विक्रांत आगे कहते हैं, 'ब्रेक के बाद मेरे अंदर एक ठहराव भी आ गया है। मैंने अपनी सभी भी फिल्में देखीं, इन पर गौर किया। उन फिल्मों में और बेहतर काम कर सकता था। अब मैं जिन फिल्मों का हिस्सा बन रहा हूं, उनमें इन बातों का ध्यान रखूंगा।'

विक्रांत मैसी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' में शनाया कपूर के एक्टिंग कर रहे हैं। यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां÷ रस्किन बॉन्ड की शॉर्ट स्टोरी 'द आइज हैव इट' पर बेस्ड है। विक्रांत, राइटर रस्किन बॉन्ड के फैन हैं।

## राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष



**कोलकाता।** वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। वह 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। कोलकाता में साइंस सिटी में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। समिक भट्टाचार्य का चुनाव पहले से ही तय माना जा रहा था, क्योंकि उनके खिलाफ किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। रविशंकर प्रसाद ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन दाखिल हुआ है। इससे पहले, भट्टाचार्य ने बुधवार दोपहर साल्ट लेक स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में निवर्तमान अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य के पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष चुने जाने पर पश्चिम बंगाल भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह एक सतत रिले रेस है। पहले, लड़ाई मेरे नेतृत्व में होती थी, अब लड़ाई एक नए अध्यक्ष के नेतृत्व में होगी। हम ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लड़ाई जारी रखेंगे।

## महाराष्ट्र के किसानों को लेकर बरसे राहुल

**आईना**

अमित मालवीय ने कहा कि मृतकों की गिनती करने की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना भी जरूरी है।



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की दशा को लेकर केंद्र पर बेरुखी दिखाने का आरोप लगाया। जिसके बाद राहुल गांधी और अमित मालवीय में ठन गई है। अमित मालवीय ने आईना दिखाते हुए राहुल गांधी से कहा कि उन्हें महाराष्ट्र में राकांपा-कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए पापों को याद करना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं और सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी हुई है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसों ने आत्महत्या कर ली है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप है। सरकार से सवाल करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? अब ये 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने यह भी लिखा कि किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है। बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है, लेकिन रूस्ककी कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज माफी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने उन पर वादे से मुकरने का भी आरोप लगाया। राहुल गांधी ने लिखा, मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे, लेकिन आज हाल ये है कि अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है और मोदी जी अपने ही पीआर का तमाशा देख रहे हैं। वहीं, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि एनसीपी-कांग्रेस सरकार के 15 साल के कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र में 55,928 किसानों ने आत्महत्या की।

अमित मालवीय ने कहा कि मृतकों की गिनती करने की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना भी जरूरी है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए अमित मालवीय ने कहा कि अपना मुंह खोलने से पहले राहुल गांधी को महाराष्ट्र में राकांपा-कांग्रेस सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किए गए पापों को याद करना चाहिए। इससे पहले, बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने किसानों की आत्महत्या और राज्य में सोयाबीन उत्पादकों को बकाया भुगतान न किए जाने के मुद्दों पर महाराष्ट्र विधानसभा से दो बार वॉकआउट किया था।

## लापरवाही से वाहन चलाया तो इंश्योरेंस कंपनियां मुआवजे देने के लिए जिम्मेदार नहीं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते हादसा हुआ। ऐसे में मृतक के उत्तराधिकारी मुआवजे के लिए दावा नहीं कर सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह ऐसा होगा कि हम किसी की गलती के लिए उसे मुआवजा दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति लापरवाही से वाहन चलाते हुए मारा जाता है तो इंश्योरेंस कंपनियां उसके परिजनों को मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मृतक के परिजनों की 80 लाख रुपये मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी मृतक के परिजनों की मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, इसलिए विशेष याचिका खारिज की जाती है। 18 जून 2014 को एनएस रविशा मल्लासांद्रा गांव से अरासीकेरे शहर जा रहा था। गाड़ी में उसके पिता, बहन और बहन के बच्चे भी सवार थे। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि रविशा ने लापरवाही से तेज गति से गाड़ी चलाई और ट्रैफिक नियमों का भी पालन नहीं किया। , जिसके चलते कार सड़क पर पलट गई। हादसे में रविशा को गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते हादसा हुआ। ऐसे में मृतक के उत्तराधिकारी मुआवजे के लिए दावा नहीं कर सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह ऐसा होगा कि हम किसी की गलती के लिए उसे मुआवजा दे रहे हैं।

## लॉ कॉलेज दुष्कर्म मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट का सख्त आदेश

**कोलकाता।** 24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गईं हैं। कोलकाता के कथित दुष्कर्म के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने छात्रा के दुष्कर्म मामले की जांच में हुई प्रगति को लेकर हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने और केस डायरी पेश करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य को निर्देश दिया कि वह 10 जुलाई को अगली सुनवाई में जांच रिपोर्ट को हलफनामे के साथ पेश करे। दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की एक पूर्व छात्रा और दो वरिष्ठ छात्रों द्वारा कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गईं। इससे पहले 24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। कॉलेज के 31 वर्षीय पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा को मामले के मुख्य आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 19 साल जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखोपाध्याय के रूप में पहचाने गए दो छात्र और एक सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने मनोजीत और दोनों छात्रों को 8 जुलाई तक कोलकाता पुलिस की हिरासत में भेज दिया। इसके अलावा सुरक्षा गार्ड को शुक्रवार तक की हिरासत में भेजा गया।

दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन ने मनोजीत की संविदा नियुक्ति को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह भी तय किया गया है कि आरोपी को अंतरिम अवधि के दौरान प्राप्त वेतन वापस करना होगा। मामले में दो अन्य आरोपी जैब अहमद और प्रमित मुखोपाध्याय (लॉ कॉलेज के वर्तमान छात्र) को संस्थान से निष्कासित कर दिया गया है। हालांकि, विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि मनोजीत की नियुक्ति को कैसे मंजूरी दी गई।

## पुणे में डिलीवरी एजेंट बनकर की दरिंदगी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। पुणे के जोन-5 के डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि आरोपी अज्ञात व्यक्ति खुद को कूरियर डिलीवरी एग्जीक्यूटिव बताकर महिला के फ्लैट में घुसा था, जहां उसने इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया।

डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे महाराष्ट्र के पुणे शहर के कोंढवा इलाके में एक हाउसिंग सोसायटी में हुई। उन्होंने कहा कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, महिला उस समय अपने फ्लैट में अकेली थी।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ग्लोबल-नेशनल रैंकिंग में छुई नई बुलंदी, दुनिया की शीर्ष 2% यूनिवर्सिटीज में हुई शामिल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ (सीयू) ने दुनिया की शीर्ष दो प्रतिशत में शामिल होकर प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में प्रभावशाली 575वीं रैंक हासिल की है। सीयू ने इस सूची में शामिल होने के लिए 125 स्थान की छलांग लगाई है। इसके साथ ही देश में भी सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में भी सीयू 18वीं से बढ़कर 16वीं रैंक पर पहुंच गई है। भारत की निजी यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने पिछले वर्ष तीसरी रैंक से आगे बढ़कर दूसरी रैंक पर पहुंच गई है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 54 भारतीय यूनिवर्सिटीज को शामिल किया गया है। सीयू की नवीनतम रैंकिंग भारत और विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा के अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है। एम्प्लॉयर्स के बीच चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की प्रभावशाली प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हुए सीयू ने पिछले वर्ष की तुलना में 'एम्पलॉयर्स रेपुटेशन' में 172वीं रैंक से 25 स्थानों की छलांग लगाई और विश्व में 147वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही। भारत में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को एम्प्लॉयर्स रेपुटेशन इंडिकेटर में 7वीं रैंक मिली है।

पिछले साल की 26वीं रैंक की तुलना में 14 स्थानों की छलांग के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में भारत में 12वां स्थान हासिल किया है, जो अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ रिसर्च साझेदारी बनाए रखने में यूनिवर्सिटी की सफलता को दर्शाता है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 4300 से अधिक पेटेंट फाइल किए हैं और देश की शीर्ष पांच रिसर्च गहन यूनिवर्सिटीज में शामिल रही है।

**तुलना**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को भारत में पिछले वर्ष एकेडमिक रेपुटेशन में 14वें स्थान की तुलना में इस बार 13वां स्थान मिला है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को भारत में पिछले वर्ष एकेडमिक रेपुटेशन में 14वें स्थान की तुलना में इस बार 13वां स्थान मिला है। एकेडमिक रेपुटेशन (एआर) संकेतक शैक्षणिक विशेषज्ञों से यूनिवर्सिटीज को उनकी विशेषज्ञता के विषय क्षेत्र के आधार पर नामित करने के लिए संस्थानों और उनके प्रोग्राम्स की रेपुटेशन को मापता है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू और विश्वविद्यालय के अधिकारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की सफलता का जश्न मनाते हुए। वर्ष 2004 में शुरू हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग पिछले 20 वर्षों में 'वैश्विक पहचान' बन गई है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अकादमिक रैंकिंग के क्षेत्र में अधिकार और प्रामाणिकता की मुहर लगा दी है। क्यूएस रैंकिंग हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बेंचमार्क, जहां यूनिवर्सिटीज को एम्प्लॉयर रेपुटेशन, एकेडमिक रेपुटेशन, इंटरनेशनल एम्प्लॉयर रेश्यो, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स रेश्यो, फैकल्टी-स्टूडेंट रेश्यो, साइटेशन पर फैकल्टी, रिसर्च एंड इनोवेशन, इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क और एम्प्लॉयर आउटकम सहित कड़े मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक किया जाता है।



## सोमालिया में अफ्रीकन यूनियन शांति सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, पांच सैनिकों की मौत

**धमाके**

एक स्थानीय ने बताया कि उसने धमाके की तेज आवाज सुनी थी। जिसके बाद घटनास्थल पर धुआं-धुआ ही दिखाई दे रहा था।




**मोगादिशु।** सोमालिया सिविल एविएशन अर्थॉरिटी के निदेशक जनरल अहमद माओलिम हसन ने बताया कि हादसे की जांच चल रही है। सोमालिया के उड्डयन मंत्री हादसे वाली जगह पहुंचने वाले पहले लोगों में शामिल थे। सोमालिया में अफ्रीकन यूनियन की शांति सेना का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें यूगांडा के पांच सैनिकों की मौत हो गई। घटना सोमालिया की राजधानी मोगादिशु की है। यूगांडा की सरकार ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एमआई-24 हेलीकॉप्टर ने लोअर शबेले क्षेत्र में स्थित एक एयरफील्ड से उड़ान भरी थी। हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। इनमें पांच की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर यूगांडा एयर फोर्स का था और अफ्रीकी यूनियन शांति सेना मिशन के तहत सोमालिया में सेवा दे रहा था। यूगांडा की सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था। हादसे में हेलीकॉप्टर का पायलट, सह-पायलट और फ्लाइट इंजीनियर ही बचे हैं। ये तीनों भी गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमालिया सिविल एविएशन अर्थॉरिटी के निदेशक जनरल अहमद माओलिम हसन ने बताया कि हादसे की जांच चल रही है। सोमालिया के उड्डयन मंत्री हादसे वाली जगह पहुंचने वाले पहले लोगों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि हादसे के पहले हेलीकॉप्टर हवा में ही अनियंत्रित होकर लहराया और आखिरकार क्रैश हो गया।

एक स्थानीय ने बताया कि उसने धमाके की तेज आवाज सुनी थी। जिसके बाद घटनास्थल पर धुआं-धुआ ही दिखाई दे रहा था। हादसे के चलते कुछ देर तक एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही रोक दी गई लेकिन कुछ देर बाद ही संचालन फिर से शुरू हो गया। अफ्रीकी यूनियन मिशन ने आतंकी संगठन अल शबाब से लड़ने के लिए अपनी शांति सेना को सोमालिया में तैनात किया है। इस शांति सेना में यूगांडा और केन्या के सैनिक होते हैं।

## भारत आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा

**वॉशिंगटन।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने अमेरिका गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं, तो हम अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को एक बार फिर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि क्वाड और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का 25 अप्रैल को जारी बयान हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि यह बयान हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें दुनिया को बताना होगा कि हमने क्या किया? सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं, तो हम अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया था। जयशंकर ने कहा कि हमने क्वाड के साथ-साथ विश्व स्तर पर अपने समकक्षों के साथ आतंकवाद की प्रकृति को साझा किया। भारत इसका कई दशकों से सामना कर रहा है। हम आज इसका बहुत दृढ़ता से जवाब देने के लिए दृढ़ हैं और हमें अपना बचाव करने का अधिकार है। अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात को लेकर जयशंकर ने कहा कि रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक अच्छी रही। दोनों नेताओं ने अनिवार्य रूप से पिछले छह महीनों की चर्चा का जायजा लिया और आगे की राह पर विचार किया। इसमें व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, ऊर्जा और गतिशीलता पर चर्चा शामिल थी। मैंने रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और ऊर्जा सचिव क्रिस राइट के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। रूस से तेल खरीदने वाले देशों से आयात पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अमेरिकी योजना पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस में होने वाला कोई भी घटनाक्रम भारत के लिए दिलचस्पी का विषय है। अगर यह हमारे हित को प्रभावित करता है या हमारे हित को प्रभावित कर सकता है भारतीय दूतावास और अधिकारी इस मुद्दे पर अमेरिकी सीनेटर ग्राहम के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऊर्जा सुरक्षा में हमारी चिंताओं और हमारे हितों से उन्हें अवगत करा दिया गया है। इसलिए जब हम उस पुल पर पहुंचेंगे, तो हमें उसे पार करना होगा।

इससे पहले क्वाड देशों यानी अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

**सिंदूर**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को एक बार फिर स्पष्ट किया।



## दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, वियना में रोकने के बाद की गई रद्द



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया का विमान दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन जा रहा था। विमान को ईंधन भरने के लिए वियना में रोका गया। यहां फ्लाइट में तकनीकी खराबी की जानकारी हुई। इसके बाद विमान को रद्द कर दिया गया। दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रहे विमान संख्या ढ्ढ103 को वियना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भरने के दौरान नियमित जांच के वक्त विमान तकनीकी खराबी का पता लगा। इस खराबी को ठीक करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। इसके कारण विमान की वियना से वाशिंगटन डीसी तक की यात्रा रद्द कर दी गई और यात्रियों को उतार दिया गया। वीजा-मुक्त प्रवेश के लिए पात्र यात्रियों या वैध शेंगेन वीजा वाले यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ान तक वियना में होटल में रहने की सुविधा प्रदान की गई। जबकि प्रवेश की अनुमति के बिना वाले यात्रियों के लिए ऑस्ट्रियाई अधिकारियों की ओर से आव्रजन और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक रहने की व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद वॉशिंगटन डीसी से वियना होते हुए दिल्ली जाने वाली उड़ान ढ्ढ104 भी रद्द कर दी गई और प्रभावित यात्रियों को दिल्ली के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया गया। साथ ही उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर पूरा रिफंड दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि असुविधा के लिए गहरा खेद है और वह सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय उड़ान से पहले सुरक्षा जांच पहल के तहत लिया गया था।

## हैती की राजधानी पर अपराधियों का 90 प्रतिशत कब्जा, संयुक्त राष्ट्र ने बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता



**संयुक्त राष्ट्र** हैती में अपराध समूहों ने जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस की हत्या कर दी थी, उसके बाद से अभी तक हैती में कोई नया राष्ट्रपति नहीं बना है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कैरेबियाई देश हैती में अपराध समूहों ने राजधानी पोर्ट ओ प्रिंस पर लगभग कब्जा कर लिया है और हैती की सरकार बढ़ती हिंसा को रोकने में नाकाम है। संयुक्त राष्ट्र के ड्रग्स और क्राइम कार्यालय के निदेशक घदा फाते वली ने सुरक्षा परिषद को यह जानकारी दी। वली ने कहा कि राजधानी के करीब 90 प्रतिशत हिस्से पर अपराधियों का कब्जा हो गया है और वे लगातार सरकारी व्यवस्था पर हमला कर अपने कब्जे को बढ़ा रहे हैं।

वली ने कहा कि जो इलाके पहले हिंसा से दूर थे, अब वहां भी हिंसा बढ़ रही है। दक्षिणी हैती, जो अभी तक हिंसा से बचा हुआ था, अब वहां भी अपराधियों द्वारा की जा रही हिंसा में तेज बढ़ोतरी हुई है। पूर्वी इलाकों में तो अपराध समूहों ने जमीनी रास्तों पर कब्जा कर लिया है, जहां पुलिस और राजस्व अधिकारियों पर हमले हो रहे हैं। इन हमलों के चलते बेलाडेरे और मालपासे शहरों का रास्ता बंद हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने बताया कि हैती की सरकार लगातार कमजोर हो रही है और अब लगभग बिखरने के कगार पर है।

अपराध समूहों के रास्तों पर कब्जे से महंगाई बढ़ रही है और चावल और तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। पहले ही गरीबी से परेशान आम जनता पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है। अपराध समूह अपने-अपने इलाकों में समानांतर सरकार चला रहे हैं। यूएन अधिकारियों ने कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हैती में दखल नहीं दिया तो वहां व्यवस्था पूरी तरह से नष्ट हो सकती है। हैती में अपराध समूहों ने जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस की हत्या कर दी थी, उसके बाद से अभी तक हैती में कोई नया राष्ट्रपति नहीं बना है। केन्या की पुलिस कुछ इलाकों में सुरक्षा देने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह भी जवानों की कमी और अपर्याप्त फंड से जूझ रही है। केन्याई पुलिस को गैर घातक हथियार और फंड देने का प्रस्ताव लंबे समय से परिषद में अटका पड़ा है।

हैती में अपराध की बढ़ोतरी के साथ ही यौन दुष्कर्म की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। मार्च से अप्रैल के बीच ही हैती में 364 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। हैती में लोग निजी सुरक्षाकर्मी रख रहे हैं, जिससे और हिंसा बढ़ रही है। कई राजनेता भी अपने फायदे के लिए हिंसा और अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं।

# किसानों को नवीनतम पद्धति की दी जा रही जानकारी: जिला उद्यान अधिकारी

**विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं और गतिविधियां**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि बागवानी, विशेषकर आम की खेती से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने हेतु विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के अन्तर्गत किसान को नवीनतम बागवानी तकनीकों का उपयोग करने, आम के पौधों का स्वास्थ्य और विकास, सिंचाई और पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण उपायों का अनुपालन, किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियाँ आदि की जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही रोगग्रस्त पौधों की पहचान और उनकी रोकथाम हेतु सलाह, जैविक और रासायनिक कीटनाशकों /कवकनाशकों के उचित उपयोग पर मार्गदर्शन, आवश्यकतानुसार फील्ड प्रदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण, नवीनतम शोध के आधार पर रोगों के प्रबंधन की जानकारी हेतु विभागीय विशेषज्ञ किसानों को जानकारी देने के साथ ही प्रभावी समाधान प्रदान करते है। साथ ही समय-समय पर बागवानी से लाभान्वित आम के किसानों का सघन निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान या किसानों द्वारा सूचित किए जाने पर, आम की फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों की पहचान की जाती है।

किसान दिवस में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत विभिन्न घटकों पर सब्सिडी, नवीनतम बागवानी तकनीकों का प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता, बागवानी उत्पादों के विपणन में सहायता, ड्रिप सिंचाई, शेड नेट, पॉलीहाउस आदि के लिए प्रोत्साहन के बारे में जानकारी दी जाती है। किसान गोष्ठियों के माध्यम से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एवं उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 का प्रचार-प्रसार किया जाता है।

# होम्योपैथी के जनक डॉ. हेनिमेन की मनाई गयी पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया आजमगढ़ के तत्वावधान में होम्योपैथी के अन्वेषक डा0 क्रिश्चियन फ्रेड्रिक सैमुअल हेनिमेन की पुण्यतिथि बुधवार को शहर स्थित डॉ. एस. के.राय की क्लिनिक में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भक्तवत्सल, हमाई अध्यक्ष डा0 देवेश दूबे, चेयरमैन महिला विंग उत्तर प्रदेश डा0 नेहा दूबे, सचिव डा0 रणधीर सिंह, डा0 अभिषेक राय, डा0 सी.जी मौर्या ने संयुक्त रूप से डा0 हैनिमेन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डा0 हेनिमेन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा की गयी। डॉ. भक्तवत्सल ने कहा कि डा0 हेनिमेन ने होम्योपैथी के रूप में एक बेहतर चिकित्सा पद्धति हमे प्रदान किया है,उनके बताए हुए सिद्धान्तों पर हमें चलने की जरूरत है,जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सके।हमाई अध्यक्ष डा0 देवेश दूबे ने कहा कि स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना बगैर होम्योपैथी के करना सम्भव ही नहीं है। आज के परिवेश में होम्योपैथी के जरिये आसाध्य रोगों का निवारण किया जा रहा है।हम सभी चिकित्सकों को डॉ. हेनिमेन के बताए हुए सिद्धान्तों पर चलकर पीड़ित मानवता की सेवा करनी चाहिए। आज हम सभी होम्योपैथी के जनक डॉ. हेनिमेन को शत शत नमन करते है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सी. जी .मौर्य ने किया ,डॉ. एस. के.राय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. ए.के.राय, डॉ. नवीन दूबे, डॉ. बी .पाण्डेय, डॉ. नेहा दूबे, डॉ. अभिषेक राय, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. एस. सी.सैनी, डॉ. राजकुमार राय, डॉ. एच. एम. सिंह, डॉ. ब्रजेश सिंह, , डॉ. अजय मौर्य, डॉ. एच.पी.त्यागी, डॉ. अनुतोष वत्सल, डॉ. नीरज दूबे, मो. आसिफ़ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा की बरामदगी

**रौनापार/आजमगढ़।** आपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर अपहृत/गुमशुदा लोगों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश के क्रम में दिनांक-29.06.2025 को गुमशुदा संध्या यादव पुत्री जयप्रकाश यादव साकिन आराजी देवारा नैनीजोर थाना रौनापार आजमगढ़ को नेता सुबाष पैलेस शकुरपुर दिल्ली से म0उ0नि0 पूनम विश्वकर्मा द्वारा बरामद किया गया। दिनांक 14.04.25 को जयप्रकाश यादव पुत्र रामाधार यादव ग्राम विशेन का पुरा थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि खुद की पुत्री संध्या यादव उम्र 24 वर्ष दिनांक 25.03.25 को घर से नाराज होकर कही चले जाने के सम्बन्ध मे दिया गया था जिस पर थाना स्थानीय पर गुमशदगी क्रमांक नं0 24/25 दिनांक 14.04.25 को पंजीकृत कर जाँच हेतु म0उ0नि0 पूनम विश्वकर्मा को दिया गया । गुमशुदा संध्या यादव का प्राप्त लोकेशन के अनुसार म0उ0नि0 पूनम विश्वकर्मा मय हमराह दिल्ली गये जहाँ से गुमशुदा संध्या यादव को नेता सुबाष पैलेस शकुरपुर दिल्ली से बरामद किया गया।

# सातवीं मोहर्रम का अलम जुलूस अकीदत और अमन के साथ निकला



**शहीदी चौक से इमामबाड़ा तक पहुंचा जुलूस, जगह-जगह शर्बत और तबर्रुक तकसीम, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** कस्बे में गुरुवार को सातवीं मोहर्रम के मौके पर हज़रत अब्बास अलमदार की याद में अलम का जुलूस पूरे अकीदत और शांति के माहौल में निकाला गया। सुबह से ही ताजियेदार तैयारी में जुटे रहे। शहीदी चौक से जुलूस का आगाज हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ इमामबाड़ा तक पहुंचा।जुलूस में छोटे-बड़े बच्चे हाथ में अलम लिए चल रहे थे। ताजियेदार तबले की थाप पर आगे बढ़ते रहे। रास्ते में जगह-जगह अकीदतमंदों की ओर से शर्बत और तबर्रुक तकसीम किया गया। लोगों ने जुलूस में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया। करीब डेढ़ दर्जन ताजियेदारों के समूह ने इमामबाड़ा पहुंचकर फातिहा पढ़ी और अमन-चैन की दुआ मांगी। फातिहा के बाद अलम वापस अपने-अपने चौकों की ओर रवाना हुए। इस दौरान कस्बे के जिम्मेदार नागरिक, समाजसेवी और तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। थाना प्रभारी रामाश्रय राय खुद पूरे जुलूस मार्ग पर लगातार गश्त करते नजर आए। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि यातायात बाधित न हो।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह जुलूस कई सालों से परंपरागत तरीके से निकल रहा है। इस बार भी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम रही। पूरे कस्बे में भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम फैला।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हॉस्टल शिफ्टिंग का विरोध



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को हॉस्टल शिफ्टिंग को लेकर रिसर्च स्कॉलर्स ने प्रदर्शन किया। यूनिवर्सिटी प्रशासन अमरनाथ छात्रावास के सभी रिसर्च स्कॉलर्स को राधाकृष्ण हॉस्टल में स्थानांतरित करना चाहता था। छात्रों ने इस फैसले का विरोध किया। छात्रों का कहना था कि राधाकृष्ण हॉस्टल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। साथ ही अमरनाथ छात्रावास का माहौल रिसर्च के लिए बेहतर है। छात्रों ने प्रशासन को धरने की चेतावनी दी। स्थिति को संभालने के लिए यूनिवर्सिटी प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को राधाकृष्ण हॉस्टल के साथ डायमंड जुबली और सर सुंदरलाल छात्रावास का भी विकल्प दिया। इस पर छात्र सहमत हो गए। प्रशासन ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उन पर कोई दबाव नहीं डाला जाएगा। सुविधाओं के अनुरूप ही आवास का आवंटन होगा। प्रॉक्टर ने छात्रों से पढ़ाई और रिसर्च पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन हमेशा तैयार है। इस समझौते के बाद छात्र अपने पुराने हॉस्टल लौट गए।

## भारत विकास परिषद मंगलम ने आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भारत विकास परिषद् मंगलम् द्वारा फाफामऊ प्रयागराज स्थित बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पर्यावरण संरक्षण हेतु एक वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में नीम, आम, आंवला, अमरूद, मदीना, अर्जुन आदि जैसे फलदार, छायाप्रद एवं औषधीय गुणों से भरपूर पौधों को लगाया गया। साथ ही बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक आशुतोष श्रीवास्तव तथा प्रबन्धन से बात करके इन पेड़ों के देखरेख तथा संवर्धन की जिम्मेदारी दी गई। जिससे पौधे सूखने ना पाए। संरक्षक नागेंद्र सिंह एवं मार्गदर्शक एस.एन गुप्ता ने बताया कि प्रकृति के संतुलन के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य रूप से भारत विकास परिषद् मंगलम् के संरक्षक नागेंद्र सिंह , मार्गदर्शक एस.एन गुप्ता, अध्यक्ष वी पी गुप्ता, आर पी शर्मा, सुनील धवन, प्रो0 श्यामल मुखर्जी, दीपा जोशी, सुनील श्रीवास्तव , प्रदीप जायसवाल , सिद्धार्थ, जानवी मिश्रा, योगेन्द्र दीक्षित तथा राजेश श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

## स्कूल बंद शराब की दुकानें खोलना निंदनीय- किशोर

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने सूबे की योगी सरकार के पांच हजार प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों को बंद कर उनके समावेशण किये जाने की निंदा की है। फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह छोटे बच्चों के भविष्य के साथ युवाओं और बेरोजगारों के लिए दिक्कत भरा कदम है। उन्होंने पूछा कि प्रदेश में सरकार स्कूल बंद कर शराब की दुकानें खोल क्या संदेश देना चाहती है। क्या अनपढ़ रहेंगे बच्चे तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा।

## पवित्र माह श्रावण में साफ सफाई के लिए दिया ज्ञापन

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी नेता श्रीश चन्द्र दुबे के नेतृत्व में 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहे पवित्र माह श्रावण पर घाटों की साफ सफाई के लिये नगर आयुक्त संबोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया है कि स्नान घाटों पर साफ सफाई व्यवस्था किया जाये। सावन शुरू होने में अब एक सप्ताह ही बचे हैं।क्षनगर निगम अभी इधर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर निगम के सारे कर्मचारी और नगर आयुक्त सावन के महीने को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नया होने से नगर आयुक्त को अनुभव भी नहीं है कि श्रावण का पर्व एक महीने के लिये होता है। दशाश्वमेध घाट से अलोपी बाग होते हुए शास्त्री ब्रिज से होते हुए बनारस की ओर कांवड़ यात्रा जाती है। रोड पर सीवर चोक, जल भराव एवं लाइट की समस्या बनी हुई है। कई जिलों से श्रद्धालु स्नान एवं जल भरने आते है। घाट की व्यवस्था भी व्यवस्थित नहीं है एवं जिस रास्ते से कांवड़ यात्रा गुजरती है वहां भारी अतिक्रमण भी बना हुआ है। ज्ञापन देने वालों में श्रीश चंद्र दुबे, रितेश कुमार, आशीष मिश्रा, अजीत पासी, अनुज श्रीवास्तव, गोलू पासी आदि लोग उपस्थिति थे।

## पूरे शान-ए- शौकत के साथ निकाला गया नीम सराय का अलम

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** माहे मुहर्रम की सात तारीक के मौके पर हमेशा कि तरह इस साल भी मोहल्ला नीम सराय गयासुद्दीन पुर का आलम अपनी वक़्त की पाबंदी के साथ निकाला गया। ये आलम प्रयागराज मे सबसे लम्बे रूट का आलम है। यह नीम सराय से निकल कर धूमनगंज, सुलेम सराय, चौफटका, हिम्मतगंज, खुल्दाबाद, नखास कोहना, निरंजन चौराहा होते हुए बड़ा ताजिया पहुंचा। ताजिया के फूल माला चढ़ाकर मन्नतें मांगी दुआएं मांगी। प्रशासन के आला ऑफिसर भी बड़ी मुस्तेदी के साथ आलम मे चल रहे हैं।

# पुराने चकबन्दी गांवों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर शीघ्र चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराई जाय : मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने मण्डल के जनपदों में संचालित चकबन्दी कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन पुराने गावों को प्राथमिकता पर लिया जाये, वहॉ कार्यो में निपुण लेखपालों और एसीओ की तैनाती करते हुए ऐसे गावों में चकबन्दी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने हेतु क्रमवार लक्ष्य निर्धारित कर तद्नुसार कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त विवेक ने मंगलवार को देर सायं अपने कार्यालय सभागार में आयोजित उक्त समीक्षा बैठक में कहा कि जनपदों में चकबन्दी प्रक्रिया की प्रगति धीमी है, इसमें तेजी लाई जाय। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से चकबन्दी कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने चकबन्दी से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी आपत्तियॉ लम्बित हैं उसका तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने इसी क्रम में यह भी निर्देश दिया कि जिन गांवों से मा.उच्च न्यायालय में रिट याचिकायें योजित हैं उसमें जो भी कार्यवाही अपेक्षित है उसमें तत्काल कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि समयबद्ध रूप से चकबन्दी वादों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए इस ओर विशेष ध्यान देकर सभी पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने न्यायालय में बैठें और चकबन्दी वादों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने तीनों जनपद के उप संचालक चकबन्दी को निर्देश दिया कि पूर्व और वर्तमान पीठासीन अधिकारियों द्वारा चकबन्दी वादों में पारित निर्णयों का परीक्षण कर लें, यदि किसी निर्णय में दुरभिसंधि पाई जाती है तो उन पीठासीन अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाय। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि आगामी समीक्षा बैठक में पेंडिंग वादों के सापेक्ष 01 जुलाई से निस्तारित किए गये वादों का न्यायालयवार विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार ने भी चकबन्दी प्रक्रियाधीन पुराने गावों में चकबन्दी कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद आजमगढ़ में 46 गांव, बलिया 45 एवं मऊ में 20 गांव चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन हैं। अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन ने तीनों जनपदों में प्रक्रियाधीन ग्रामवार प्रगति की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप संचालक चकबन्दी, आजमगढ़ राम किशोर, उप संचालक चकबन्दी बलिया राजेन्द्र, उप संचालक चकबन्दी /मुख्य राजस्व अधिकारी मऊ दिनेश, एसओसी आजमगढ़ लालता प्रसाद अहिरवार व रामप्रवेश प्रसाद सिंह, एसओसी बलिया नरेन्द्र सिंह व सचेन्द्र कुमार सिंह, एसओसी मऊ राजीव कुमार उपाध्याय सहित समस्त चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारी उपस्थित थे।

# बीज दुकानदारों का डीएओ ने किया निरीक्षण

**खाद निर्धारित दर पर ही बिक्री होनी चाहिए: डॉ. गगन दीप सिंह**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशों के क्रम में आज डॉ गगन दीप सिंह, जिला कृषि अधिकारी के द्वारा सठियांव क्षेत्र के अंतर्गत खाद एवं बीज के दुकानदारों का निरीक्षण किया गया तथा सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि खाद पॉइंट ऑफ सेल (पोस) मशीन से ही बिक्री किया जाए तथा स्टॉक रजिस्टर एवं विक्री रजिस्टर प्रतिदिन पूर्ण किया जाए। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अपूर्ण होने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया गया कि खाद निर्धारित दर पर ही बिक्री होनी चाहिए। डीएपी का निर्धारित दर है 1350 रुपए प्रति 50 किग्रा0 बोरी तथा यूरिया का निर्धारित दर है 266.50 रूपए प्रति 45 किग्रा0 बोरी। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए किसान सहकारी समितियों के अधिकारी के मोबाइल नंबर 08527436613 तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 09792773880 /09450753720/0945307 2429/07839882455 पर संपर्क कर अपनी कठिनाई/परेशानी का निस्तारण आसानी से करा सकते हैं। खाद खरीदने के लिए आधार कार्ड एवं खतौनी अनिवार्य है। साथ ही जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जनपद में खाद की सप्लाई जारी रहेगी, किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने पाएगी। किसान किसी भी प्रतिष्ठान पर भीड़ ना लगाएं और ना ही कानून व्यवस्था को हाथ में ले। जनपद के सठियांव क्षेत्र में खाद एवं बीज की दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा निम्नलिखित 03 खाद एवं बीज के दुकानदारों का लाइसेंस स्टॉक एवम बिक्री रजिस्टर अपूर्ण रखने एवं पॉइंट ऑफ़ सेल मशीन में स्टॉक उपलब्ध होने परंतु भौतिक रूप से गोदाम पर उर्वरक कम पाए जाने पर तथा जबरदस्ती जिंक/सल्फर/सूक्ष्म पोषक तत्त्व किसानों को वितरण करने पर खाद के दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित किया जा रहा है। इनकी सूची निम्न लिखित है। 1. अर्जुन उर्वरक एवं बीज भंडार, शाहगढ़, 2. प्रिया बीज भंडार, शाहगढ़, 3. शैलेश बीज भंडार, शाहगढ़, जनपद के समस्त खाद के दुकानदारों को निर्देशित किया जाता है कि कोई भी दुकानदार निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री ना करे तथा सभी दुकानदार अपने-अपने पॉइंट ऑफ सेल मशीन को चेक कर ले यदि उनके पॉइंट ऑफ सेल मशीन में किसी भी प्रकार का उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है तो उसको नियमानुसार खारिज कर दें अन्यथा संबंधित दुकानदार का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जीयनपुर/आजमगढ़।** 27 जून को आवेदक वृजेश शर्मा पुत्र फूलचन्द्र शर्मा निवासी रामपुर पोस्ट अमुवारी थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ उपस्थित थाना आकर प्रार्थना पत्र दिये की दिनांक 28.05.2025 को अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्र50' ×××× प्राचीन शिव मन्दीर जीयनपुर के सामने गाडी खडी कर सामान लेने गया था कुछ समय वाद वापस आया तो वहा पर मेरी मोटरसाइकल नही थी अपने गाडी कि काफी खोजबीन करता रहा जब मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी नही मिल सकी तो दिनांक 27/06/25 थाना पर प्रार्थना पत्र दिया के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 241/2025 धारा 303(2) ब्नःस बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत हुआ जिसकी उ0नि0अमित कुमार वर्मा द्वारा सम्पादित की जा रही है । विवेचना के क्रम मे गिरफ्तारी का विवरण/घटना का अनावरणङ्ग दिनांक 28.06.2025 को उ0नि0 अमित कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त राहुल चौहान पुत्र केशव चौहान निवासी मुहल्ला संग्रामपुर राजा उनवल थाना खजनी जनपद गोरखपुर उम्र करीब 21 वर्ष को चोरी की बाइक के साथ समय करीब 00.20 बजे बरामद किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**नीलामी सूचना स. 02/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये स्थल पर स्थित रेलवे की दुकानो का सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में नीचे दर्शाये गये दिनांक व समय पर सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी व लेखा निरीक्षक की उपस्थिति में नीलामी सम्पन्न की जायेगी। दुकानो के स्थल प्लान को सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**स्थलः** वमइं/।।/लंज महोदय क्षेत्र के अधीन सी0से0इ0/कार्य/लखीमपुर के अन्तर्गत गोलागोकरननाथ स्टेशन पर स्थित रेलवे की 07 अदद दुकानो की नीलामी,

| क्र0सं0 | दुकान सं0 | एरिया |
|---|---|---|
| 1 | 04 | 100.00 (Sqft) |
| 2 | 05 | 100.00 (Sqft) |
| 3 | 06 | 100.00 (Sqft) |
| 4 | 07 | 100.00 (Sqft) |
| 5 | 08 | 100.00 (Sqft) |
| 6 | 09 | 100.00 (Sqft) |
| 7 | 10 | 100.00 (Sqft) |

नीलामी की तिथिः 14.07.2025, धरोहर राशि(रूपये में): 50,000/– बैंक ड्राफ्ट द्वारा एवं प्रवेश शुल्क रू0 1000/– नगद जो वापस नही होगा। धरोहर राशि जमा करने की तिथि एवं समयः 13.07.2025 तक (10.00 बजे से 18.00 बजे तक), नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समयः 14.07.2025, 12.00 बजे, दुकान संचालन की अवधिः 05 वर्ष।

**नियम एवं प्रतिबन्धः**– नीलामी की शर्ते एवं नियम वेबसाइट के www.ner.indianrailways.gov.in तथा Govt. of India website: www.tendersgov.in पर उपलब्ध है।

सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी

मुजाधि/डब्लू–146

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# कर्बला के शहीदों की याद में उठाई गई गुल्लू पहलवान की मेहंदी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माहे मोहर्रम की सात तारीख इस्लामे हिंद सब्जी मंडी (राईन नगर) से गुल्लू पहलवान की मेहंदी उठाई गई। मेहंदी को बहुत ही शानदार तरीके से सजाया गया।

मेहंदी को सजाने वाले गौस माली ने बताया कि इस मेहंदी को हमने तीन बड़ी मस्जिदों के सामने की डिजाइन से लेकर तैयार किया है। इस मेहंदी की साइज और मेहंदियों से ज्यादा है। लाल सफेद फूलों से सजाया गया है। कारीगरों ने फूल को ऐसा लगाया है फूल नहीं मानो जैसे नगीना जडा गया हो। मेहंदी उठने से पहले गौस माली को इनाम मिलने लगे थे इसी से पता चलता है की मेहंदी कितनी खूबसूरत बनाई गई है। देर रात या



अली या हुसैन के बुलंद नारे लगाते हैं और नौजवानों में जोश भरा जाता है हुसैन के चाहने वाले मेहंदी को अपने कंधे पर लेकर गश्त करने निकल पड़ते हैं। औरत और बच्चे शाम से ही अपने रिश्तेदारों के यहां आकर पहले से जगह बना लिया था। भीड़ उम्मीद से ज्यादा थी। हर तरफ सर ही सर दिखाई दे रहा था। मेहंदी का बोसा फूल चढ़ाने मन्नते मांगने और दुआएं मांगने की होड लगी हुई थीऋ औरतों और बच्चे मेहंदी का दीदार करने के लिए बेचैन थी। मेहंदी लतीफ मार्केट से उठकर गढ़ी सराय, नखास कोहना पहुंची तो हुसैन के शैदाइयों का हूजूम कई गुना बढ़ जाता है भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोग अपने को संभाल नहीं पा रहे थे। मेहंदी नखास कोहना पर गश्त करती है मेहंदी पर जब फोक्स पड़ता है तो ऐसा लगता है कि हजारों जुगनू एक साथ चमक उठे हो मेहंदी की हर लोग तारीफ कर रहे थे मेहंदी शाहगंज थाना सस्ता बाजार डफरिंन अस्पताल पर गश्त करती है। मेहंदी में भीड़ को देखते हुए मोहर्रम कमेटी ने भीड़ को कंट्रोल करने के लिए टीम बनाई है। जो 9नौ और 10 दस मोहर्रम की भीड़ को कंट्रोल करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलवा हत्या कांड में धनंजय सिंह हुए दोषमुक्त



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** बेलवा हत्या कांड के मामले में एमपी एमले कोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह सहित 4 लोगों को दोषमुक्त कर दिया है। बता दे कि अप्रैल 2010 को बेलाव घाट पर टोल टैक्स के विवाद को लेकर संजय निषाद व नंदलाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने विवेचना कर पूर्व सांसद धनंजय व आशुतोष पर हत्या के दुष्प्रेरण एवं पुनीत व सुनीत के खिलाफ हत्या का मामला पाते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया। तब से लेकर मुकदमा चल रहा था। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि मामला पॉलिटिकली मोटिवेटेड था. जनवरी-फरवरी के आसपास बेलवा घाट पर किसी की हत्या हुई थी जिस मामले में नवंबर 2011 में मेरा नाम शामिल किया गया था. मैं अमर सिंह से मिलने जेल में चला गया था। अधिवक्ता उमेश शुक्ला ने बताया कि साक्ष्य के अभाव की वजह से कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। इस मामले में 20 गवाह प्रस्तुत किए गए थे लेकिन किसी ने भी सपोर्ट नहीं किया।

### विशेष चेकिंग अभियान में 4 स्कूली वाहनों का चालान

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** परिवहन आयुक्त उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक स्कूली वाहनों के प्रति विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में 03 जुलाई 2025 को जनपद के विभिन्न स्थानों यथा जेसिस चौराहा, सिपाह तिराहा, पचहटिया तिराहा, लाइन बाजार में स्कूली वाहनों के विरूद्ध कुल 62 स्कूली वाहनों का सघन जॉच की गयी, जिसमें मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले 04 स्कूली वाहनों का चालान/बन्द की कार्यवाही की गयी है। उक्त के साथ जनपद के समस्त स्कूल प्रबन्धकों एवं वाहन स्वामियों से अपील किया गया कि वाहनों को मानक के अनुरूप कराकर ही संचालन किया जाय। उक्त अवसर पर समस्त प्रवर्तन कार्मिक उपस्थित रहे।

### चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर मनाया चिकित्सक दिवस

**प्रयागराज।** नाजरेथ अस्पताल ने अपने चिकित्सकों के प्रति बड़े उत्साह एवं हार्दिक कृतज्ञता के साथ राष्ट्रीय चिकत्सक दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत स्कूल ऑफ नर्सिंग सभागार में हुई, जहाँ चिकित्सक, कर्मचारीगण तथा आमंत्रित अतिथियों ने जीवन शुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जन कल्याण को बढ़ावा देने में चिकित्सकों की सेवा का सम्मान करने के उद्देश्य से एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण प्रार्थना गीत से हुई, जिसमें सभी चिकित्सकों के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना की गयी तथा उनके अटूट समर्पण एवं निःस्वार्थ सेवा के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र नोटिस**

लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के आवेदन के संबंध में 28–6–2025 को प्रकाशित नोटिस संख्या सी/123–1–एटीवीएम/25/एसवी के संदर्भ में। इस नोटिस में अन्य नियमों और शर्तों के खंड में निम्नलिखित बिंदु जोडे गए हैं– 1.पूर्व में नियुक्त एटीवीएम फैसिलिटेटर जिन्हें अनियमितताओं के कारण सेवा से हटा दिया गया है, वे पुनः एटीवीएम फैसिलिटेटर के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। 2. किसी भी रेलवे कर्मचारी को, जिसे संदिग्ध निष्ठा के आधार पर सेवा से हटाया/बर्खास्त किया गया हो, सुविधाकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। 3.सुविधाप्रदाता (सेवानिवृत्त कर्मचारी या उसका/उसकी पत्नी/बच्चे) को अनिवार्य रूप से पहचान पत्र और नाम बैज पहनना और प्रदर्शित करना होगा, जो संबंधित स्टेशन सीबीएस/सीएमआई/एसएस द्वारा जारी किया जाएगा। 4. एटीवीएम, इसके रखरखाव, लीज लाइन का प्रावधान, उन्नयन आदि का खर्च रेलवे द्वारा वहन किया जाएगा। बिजली और जगह का खर्च भी रेलवे द्वारा वहन किया जाएगा। हालांकि, अगर यह साबित हो जाता है कि एटीवीएम सुविधाकर्ता की ओर से किसी चूक/कमीशन के कारण क्षतिग्रस्त हुई है, तो मरम्मत का खर्च उससे वसूला जाएगा। 5. प्रशिक्षकों के लिए आवंटित प्रत्येक एटीवीएम को प्रशिक्षकों द्वारा ही संचालित किया जाएगा तथा वे 08 घंटे की पारी में काम करेंगे। 6. प्रत्येक 08 घंटे की शिफ्ट में एक विशेष एटीवीएम में केवल एक ही सुविधाकर्ता उपलब्ध होगा। 7. आवश्यकतानुसार सीबीएस/एसएस द्वारा सुविधाकर्ताओं का शिफ्टवार ड्यूटी रोस्टर बनाए रखा जाएगा। 8. रेलवे प्रशासन पूर्व सूचना देकर किसी सुविधाकर्ता को आवंटित नामित एटीवीएम को स्थायी या अस्थायी रूप से बदल सकता है या सुविधाकर्ता को किसी ऐसे एटीवीएम पर काम करने के लिए बुला सकता है जो शुरू में उसके लिए नामित नहीं था। 9. यदि किसी विशेष स्टेशन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों की संख्या विवरण के अनुसार उस स्टेशन के लिए निर्धारित सुविधाकर्ताओं की संख्या से अधिक है, तो उनमें से पात्र आवेदकों का चयन नाबालिग बच्चे का उपयोग करके लॉटरी द्वारा किया जाएगा। लॉटरी के इस ड्रा की तिथि और स्थान के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा। 10. सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ) द्वारा चयन किए जाने के पश्चात फैसिलिटेटर अपने स्वयं के व्यय पर एक स्मार्ट कार्ड खरीदेंगे तथा स्मार्ट कार्ड संख्या को लखनऊ मंडल के सभी संबंधित स्टेशनों के सीबीएस कार्यालय में पंजीकृत कराएंगे। स्मार्ट कार्ड का रिचार्ज फैसिलिटेटर द्वारा अपनी आवश्यकता एवं स्वयं के व्यय के अनुसार कराया जाएगा। 11. सुविधाकर्ता यात्रियों की कतार बनाएंगे और केवल मुद्रित दरों पर ही टिकट जारी करेंगे। नियमित एटीवीएम कार्ड धारक/यात्री जो स्वयं टिकट खरीदना चाहते हैं, उन्हें टिकट खरीदने में पहली प्राथमिकता दी जाएगी। सुविधाकर्ता मशीन का उपयोग तब करेंगे जब स्वयं संचालित यात्री मशीन का उपयोग कर लेंगे। 12. सुविधादाता कार्य से पहले और बाद में संबंधित सीबीएस/एसएस/सीएमआई को सलाह देंगे तथा इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में प्रविष्टि करेंगे। 13. वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ एटीवीएम सुविधाकर्ताओं की लंबी अनुपस्थिति, अनियमितताओं जैसे यात्रियों के साथ खराब व्यवहार आदि के मामलों की जांच करेंगे और यदि आवश्यक हो तो सुविधाकर्ताओं के अनुबंध को समाप्त करने सहित उचित कार्रवाई करेंगे। जहां भी आवश्यक हो, सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ लखनऊ) द्वारा एफआईआर दर्ज करने जैसी कार्रवाई की जा सकती है। 14. सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ) को किसी भी समय बिना कोई नोटिस दिए किसी भी सुविधाकर्ता को हटाने का अधिकार सुरक्षित है। 15. स्मार्ट कार्ड का ऑनलाइन रिचार्ज मूल्य वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ द्वारा तय किया जाएगा। सभी नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।

2007/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत की बिजली खपत 2035 तक तीन गुना होकर पहुँचेगी 4 ट्रिलियन यूनिट



कार्यकारी उपाध्यक्ष और पोर्टफोलियो मैनेजर अश्विनी शामी

**लखनऊ।** ऑम्नीसाइंस कैपिटल की नई रिपोर्ट ÷बिजली क्षेत्र~ 2035 तक विद्युत खपत का अनुमान ÷ के अनुसार, आने वाले एक दशक में भारत की विद्युत खपत में तीन गुना बढ़ोतरी होगी। यह अनुमान 2023 की 1.4 ट्रिलियन यूनिट से बढ़कर 2035 में 4 ट्रिलियन यूनिट (4000 टेरावाट-घंटे) तक पहुँचने का है, जो देश के औद्योगिक विस्तार, परिवहन के विद्युतीकरण, डिजिटल बुनि यादी ढांचे और शहरीकरण द्वारा प्रेरित होगा। रिपोर्ट के अनुसार, 2035 तक भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 1,400 चड्ड्ढ से बढ़कर लगभग 2,575 चड्ड्ढ तक पहुँच सकती है। इसमें बताया गया है कि %पावर ट्रायो% – इलेक्ट्रिक वाहन (श्वङ्क्ष्य), डेटा सेंटर और रेलवे – अकेले लगभग 500 ञ्जङ्ख्द्ध की खपत करेंगे, जो कुल अनुमानित बिजली खपत का लगभग 12-13त्न होगा। ऑम्नीसाइंस कैपिटल के कार्यकारी उपाध्यक्ष और पोर्टफोलियो मैनेजर अश्विनी शामी कहना हैं ÷औद्योगिक क्षेत्र, जो पहले से ही सबसे बड़ा बिजली उपभोक्ता है, 2035 तक लगभग 1,650 ञ्जङ्ख्द्ध बिजली का उपयोग करेगा – यह आज पूरे भारत की कुल खपत से अधिक है। वहीं परिवहन क्षेत्र, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों और रेलवे के कारण, 16.8त्न की वार्षिक दर से सबसे तेज़ वृद्धि करेगा। वाणिज्यिक क्षेत्र – खुदरा, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर आदि – की बिजली खपत 4.4 गुना बढ़कर 798 TWh होने का अनुमान है। आवासीय खपत भी 1,000 ञ्जङ्ख्द्ध के आंकड़े को पार कर सकती है, जिसका मुख्य कारण शहरीकरण और ऊर्जा-गहन उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता है। कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ेगी लेकिन दक्षता सुधार के साथ, जैसे कि डीजल पंप की जगह इलेक्ट्रिक और सोलर पंपों का इस्तेमाल। इस परिवर्तन के पीछे निवेश के बड़े अवसर भी छिपे हैं। ऑम्नीसाइंस कैपिटल के विश्लेषण के अनुसार, वर्तमान में भारत के पावर इकोसिस्टम में लगभग ?74.4 लाख करोड़ की मार्केट कैप वाली 230 कंपनियाँ सक्रिय हैं। आने वाले वर्षों में इनमें से कई कंपनियाँ, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रिड आधुनिकीकरण, और श्वङ्क्ष्य से जुड़ी कंपनियाँ, उच्च विकास दर दर्ज कर सकती हैं।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स फंड

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स स्कीम है और निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स को रिप्लिकेट करती है। यह स्कीम इन्वेस्टर्स को भारत के प्राइवेट बैंकों की एक बास्केट में इन्वेस्ट करने का मौका देती है, जिन्होंने स्ट्रॉन्ग फंडामेंटल्स दिखाए हैं और भारत की इकोनॉमिक एक्सपेंशन में सहयोग दिया है।एनएफओ अवधि 1 जुलाई - 14 जुलाई 2025 तक है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के चीफ मार्केटिंग एंड डिजिटल बिजनेस ऑफिसर, अभिजीत शाह ने कहा, ÷इस प्रोडक्ट के जरिए हम इन्वेस्टर्स को भारत के प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर की स्ट्रेंथ का आसान और कॉस्ट-इफेक्टिव तरीका ऑफर कर रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में जून में बस बुकिंग में 75%की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अंतर-शहरी बस बुकिंग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। जून 2025 में बस सीटों की बुकिंग में 75त्न की बढ़ोतरी हुई है (जून 2024 की तुलना में), जो कि दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस पर रिकॉर्ड की गई है। यह वृद्धि खास है क्योंकि आमतौर पर जून को धीमे यात्रा माह के रूप में देखा जाता है।इस बढ़ती मांग का मुख्य कारण जून 2 से 8 के बीच पड़े मुहूर्त दिन (शादी के लिए शुभ तिथियां) हैं, जबकि जून 2024 में ऐसे कोई भी मुहूर्त नहीं थे। इस दौरान राज्यभर में धार्मिक यात्राओं में भी तेज़ वृद्धि देखने को मिली।इस बढ़ोतरी में गोरखपुर, आजमगढ़, इटावा और झांसी जैसे गैर-मेट्रो शहरों से यात्रा करने वालों की भागीदारी भी प्रमुख रही, जो छोटे शहरों में डिजिटल अपनाने और बढ़ती गतिशीलता का संकेत देती है।उत्तर प्रदेश में यात्रा व्यवहार में बड़ा बदलाव आ रहा है। यह बदलाव सांस्कृतिक कैलेंडर (जैसे मुहूर्त और धार्मिक आयोजन) और छोटे शहरों में डिजिटल साधनों के बढ़ते उपयोग से प्रेरित है।

## मिवी ने भारत में एआई बड्स की शुरुआत की



**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनी मिवी ने एक नया तकनीकी प्रोडक्ट लॉन्च किया है मिवी एआई बड्स। ये बड्स शानदार आवाज़ के साथ-साथ एक ऐसे एआई एक्सपीरियंस के साथ आते हैं, जो इंसान की तरह बात करता है। ये पूरी तरह से भारत में बने हैं और बिना स्क्रीन के आसान बातचीत का अनुभव देते हैं। ये एआई बड्स 4 जुलाई 2025 से फ्लिपकार्ट और मिवी.इन पर सिर्फ 6999 रुपये में मिलेंगे। मिवी की सह-संस्थापक मिधुला देवभक्तुनी ने कहा मिवी एआई बड्स के साथ हम एक नया प्रोडक्ट नहीं, बल्कि एआई के साथ बातचीत का नया तरीका ला रहे हैं। यह भारत के लिए गर्व का पल है। ये बड्स स्मार्ट और सेंसटिव हैं। हम इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा भारत सरकार के 2000 करोड़ रुपये के एआई निवेश के साथ, मिवी का यह प्रोडक्ट भारत को दुनिया में एआई का बड़ा खिलाड़ी बनाता है। मिवी एआई बड्स की खासियत~ ये बड्स सामान्य एआई से अलग हैं। ये आपकी बात को याद रखते हैं, आपकी पसंद को समझते हैं और इंसान की तरह जवाब देते हैं। आप इनसे नौकरी के इंटरव्यू की तैयारी, खाना बनाने की टिप्स या किसी भी सवाल का जवाब ले सकते हैं। ये 8 भारतीय भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, कन्नड़, मलयालम और गुजराती में कम्युनिकेट करते हैं, वो भी बिना सेटिंग बदले।

## आईएचसीएल कानपूर में जिंजर होटल शुरू कर रही है भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी



**नई दिल्ली।** आईएचसीएल के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, न्यू बिज़नेसेस एंड होटल ओपनिंग्स - सुश्री दीपिका राव ने कहा, ÷कानपूर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख विनिर्माण और वाणिज्यिक केंद्र होने के नाते, जिंजर शुरू करने के लिए एक आदर्श स्थान है। इस तरह के नए सिरे से विकसित हो रहे शहरों में जिंजर शुरू करने की हमारी स्ट्रेटेजी के तहत इस समझौते को किया गया है। जेके अर्बनस्पेसेस डेवलपर्स लिमिटेड के साथ हमारे सहयोग को बढ़ाकर हमें बहुत खुशी हो रही है। जिंजर कानपूर में कुल 100 कमरे होंगे। काल्पी रोड, कमला क्रिकेट क्लब के पास स्थित यह होटल बिज़नेस और घूमने-फिरने दोनों के लिए प्रमुख स्थानों के बहुत ही नज़दीक है। इस होटल में जिंजर का सिग्नेचर क्यूमिन, एक बार, मीटिंग रूम और फिटनेस सेंटर भी है। काम हो या छुट्टी मनानी हो, या इन दोनों का मेल करना हो, जिंजर कानपूर अपने मेहमानों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। जेके अर्बनस्पेसेस डेवलपर्स लिमिटेड के सीईओ श्री मनीष मानसिंगका ने बताया, आईएचसीएल के साथ हमारे सहयोग को आगे बढ़ाकर हमें बहुत खुशी हो रही है। इस कंपनी के साथ हमारे प्रोजेक्ट अब कानपूर में भी जारी रहेंगे। उत्तर प्रदेश में आईएचसीएल के पास 34 होटल हो जाएंगे, जिनमें से 21 का काम अभी चल रहा है।

## पीएमआई ने तंबाकू के अवैध व्यापार को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की भारतीय कंपनी, आईपीएम इंडिया, ने विश्व नकली-विरोधी दिवस पर अवैध तंबाकू व्यापार को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस तीन-तरफा प्रयास का लक्ष्य राजस्व हानि को रोकना, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करना और उत्पाद की गुणवत्ता सुरक्षित करना है। भारत सरकार के हाल के पैक-लेवल ट्रैक एंड ट्रेस (टीएंडटी) तकनीक लागू करने के महत्वपूर्ण निर्णय के साथ, पीएमआई की प्रतिबद्धता नियमों को मजबूत करने और नकली तंबाकू उत्पादों से निपटने के लिए एक सहयोगी भविष्य की ओर इशारा करती है।

## जल निगम नगरीय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्पः अनिल कुमार द्विवेदी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी के सेकंड इनिंग सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मौजूद जल निगम के एमडी आर के पांडेय, जॉइंट एमडी प्रवीन कुमार लक्ष्याकार समेत अन्य अधिकारियों ने विभाग को नई दिशा और नई ऊंचाइयों पे ले जाने के बारे में संबोधित किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जल निगम नगरीय अनिल कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग में मेरी सेवा को लगभग चालीस साल देते हुए मैने पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम किया और पूरा प्रयास किया विभाग हमेशा तरक्की के रास्ते पे चले। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि विभाग के सभी लोगों का बहुत सहयोग मिला तथा सभी लोगों के प्रयास से छोटी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए विभाग हमेशा आगे बढ़ता गया इसके साथ ही कामना करता हूं कि जल निगम नगरीय असमान की तरह प्रगाढ़ हो।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद में ऐतिहासिक एकीकृत विनिर्माण इकाई का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** दुनिया के पांचवें सबसे बड़े खुदरा आभूषण विक्रेता ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद, तेलंगाना में अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत इंटीग्रेटेड आभूषण विनिर्माण इकाई ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट की शुरुआत की है. यह इकाई अपनी तरह की सबसे बड़ी है। मलाबार गोल्ड के 13 देशों में 400 से ज्यादा शोरूम हैं। रंगा रेड्डी जिले के महेश्वरम के जनरल पार्क में स्थित और 3.45 लाख वर्ग फुट में फैली, अपनी तरह की यह पहली एकीकृत विनिर्माण इकाई, भारत और जीसीसी देशों में समूह की 14 विनिर्माण इकाइयों में सबसे बड़ी है। एकीकृत विनिर्माण इकाई में डिजाइनिंग, रिफाइनिंग, विनिर्माण मैन्यूफैक्चरिंग, क्वालिटी एश्योरेंस, हॉलमार्किंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे सभी प्रमुख कार्य एक ही परिसर में हो सकते हैं। इस इकाई में सालाना 4.7 टन से अधिक सोने के गहने और 1.8 लाख कैरेट हीरे के गहने बन सकते हैं। इसके अलावा इस यूनिट



में हर वर्ष 78 टन सोने की रिफाइनिंग हो सकती है। इस इकाई में 18 राज्यों के 2,750 कुशल कारीगर काम कर रहे हैं और यहां वर्कफोर्स की सेफ्टी, सिक्योरिटी, बेहतरी और सुविधा भी सुनिश्चित की जाती है। इस इकाई के कुल कार्यबल वर्कफोर्स में से 40 प्रतिशत की भर्ती स्थानीय आबादी से की गई है और कुल कार्यबल में पुरुष और महिला का अनुपात 80~20 का है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी ने जनरल पार्क इकाई का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद, वाइस-चेयरमैन अब्दुल सलाम के.पी; मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) आशेर ओ; एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निषाद ए के और मलाबार ग्रुप के शीर्ष मैनेजमेंट के अन्य सदस्यों, तेलंगाना सरकार के अन्य गणमान्य लोगों एवं शुभचिंतकों की गरिमामयी उपस्थिति में इस इकाई की शुरुआत हुई।मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की सोने एवं हीरे के गहनों की कुल सालाना उत्पादन क्षमता 40.68 टन और 3.61 लाख कैरेट से अधिक है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी आभूषण निर्माताओं में से एक बनाती है। इस इकाई की शुरुआत को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, ÷हैदराबाद में हमारी अत्याधुनिक आभूषण विनिर्माण इकाई, जो परंपरा, कला, आधुनिकता और परिशुद्धता का संयोजन करती है, आभूषण विनिर्माण में एक नए युग की शुरुआत है। यह इकाई हमारे 'मेक इन इंडिया, मार्केट टू द वर्ल्ड' दृष्टिकोण के अनुरूप वैश्विक बाजारों के लिए भारत में विश्वस्तरीय आभूषण तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

## नया रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक एडीशन देगा शानदार स्पोर्टिंग लक्ज़री



**लखनऊ।** डिप्ड इन ब्लैक' के रूप में, रेंज रोवर ने आज रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक का प्रीव्यू किया, जिसमें उत्कृष्ट फीचर्स और डीटेलिंग के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। शानदार लक्ज़री परफोर्मेन्स देने वाली एसयूवी के रूप में रेंज रोवर की स्पोर्ट एसवी प्रतिष्ठा पर आधारित यह पेशकश 2025 के अंत तक ऑर्डर पर उपलब्ध होगी- जो ऑल ब्लैक लुक के सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाती है, जिसके विनिर्देशन पहले से रेंज रोवर स्पोर्ट्स क्लाइंट्स के बीच बेहद लोकप्रिय है। रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक ब्राण्ड के लिए अधिक प्रयोजन उन्मुख कैरेक्टर पर आधारित है। बाहर की ओर हर डीटेल को ग्लॉस ब्लैक फिनिश में बदला गया है, जो अब तक की सबसे पावरफुल रेंज रोवर स्पोर्ट को और भी प्रभावशाली बनाता है।मार्टिन लिम्पर्ट, ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर, रेंज रोवर ने कहा, ''रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक, स्पोर्टिंग लक्ज़री का प्रतिनिधित्व करती है; जो अपने आप में बोल्ड स्टेटमेन्ट है। हमने ऐसा वाहन बनाया है जो मजबूती के साथ समझौता किए बिना, प्योर पावर एवं परफोर्मेन्स के संयोजन के साथ उपभोक्ताओं को खूब लुभाता है। रेंज रोवर की डिज़ाइन टीम ने इसे इस तरह से डिज़ाइन किया है कि यह ब्लैक पैक्स या विकल्पों के साथ पहले से कहीं आगे निकल गई है; हर एक भीतरी और बाहरी एलीमेन्ट को बेहतरीन नार्विक ब्लैक ट्रीटमेन्ट दिया गया है; इसे देखकर ऐसा लगता है मानो वाहन को ग्लॉस में डिप किया गया हो। हमने पहली बार रेंज रोवर में नई फिनिश के साथ डीटेल पर ज़्यादा ध्यान दिया है, जो सही मायनों में हमारे शिल्प कौशल को दर्शाता है।'रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक का प्रीव्यू गुरूवार 10 से रविवार 13 जुलाई 2025 के बीच गुडवुड फेस्टिवल ऑफ स्पीड, यूके में होगा। यह 2025 के अंत तक क्लाइंट्स के लिए ऑर्डर पर उपलब्ध होगी।

## अभिजीत और वरुण की आवाज़ में माही मेरेया गाना प्यार की गहराई को दर्शाता है




**नई दिल्ली।** हाई-ऑक्टेन बीट्स और टूटे दिल के गानों के बीच, अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का ÷माही मेरेया÷ एक कोमल, शांति देने वाला गीत है। इसमें दर्शाया गया है कि प्यार का वास्तविक एहसास कैसा होता है। यह स्थिर, सुरक्षित और व्यक्तिगत होता है। हृदयस्पर्शी बोल और कोमल धुनों से बना यह गीत उस पल को कैद करता है जब प्यार शांत, भावपूर्ण और अंतरंग महसूस होता है जैसे आप अंत में अपने घर पहुँच गए हों। यह गाना संगीत उद्योग के सबसे बेहतर गायकों में से एक, वरुण जैन द्वारा सुपर टैलेंटेड संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव के साथ बनाया गया है। इसके बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं। ÷माही मेरेया÷ एक मधुर आलिंगन है, जिसे हिंदी और पंजाबी में गाया गया है। यह शाश्वत प्रेम कहानी के लिए लिखे गए रिश्ते का सार पेश करता है। इसकी हर धुन स्वाभाविक, शुद्ध और बहुमूल्य महसूस होती है। गायक वरुण जैन ने कहा, अभिजीत और मैं कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो यह प्रदर्शित कर सके कि किसी को अपने हृदय और आत्मा से प्यार करने का मतलब क्या होता है। माही मेरेया उन सभी के लिए है, जिन्होंने बिना तर्क के प्यार किया है। मुझे उम्मीद है कि यह गीत हर श्रोता को पसंद आएगा। इसे उतना ही प्यार व स्नेह मिलेगा, जितना प्यार और स्नेह मेरे पिछले गीतों को मिला है।

## नथिंग ने नथिंग फ़ोन (3) और पहला ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट - हेडफ़ोन (1) लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। नथिंग फ़ोन (3) दो वेरिएंट के साथ काले और सफ़ेद रंग के विकल्प में उपलब्ध होगा 12 जीबी + 256 जीबी - 62,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफ़र + एक्सचेंज ऑफर* सहित) 16 जीबी + 512 जीबी - 72,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफ़र + एक्सचेंज ऑफर* सहित) नथिंग फ़ोन (3) के लिए प्री-बुकिंग 1 जुलाई, 2025 से शुरू होगी। विशेष लॉन्च ऑफ़र के रूप में, प्री-बुक करने वाले ग्राहकों को उनके फ़ोन (3) के साथ नथिंग ईयर (14,999 रुपये मूल्य) मुफ़्त मिलेगा नथिंग फ़ोन (3) की बिक्री 15 जुलाई, 2025 से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।

## पुणे गैस ने दिल्ली में स्मार्ट गैस एक्सपीरियंस सेंटर के साथ उत्तर भारत में प्रवेश किया



**लखनऊ।** भारत में वाणिज्यिक और औद्योगिक गैस प्रणालियों की अग्रणी कंपनियों में से एक पुणे गैस ने उत्तर भारत में अपने विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने दिल्ली के केंद्र में अपने सातवें एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुणे गैस के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री जयसिंह संपत, कार्यकारी निदेशक श्री जेसल संपत, बिक्री निदेशक श्री भावेन उदेशी, प्रोजेक्ट्स निदेशक श्रीमती राधिका ओजा, और उत्तर भारत टीम के सदस्य उपस्थित थे। यह लॉन्च पुणे गैस के राष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक रणनीतिक उपलब्धि है, जो उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते हॉस्पिटैलिटी, फूड सर्विस, और औद्योगिक क्षेत्रों के करीब अपनी नवाचारयुक्त और सतत गैस समाधान लेकर आया है। दिल्ली स्थित यह नया एक्सपीरियंस सेंटर आगंतुकों को अत्याधुनिक गैस प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव कराता है, जो दक्षता बढ़ाने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और सतत विकास लक्ष्यों को समर्थन देने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। सेंटर की प्रमुख विशेषताएं हैं~ यह दुनिया की पहली स्मार्ट एलपीजी सिस्टम होने का दावा करता है, जिसे पूरी तरह से भारत में विकसित किया गया है। यह प्रणाली देशभर के हजारों वाणिज्यिक किचन और औद्योगिक इकाइयों में स्थापित है। यह विशेष रूप से LOT (लिक्विड ऑफ-टेक) 47.5 किलोग्राम सिलेंडरों के साथ काम करता है, जो पारंपरिक 19 किलोग्राम सिलेंडरों की तुलना में अधिक कुशल होते हैं।

## अमृता विश्व विद्यापीठम् में पीएच.डी. प्रवेश के पहले चरण की प्रक्रिया 20 जुलाई को होगी समाप्त



**लखनऊ।** विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल अमृता विश्व विद्यापीठम्– जो द इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में विश्व की टॉप 50 यूनिवर्सिटीज़ में स्थान प्राप्त कर चुका है–जुलाई 2025 सत्र के लिए पीएच.डी. प्रवेश (फेज 1) की प्रक्रिया 20 जुलाई को बंद कर देगा।

यह विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। अमृता में पीएच.डी. करने वाले विद्यार्थियों को करीब ?20 लाख की समग्र सुविधा दी जाती है। इसमें तीन वर्षों तक मासिक छात्रवृत्ति, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग, शोध प्रकाशनों के लिए फंडिंग, ट्यूशन शुल्क में छूट, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और विश्व स्तरीय शोधकर्ताओं के साथ काम करने के मौके शामिल हैं। शोध के क्षेत्र इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, भौतिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, सामाजिक और व्यवहारिक विज्ञान, कला, मानविकी, वाणिज्य और प्रबंधन तक फैले हुए हैं। विद्यार्थियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। अमरावती, अमृतपुरी, बेंगलुरु, कोयंबटूर, चेन्नई, कोच्चि, मैसूरु और फरीदाबाद स्थित कैंपसों पर प्रवेश खुला है। किसी भी विषय में स्नातकोत्तर में न्यूनतम 60त्न अंक प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

# शाहरूख खान, सिटी आफ ड्रीम्स श्री लंका के भव्य उद्घाटन में होंगे शामिल



**साउथ एशिया।** तैयार हो जाओ! बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरूख खान 2 अगस्त 2025 को श्रीलंका पहुंच रहे हैं। वे सिटी आफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। किंग खान' के नाम से दुनिया भर में मशहूर और ढेरों अवॉर्ड जीतने वाले शाहरुख खान को साउथ एशिया के पहले लक्ज़री इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिज़ॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है। सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिज़ॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा। इसी के साथ लक्ज़री एवं एंटरटेनमेन्ट का नया दौर शुरू होगा, जहां मेहमान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, होटल के भव्य कमरों, कायाकल्प करने वाले वैलनैस रीट्रीट्स, लक्ज़री रीटेल अनुभवों तथा देश के सबसे बड़े और सबसे बेहतरीन मीटिंग एवं इवेंट स्पेसेज़ का अनुभव पा सकेंगे। इस इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट में एक विश्व-स्तरीय कैसीनो होगा, जिसका संचालन मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही मेल्को के लक्ज़री होटल ब्राण्ड नुवा का प्रवेश कोलंबो के जीवंत आतिथ्य को और भी लुभावना बना देगा। कोलंबो के 01 जस्टिस अकबर मवाथा में स्थित सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका 4.5 मिलियन वर्गफीट में फैला आर्कीटेक्चर का चमत्कार है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आर्कीटेक्ट सेसिल बालमंड द्वारा डिज़ाइन किया गया है। यह रिज़ॉर्ट सदाबहार डिज़ाइन, विश्वस्तरीय सर्विस और आधुनिकता के संयोजन के साथ मेहमानों को आतिथ्य एवं मनोरंजन का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा। रिज़ॉर्ट में 800 से अधिक लक्ज़री कमरे हैं, जहां आने वाले मेहमान हिंद महासागर और जीवंत शहर के क्षितिज के अद्भुत नज़ारों के बीच लक्ज़री सुविधाओं, वैलनैस रीट्रीट, प्रीमियम रीटेल अनुभवों और विश्वस्तरीय व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। भव्यता के दायरे से आगे बढ़कर सिटी ऑफ ड्रीम्स श्रीलंका, कोलंबो को बिज़नेस हब में बदल देगा। यहां क्षेत्र के सबसे बड़े और सबसे शानदार मीटिंग एवं इवेंट स्पेसेज़ होंगे, जिनमें श्री लंका की कला एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंटीलीवर बॉलरूम भी शामिल हैं। इस ओपनिंग के साथ रिज़ॉर्ट का सिगनेचर कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' भी शुरू हो रहा है, जो साधारण चीज़ों को पीछे छोड़ असाधारण चीज़ों को अपनाने का आमंत्रण है। विलासिता से लेकर भव्यता तक, आराम से लेकर मौज-मस्ती तक, यह भावना पूरे आयोजन के दौरान दिखाई देगी। और विशेष अतिथि के रूप में शाहरूख खान की मौजूदगी इसे और भी यादगार बना देगी।

## रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने हृदय स्वास्थ्य और दिमागी क्षमता के बीच छिपे संबंध पर डाला प्रकाश



**कानपुर।** हाल ही में हुई कुछ वैज्ञानिक रिसर्च इस बात की ओर इशारा कर रही हैं कि हृदय (दिल) की सेहत और दिमागी कार्यक्षमता के बीच गहरा संबंध है। जो चीज़ें दिल के लिए फायदेमंद हैं, वही दिमाग के लिए भी उतनी ही ज़रूरी होती हैं। अब तक हृदय बीमारियों को आमतौर पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे जोखिमों से जोड़ा जाता था, लेकिन हालिया रिसर्च से यह पता चल रहा है कि हृदय की खराब सेहत सीधे तौर पर याददाश्त, निर्णय लेने की क्षमता और अन्य दिमागी कार्यक्षमता को भी प्रभावित कर सकती है। रिसर्च से जो अहम जानकारी मिली है उनमें से एक यह है कि दिल और दिमाग दोनों एक जैसे जोखिम फैक्टर्स के प्रति संवेदनशील होते हैं, जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, हाई कोलेस्ट्रॉल और सूजन आदि दिल यानी हृदय और दिमाग दोनों को प्रभावित करता है।

# मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट

- 2 सुपर जोनल, 6 जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती
- सभी मजिस्ट्रेट भ्रमशील रहकर शांति माहौल में संपन्न कराएंगे त्योहार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मोहर्रम त्यौहार आगामी 7 जुलाई को मनाया जाएगा। इसको देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 06 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती तहसील व पुलिस चौकीवार किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा तहसील पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके अलावे रिजर्व में 02 जोनल व 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है।

उन्होंने उपरोक्त मजिस्ट्रेट गणों के लिए दिशा निर्देशों के क्रम में बताया कि-समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि किसी भी स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत यहां कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शांन्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, एवं अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएं तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेगें। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट चौकी इंचार्ज, थानाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतें, अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता (विद्युत), अग्निशमन अधिकारी के दूरभाष मोबाईल/बेसिक नम्बर भी अपने पास रखने। समस्त मजिस्ट्रेट त्यौहार को सकुशल सम्पादन के पश्चात ही ड्यूटी स्थल से सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराकर ड्यूटी तैनाती स्थल छोड़ेगे।

### कंट्रोल रूम स्थापित

मोहर्रम को लेकर कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, मो.नं. 7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, मो. 7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टाप के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त दिशा-निर्देश केवल गाइड लाईन के रूप में है। मौके पर तैनात कार्यकारी मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट विवेकपूर्ण ढंग से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करेगें।

# जनता की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मंडलायुक्त

- सभी थाना क्षेत्रों में गस्त और चेकिंग बढ़ाई जाए : शिवासिम्पी
- मोहर्रम, श्रावण, कावड़ यात्रा के दृष्टिगत कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक


कसया तहसील में पीस कमेटी को संबोधित करते मंडलायुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, श्रावण मास को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से तहसील कसया, सभागार में मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से सावन माह में होने वाली कावड़ यात्रा, मुहर्रम एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों को अब तक की तैयारियों का जायजा लेने सहित एक एक कर सभी संबंधित से फीड बैक भी लिया गया। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा ने सभी अधिकारियों को आगामी त्योहारों और कावड़ यात्रा के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारिया पूर्ण करने का निर्देश दिए।

पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा द्वारा आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त और चेकिंग तेज की जाएगी। त्योहारों के लिए सुरक्षा प्रबंध की समीक्षा दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रणनीति बनाई गई, तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और खुफिया तंत्र को सक्रिय करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया की निगरानी और सही जानकारी प्रसारित करने तथा जनता को सुरक्षा और सहयोग के लिए जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार अभियान को और गति देने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि जिले में संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, सीओ सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# चार वर्ष से अधूरा पड़ा सुकरौली विकास खण्ड के कोटवा का पंचायत भवन, जिम्मेदार मौन

- शासन स्तर पर फाइल लंबित होने का रोना रो रहे जिम्मेदार

अवधनामा संवाददाता


बदहाल सुकरौली ब्लॉक का कोटवा पंचायत भवन

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम सभा कोटवा में लाखों रुपए की लागत से बना पंचायत 4 वर्षों से अधूरा पड़ा है, लेकिन जिम्मेदारों इसकी सुधी नहीं ली जिससे ग्राम सभा से संबंधित तमाम कार्य बाधित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार कोटवा का पंचायत भवन पिछले प्रधानी कार्यकाल से अधूरा है। भवन में कमरे तो बने है, लेकिन उसमें दरवाजा नहीं लगा है, पंचायत भवन में न तो कोई कर्मचारी बैठता है और न ही कोई सुविधा उपलब्ध है। सरकार द्वारा दिया गया कंप्यूटर और प्रिंटर कंप्यूटर ऑपरेटर के घर पर रखा हुआ है। इस कारण ग्रामीणों को अपने जरूरी कामों के लिए 5-6 किलोमीटर दूर खंड विकास कार्यालय सुकरौली जाना पड़ता है। वर्तमान ग्राम प्रधान का कहना है कि भवन की फाइल नहीं मिल पा रही है। जिससे निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी राम आशीष गौतम ने बताया कि भवन की फाइल शासन में लंबित है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में न तो पंचायत मित्र बैठते हैं न पंचायत सहायक और न ही सेक्रेटरी, जिसके वजह से किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पंचायत भवन को ठीक कराने के साथ ग्राम पंचायत से संबंधित यहीं कार्य कराने की मांग किया है अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

## पौधरोपण के लिए राजकीय पौधशालाओं से उठान शुरू

**अमेठी।** वन महोत्सव के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतों ने राजकीय पौधशालाओं से पौधों का उठान शुरू कर दिया है। अमेठी विकास खंड में मांग पत्र -इन्डेन्ट के अनुसार राजकीय पौधशाला द्वारा पौधे न देने की शिकायत सामने आई है।

ग्राम पंचायतों द्वारा उठान की प्रगति काफी धीमी है। अमेठी में रेलवे लाइन के किनारे स्थित पौधशाला से कटरा फूलकुंवरि,कटरा महारानी, नुंवावा, कोहरा और भीमी के ग्राम प्रधान पेड़ उठा चुके हैं। गुरुवार की शाम पांच बजे कोरारीगिरधरशाह के प्रधान ने एक हजार पौधे उठाए हैं। जिला पंचायत राज विभाग ने 6500, रेलवे ने 4000पौध उठाए हैं। लोक निर्माण विभाग ने 400पौध उठा है। कृषि विभाग की ओर से उप कृषि निदेशक ने 16000,नगर पंचायत की ओर से ई ओ ने 3500 पौध उठाए हैं।

# यूपी सरकार के विरोध में कलेक्ट्रेट पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

- सरकारी स्कूलों के बंद करने के विरोध व प्रयागराज घटना की सीबीआई जांच की मांग

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ता


**कुशीनगर।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी की अगुवाई में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के विरोध में व कौशांबी व प्रयागराज की घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग करते हुए यूपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपनी मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित कर डीएम के हवाले एसडीएम सदर ऋषभ पुंडीर को सौंपा।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बन्द करना यह संविधान के अनुच्छेद 21-0.ए, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा) के प्रावधानों का उल्लघंन है। इस तानाशाही भरे फैसले से जिन गरीबों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है वह शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। इस आदेश को तत्काल ही वापस लिया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कौशांबी के लोहदा गांव थाना सैनी में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है। इसी प्रकार प्रयागराज के इसौटा गांव थाना करछना में दलित व्यक्ति को जिन्दा जलाकर मार देने की घटना में भी पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पाया है। इसी संदर्भ में बीते 29 जून को करछना में पीड़ित परिवार के आरोपियों तथा स्थानीय लोगों के साथ पुलिस के द्वारा पथराव व लाठी चार्ज कर मोटर साईकिलों को तोड़कर उसे जला दिया गया।

एक निर्दोष दलित युवक सुनील कुमार गौतम उम्र 25 वर्ष की पिटाई से मौत हो गई। उक्त प्रकरणों में सीबीआई से निष्पक्ष जांच की पार्टी मांग करती है। पार्टी ने मांग किया है कि प्रयागराज में पकड़े गये निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाए एवं शान्ति व्यवस्था उचित कदम उठाए जाए। इस दौरान जिला प्रभारी ताज मुहम्मद, जिला महामंत्री सत्यदेव कुशवाहा, जिला सचिव हीरा भाई आदि मौजूद रहे।

# सरप्लस शिक्षकों ने नयी तैनाती के विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** आर टी ई के मानकों के अनुसार सरप्लस हुए शिक्षकों ने अपनी तैनाती के नये विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।जिन शिक्षकों ने विकल्प देते हुए स्वेच्छा से समायोजन के लिए आवेदन किया था, उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने तीस जून को ही आदेश जारी किए थे। अधिकांश शिक्षकों ने एक जुलाई को कार्यभार ग्रहण किया है।

सरप्लस शिक्षकों की सूची में तीन सौ के आसपास संख्या में नाम हैं। अमेठी विकास खंड में 15, बहादुर पुर में 22और भादर विकास खंड में आठ स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों को भेजा गया है। भेंटुआ में 15और गौरीगंज में 24शिक्षक सरप्लस हैं।

भादर संवाद के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में शिव सिंह,हनुमत नगर में भोलेनाथ, प्रदीप कुमार रजक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ढेमा, सुनील कुमार मिश्र ने प्राथमिक विद्यालय कसारा, वंदना ने प्राथमिक विद्यालय कोटवा, रीना वर्मा ने कम्पोजिट विद्यालय छीड़ा,स्वप्निका ने प्राथमिक विद्यालय ढेमा और ललित नारायण त्रिपाठी ने सवनगी में कार्यभार ग्रहण किया है।

# सावन को लेकर मंडलायुक्त व डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** गोरखपुर मंडल के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सावन माह के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि पूरी सतर्कता बरती जाए ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नदियों में बैरीकेटिंग की जाए ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा बनी रहे।

मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। अस्थायी विश्राम स्थल, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए, तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त और चेकिंग तेज की जाए। सुरक्षा प्रबंध की समीक्षा दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रणनीति बनाई गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और खुफिया तंत्र को सक्रिय करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने मंडलायुक्त एवं डीआईजी को आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश न रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख अभियंता लोनिवि ने दिए ट्री गार्ड के साथ पेड़ लगवाने के निर्देश

**अमेठी।** वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रमुख सड़कों के किनारे पांच पांच सौ पेड़ लगाए जायेंगे। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने पौधरोपण के साथ पौधों की सुरक्षा के सख्त निर्देश दिए हैं। पेड़ लगाने के बाद ट्री गार्ड और कंटीले तार लगवाने के लिए सहायक और अवर अभियंताओं को दी गई है।

प्रमुख अभियंता की ओर 24जून को एक आदेश जारी किया गया है। अधिशासी अभियंताओं को भेजें गए आदेश में उन्होंने कहा है कि हर वर्ष वन महोत्सव के दौरान अन्य विभागों के साथ लोक निर्माण विभाग की ओर से भी पेड़ लगाए जाते हैं। पेड़ लगाने के बाद उनकी सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं देता। अधिकांश पेड़ जानवर नष्ट कर देते हैं। बिना सुरक्षा के पौधों को रोपित करने से शासकीय धन का दुरूपयोग हो रहा है। प्रमुख अभियंता ने सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों पांच पांच सौ पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। जामुन, आम, अमलतास, सहजन, नीम , पीपल, पाकड़ आदि के पेड़ लगाए जायेंगे।

# संभव अभियान के तहत अब कुपोषण को देगें मात

- 30 सितम्बर तक चलेगा अभियान, नवजात शिशु एवं गर्भवती महिलाओं पर ध्यान

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** संभव अभियान एक जुलाई से शुरू हो गया जो 30 सितम्बर 2025 तक चलेगा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा नवाचार के तहत 2021 से संभव अभियान की शुरूआत की गई थी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस अभियान के तहत नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गंभीर कुपोषण से ग्रसित शिशुओं की समयबद्ध पहचान और समुचित उपचार प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। जीरो से छ्ः माह की आयु वर्ग के शिशुओं में कुपोषण से बचाव एवं समय अनुसार प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था की अवधि में पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए प्रसव पूर्व जॉच के दौरान गर्भवती महिलाओं के वजन की नियमित जांच सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान के तहत जुलाई के लिए मासिक थीम मातृ पोषण, अगस्त के लिए छह माह से छोटे शिशुओं पर विशेष ध्यान तथा सितम्बर के लिए ऊपरी आहार प्रोत्साहन एवं पोषण माह रखा गया है। इस अभियान के तहत जून को बेसलाइन मानते हुए तीन महीने में नियमित जॉच जागरूकता तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से कुपोषण को कम करने हेतु कार्य किया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न मानकों के आधार पर जनपदों को रैंक भी प्रदान की जाएगी। यह अभियान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से चलाया जाएगा। पशुपालन विभाग व अन्य विभागों का इसमें सहयोग भी लिया जाएगा, जिससे कुपोषण को दूर करने में मदद मिल सके। इस अभियान की शुभारंभ के तहत मंगलवार को जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन दिवस का आयोजन किया गया तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों में सैम एवं मैम श्रेणी से ग्रसित कुपोषित बच्चों की पहचान की गई।

# कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर जनपद के कांग्रेस जनों की मासिक बैठक हुई। मासिक बैठक के पश्चात प्रदेश सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा परिषद के 5000 स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी देवरिया के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला कलेक्टरी कचहरी परिसर पहुंचनें का ऐलान किया। कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल परिसर से बाहर निकले। सुभाष चौक, सिविल लाइंस होते हुए जिला कलेक्टरी कचहरी परिसर पहुंचे।

जनहित में महामहिम राज्यपाल को संबोधित मांग-पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल %रोशन% ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं छात्रों एवं बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है, जो युवा छात्र एवं बेरोजगार विरोधी निर्णय है। कई जिलों में आज से मर्ज भी कर दिए गए हैं। इसका व्यापक दुष्परिणाम गांव के बच्चों पर पड़ेगा क्योंकि उन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को भी काफी दिक्कतें आयेगी। उसके साथ ही मिड-डे-मील के तहत जो स्कूलों में खाना बनाते थे उनकी नौकरी भी चली जाएगी। बी.एड, बी.टी.सी की डिग्री लिए युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कतें खड़ी होगी। प्रदेश सरकार का यह कदम हर तरीके से युवाओं,छात्रों एवं बेरोजगार नौजवानों के हितों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी सरकार के इस निर्णय की घोर भर्त्सना करती है। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं,छात्रों एवं बेरोजगारों के व्यापक हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह राकेश, पुरूषोत्तम सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, सुभाष राय,ऋषिकेश मिश्रा, वरूण राय, नौशाद खान एपी, अरविन्द शाही, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चंदू वर्मा,अब्दुल जब्बार,जुलेखा खातून,डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, महेंद्र अंबेडकर,शहनाज जफर, सच्चिदानंद मिश्रा, मनोज मणि आदि मौजूद रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में हुई एसएमसी की बैठक

**अमेठी।** कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर विशेष चर्चा हुई। अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने, उनके गृह कार्य की कापियां देखने और छः से चौदह वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधानाध्यापक शिव सिंह ने कहा कि मां की गोद शिशु की प्रथम पाठशाला होती हैं। माताएं अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जितना अधिक संवेदनशील होंगी, बच्चे उतना ही अच्छे बनेंगे। परिषदीय विद्यालय अब सुविधाओं के मामले में किसी भी मांटेसरी स्कूल से कम नहीं है। यहां निशुल्क ड्रेस, पाठ्य-पुस्तकों के साथ सीखने सिखाने के लिए लर्निंग बाई डूइंग लैब और लाइब्रेरी भी है।

# धरती का पेट खाली कर रहे कोका कोला और रेल नीर के प्लांट, सरकार क्यों मौन?

- अमेठी जल बिरादरी ने चौमासे की बरसात और भूगर्भ जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया
- घटकर 35 फिट रह गया है अमेठी का भूगर्भ जल स्तर, भादर ब्लाक के फिर से डार्क जोन में जाने का खतरा बढा

अवधनामा संवाददाता



**रामगंज/अमेठी।** अमेठी जल बिरादरी की ओर से गुरुवार को एक पब्लिक स्कूल परिसर में चौमासे की बरसात और भूगर्भ जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कोका कोला और रेल नीर प्लांट से हो रहे अत्यधिक जल दोहन पर गहरी चिंता जताई गई।

जिला प्रशासन और राज्य सरकार से अत्यधिक जल दोहन को रोकने और मालती तथा उज्जैनी नदियों के संरक्षण की मांग की गई।

पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि जनपद में आज के पांच दशक पूर्व जहां औसत भूगर्भ जल स्तर 15 - से 20 फीट रहा है ,जो आज घटकर 35-40 फीट रह गया है।जनपद में कोका कोला एवं रेलनीर प्लांट तथा सैकड़ों अनधिकृत वाटलिंग प्लांट के अत्यधिक जलदोहन से निरन्तर धरती का पेट खाली होना चिंताजनक है।जनपद की सदा बहने वाली स्थानीय दोनों प्रमुख नदियां बरसात के बाद मालती एवं उज्जयिनी सूखी रहतीं है।बचे खुचे तालाबों में सिल्ट का जबरदस्त जमाव है।भादर ब्लाक डार्क जोन में पहुंच चुका है।इस गम्भीर जल संकट से उबरने ?हेतु हो रहे अत्यधिक जलदोहन रोका जाना निहायत जरूरी है तथा चौमासे में होने वाली वर्षा जल संचयन से भूगर्भ जल स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है।मुख्य अतिथि वी के सिंह ने कहा कि जनपद का भूगर्भ जल स्तर ऊपर उठे इसके लिए पौराणिक ज्ञान श्रेयस्कर है ,जो जल संचयन द्वारा संभव है।प्रकृति प्रेमी सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि पहले लोगों का मानना रहा कि यदि आर्द्रा नक्षत्र में बरसात अच्छी होती है तो माना जा सकता है की मघा नक्षत्र में भी अच्छी बरसात होगी।आज तो ऋतुओं का अता-पता ही नही रहता है। कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि अंधाधुंध वृक्षों के कटान का सीधा असर चौमासे की बरसात में देखा जा सकता है। इसके लिए पीपल, बरगद,गूलर, पाकड़ एवं नीम आदि पंचवटी के बृक्ष सहायक हो सकते हैं।रवींद्र सिंह ने कहा कि कोका कोला प्लान्ट के अत्यधिक जलदोहन के कारण त्रिसुंडी,रामगंज, संसारीपुर, छीड़ा, ढेमा, सोनारी एवं कुरंग आदि दर्जनों गांवों का निरन्तर गिरता भूगर्भ जल स्तर चिंता का विषय है।इस संवाद गोष्ठी में राम बहादुर सिंह,दीपक सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह एवं विजय पाल सिंह आदि के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। संगोष्ठी का संचालन विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया।

अवधनामा



# सोहरियावां के गौआश्रय स्थल, आंगनबाड़ी केन्द्र व आरआरसी सेन्टर का डीएम ने किया निरीक्षण

- आर.आर.सी. केन्द्र क्रियाशील न पाये जाने पर जतायी नाराज़गी
- केन्द्र को क्रियाशील कर समूह की महिला को जोड़ने के दिये निर्देश




**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहरियांवा के आगनबाड़ी केन्द्र (इन्द्रापुर), गौआश्रय स्थल सोहरियांवा प्रथम एवं द्वितीय तथा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर दिपेन्द्र पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री डाली मिश्रा, अवर अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग संदीप तिवारी, एडीओ (पं.) तेज नरायन राव व सहकारिता के दिलीप कुमार दुबे, ग्राम प्रधान पेशकार गोस्वामी व ग्राम विकास अधिकारी अमृतांशु सिंह मौजूद रहे।

निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द हो चुका था। पंचायत सचिव द्वारा फोन करके आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बुलाया गया। डीएम ने केन्द्र के निरीक्षण में पाया कि बाला पेन्टिंग मानक के अनुरूप न पाये जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि पेंटिन्ग को दुरूस्त कराया जाय। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पुष्टाहार वितरण एवं फेस एथेन्टिकेशन एवं केवाईसी की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल शत-प्रतिशत लाभार्थियों के एथेन्टिकेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय।

डीएम ने गौआश्रय स्थल सोहरियावां प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण कर यहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा, चारा, चूनी-चोकर, पेयजल एवं हरे चारे इत्यादि की उपलब्धता का जायज़ा लिया। निरीक्षण के समय बताया गया कि गौआश्रय स्थल प्रथम में 114 मादा गौवंश तथा द्वितीय में 109 नर गौवंश संरक्षित हैं। नर गौवंश की टैगिंग न पाये जाने पर निर्देश दिया कि सभी संरक्षित पशुओं की टैगिंग की जाय। प्रथम गौआश्रय स्थल विद्युत कनेक्शन, चाराकटिंग मशीन, सीसीटीवी व समर्सेबुल बोरिंग से आच्छादित है। यहां पर हरे चारे के लिए 10 बीघा में नैपियर घास भी उगायी जा रही है। डीएम ने शासन की मंशानुसार संरक्षित गौवंशों के चारे-पानी एवं उपचार का प्रबन्ध सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आश्रय स्थलों पर सोलर पैनल की भी स्थापना करायी जाय ताकि विद्युत के न रहने पर कोई दिक्कत न हो।

## "ओ" लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 14 जुलाई 2025 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# गरीबों की शिक्षा पर कुठाराघात, शराब को बढ़ावा दे रही योगी सरकार कांग्रेस

- कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन राज्यपाल को सौंपा मांग पत्र, भाजपा नेता चन्दन नारायन नें किया पलटवार





**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की पेयरिंग नीति के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। राणा ने कहा भाजपा सरकार गरीब दलित पिछड़े और वंचित समाज के बच्चों को अनपढ़ रखने की साजिश रच रही है। शिक्षा का अधिकार कानून खत्म कर गरीबों को शिक्षा से वंचित करने का अभियान चलाया जा रहा है। वहीं शराब की दुकानों में बेतहाशा वृद्धि कर समाज को नशाखोर बनाने की साजिश की जा रही है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि शिक्षा हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और उसे संरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा का अधिकार कानून लाकर कमजोर वर्गों को शिक्षित करने का रास्ता खोला था जिसे भाजपा खत्म करने पर तुली है।

### यूपी में अवैध शराब कारोबार का जाल ध्वस्तः चंदन नारायण सिंह

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने शराब की अवैध भट्टियों और अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने पूर्ववर्ती सरकारों के समय से चल रहे इस अवैध धंधे को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।आबकारी विभाग प्रदेश सरकार के प्रमुख राजस्व स्रोतों में से एक है। सरकार आबकारी नीति को पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।इसी बीच, सुल्तानपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालयों में विलय करने से शिक्षण व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और संसाधनों के अपव्यय को रोकने में मददगार होगा। सिंह ने बताया कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में सरकारी प्रयासों के बावजूद बच्चों और अभिभावकों की रुचि कम होती जा रही है। इसी कारण विद्यालयों के विलय की आवश्यकता महसूस की गई है।

### वांछित अभियुक्त

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त कमल को गिरफ्तार किया।

'वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 672/24 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त कमल पुत्र जयपाल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा हाल पता सैनिक नगर टापा कला थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को ककरूऊ कोठी चौराहा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त कमल के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार, उ0नि0 अंकित कुमार, का0 1565 भूरी सिंह थाना रामगढ़, का0 कृष्णा सर्विलांस टीम फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने चेकिंग के दौरान बुधवार रात्रि सवा आठ बजे अजीत नगर से नगला सिंघी की ओर जाने वाले मार्ग से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी धनपाल निवासी गांव गढ़ी थानी थाना नगला सिंघी है। थाना प्रभारी रमित कुमार आर्या ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने 05 जुआरियों को जुआ खेलते हुए 2,680 रुपये एवं 52 ताश के पत्ते सहित गिरफ्तार किया है।गुरुवार को नवागत थाना प्रभारी रमित कुमार आर्य के नेतृत्व में थाना नगला सिंघी पुलिस ने 05 जुआरियों भूरी सिंह उर्फ जितेन्द्र पुत्र बनवारी लाल,सर्वेश पुत्र रघुवीर,प्रमोद उर्फ रोहित राजवीर उर्फ चौनी पुत्र सरमन सिंह,जितेन्द्र उर्फ मिंकी पुत्र दौलतराम को प्रेमपुर पुलिया से आगे टीकरी जाने वाले कच्चे रास्ते पर ट्यूबेल की आढ़ में जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 2680 रुपये एवं 52 ताश पत्ते बरामद हुए, थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पर धारा 13 जी जुआ एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

- तमंचा-कारतूस, मोटरसाईकिल व रूपये बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा 27-06-2025 को चोरी की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के 02 शातिर चोर-लुटेरे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों शातिर लुटेरे आतिश उर्फ आतिस, बाबू पैर में गोली लगने से घायल हो गए। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 03 कारतूस 315 बोर, 02 खोखा 315 बोर, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं चोरी किये गये 42,150 रुपये बरामद किए। सांसी गैंग के अभियुक्तगण शादी समारोह या बैंक आदि के आस-पास नजर रखते हैं तथा रुपयों-जेवरों का बैग-थैला लिये हुए व्यक्ति के हाथ पर खुजली पैदा करने वाला पाउडर-चिली पेस्ट पाउडर छिड़ककर रुपयों-जेवर वाला बैग-थैले को चुरा लेते हैं। अभियुक्त बाबू के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 01 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वादी गजेन्द्र द्वारा थाना उत्तर पर तहरीर दी गयी कि वादी अपने पिता के साथ स्टेट बैंक की मैन शाखा से अपने पिता की पेंशन के 01 लाख रुपये निकालकर घर वापस जा रहा था वादी ने रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज एक पॉलीथीन में रखकर अपनी मोटरसाइकिल के बैग में रखे हुए थे। बैंक की शाखा से मोटरसाइकिल बाहर निकालते ही एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल के बैग में रखी रुपयों एवं कागजात की पॉलीथीन को निकालकर मौके से भाग गये। वादी की तहरीर के आधार थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 396-2025 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सांसी गैंग के शातिर चोर -लुटेरों अभियुक्तगण आतिश उर्फआतिस पुत्र अमर सिंह, बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया, व बौबी पुत्र दिनेश सिसौदिया का नाम प्रकाश में आया था। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में 02-07-2025 को थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्तगण चोरी-लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। जोन्धरी अण्डरपास के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे।

### लूट के रूपयों सहित शातिर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** जनपद फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला पीपल के प्रधान खेतपाल द्वारा डायल-112 के माध्यम से सूचना दी गयी कि जब वह जसराना से शिकोहाबाद जा रहा था रास्ते में मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर 04 लाख 40 हजार रुपये लूट ले लिये गये। सूचना पर थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा तत्काल सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तो पाया गया खेतपाल के साथ लूट की कोई घटना नहीं हुई है। खेतपाल द्वारा अपने विरोधियों को फंसाने के लिये लूट की झूठी कहानी रचने एवं खेतपाल के घर से पूरे 04 लाख 40 हजार रुपये बरामद होने के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा बताया गया।

### 52 वृक्ष लगाकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** गरीबों के मसीहा च् क् । के जननायक अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण वर्मा के नेतृत्व मे 52 वृक्ष लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया इस मौके पर कृष्ण वर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा पंडित राजेश कुमार शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश एवं पंडित आशीष कुमार शर्मा अध्यक्ष 93 विधानसभा फतेहाबाद शैलेश कुमार यादव नगर पंचायत अध्यक्ष फतेहाबाद प्रहलाद गुर्जर वर्तमान उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा आदि मौजूद थे।

# वन विभाग की मिलीभगत सें धड़ल्ले से चल रही अवैध आरा

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** आज जनपद के लगभग सभी कस्बों बाजारों में वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से अवैध आरा मशीनों का कारोबार जोर पकड़ता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बल्दीराय क्षेत्र के महमूदपुर, बघोना, पारा बाजार, शहजोरा, अरवल, सैनी, तिरहुत, हलियापुर, बहुरावा, मूसी, रसुलपुर, बालापार, डोभियारा, इसौली, भवानीगढ़, सुखबड़ेरी, असरखपुर, देहली बाजार, हरोरा, धनपतगंज, लंगड़ी बाजार सहित दर्जनों स्थानों पर अवैध आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। इसी तरह धम्मौर थाना क्षेत्र के महेश्वर गंज,बनके पुर कोतवाली देहात,लंभुआ, चांदा सहित लगभग सभी थाना क्षेत्रों में ये आरा मशीन धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं।बताया जा रहा है कि इन मशीनों पर आम, नीम, महुआ, शीशम, सागौन और गूलर जैसे हरे-भरे पेड़ों की लकड़ी की चिराई की जा रही है। सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि इस अवैध धंधे में वन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत है,जिसके चलते कार्रवाई के बाद भी मशीनें फिर से चालू हो जाती हैं। कुछ दिन पूर्व वन विभाग की टीम ने पारा बाजार में एक अवैध आरा मशीन का चक्का-चुटकी और प्लेट जब्त किया था। मगर हैरानी की बात है कि मात्र दो दिन पहले वही सामान मशीन संचालकों को लौटा दिया गया,जिसके बाद वह अवैध मशीन दोबारा शुरू हो गई।इस पूरे मामले को लेकर समाजसेवी रंजीत सिंह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर इन अवैध आरा मशीनों पर तत्काल रोक लगाने और दोषी वन विभाग अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# निर्वाण के दीप काव्य संग्रह का भव्य विमोचन – अध्यात्म और काव्य का दुर्लभ संगम

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त श्री अजीत कुमार ने आज एक गरिमामय समारोह में महोबा जनपद में पदस्थ अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री मुकेश कुमार, जो साहित्यिक दुनिया में आनंद अमितेष के नाम से प्रसिद्ध हैं, के द्वितीय काव्य संग्रह निर्वाण के दीप का विमोचन किया। यह समारोह आयुक्त सभागार, बाँदा में संपन्न हुआ।आनंद अमितेष मूलतः उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद से हैं। उनकी यह पुस्तक देश के प्रतिष्ठित प्रकाशक मंजुल पब्लिशिंग हाउस, भोपाल से प्रकाशित होकर बाज़ार में आई है और प्रमुख ऑनलाइन मंच अमेज़ॉन पर उपलब्ध है। इससे पूर्व वर्ष 2018 में उनका पहला काव्य संग्रह जल उठे चराग़ राजकमल समूह के लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद से प्रकाशित हुआ था, जिसकी भूमिका स्वयं स्व. पद्मश्री महाकवि गोपालदास नीरज ने लिखी थी।विमोचन अवसर पर भावुक होते हुए अमितेष ने कहा कि नीरज जी के सान्निध्य और स्नेह ने उन्हें साहित्यिक दृष्टि से गहराई प्रदान की। उन्होंने बताया कि निर्वाण के दीप ध्यान की गहनतम अनुभूतियों से उपजा ऐसा काव्य है, जो पाठकों को समय और आत्मा की शाश्वतता से परिचित कराता है। उन्होंने कहा –जब हम समय की क्षैतिज धारा से ऊपर उठकर ऊर्ध्व धारा में प्रवेश करते हैं, तभी जीवन की सच्ची अनुभूति होती है। यह काव्य उसी अनुभव की अभिव्यक्ति है। आयुक्त श्री अजीत कुमार ने निर्वाण के दीप को केवल काव्य नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना की अभिव्यक्ति बताया। उन्होंने लेखक को शुभकामनाएं देते हुए कहा, सजग और शांत रहने से ही जीवन में बड़ी सफलता संभव होती है। यह पुस्तक न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए बल्कि समाज के लिए भी ज्ञान का स्रोत साबित होगी। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर की गीतांजलि का उल्लेख करते हुए कहा कि जब साहित्य को गहराई से पढ़ा जाए, तो वह हमें आत्मज्ञान की ओर ले जाता है।समारोह के अंत में आनंद अमितेष ने ओशो, बुद्ध, कबीर, नानक, मंसूर, सरमद, गुलाल, बुल्लेशाह आदि संत परंपराओं को स्मरण करते हुए कहा कि उनका काव्य उन संत चेतनाओं की आधुनिक अनुगूंज है। निर्वाण के दीप न केवल एक काव्य संग्रह है, बल्कि आत्मबोध की यात्रा का शब्दरूप है – जो पाठक को जीवन की गहराइयों में उतरने का आमंत्रण देता है।

आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित
आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय
पूरा बाजार, अयोध्या
(सम्बद्ध : डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) में निम्न विषयों में प्रवक्ता पद हेतु-
आवश्यकता है
प्रवक्ता- प्रवक्ता- बी.एस.सी. विषय- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित। प्रत्येक में 02-02 पद। एम.एस.सी. विषय - जन्तु विज्ञान में 02 पद। एम.एस.सी. कृषि विषय- एग्रोनॉमी, हॉर्टिकल्चर। प्रत्येक में 02-02 पद। प्रवक्ता-बी.ए. कला संकाय- हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, सैन्य विज्ञान, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, उर्दू, मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा, समाजकार्य एवं चित्रकला। प्रत्येक मे 02-02 पद। प्रवक्ता-एम.ए. कला संकाय- अग्रेजी, संस्कृत, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र। प्रत्येक में 02-02 पद। **शैक्षिक अर्हता/वेतन-** विश्वविद्यालय/राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर आवेदन पद पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पाकर शैक्षिक अंकपत्रों, प्रमाण-पत्रों एवं अनुभव की स्व-प्रमाणित संलग्न कर आवेदन करें।
भगवान बक्श सिंह, प्रबंधक
9628001515, 8858685549

### सुभाष चौराहे पर ऑटो लगा रहे जाम

**टूंडला।** प्रशासन के आदेशों के बावजूद ऑटो चालक अपनी मनमानी जगह से सवारियों को भर रहे हैं। सुभाष चौराहा पर आटो चालक अपने तय स्थान को छोड़कर स्टेशन की ओर आने वाली सड़क से सवारियों को बैठा रहे हैं। सड़क से सवारियों के भरने से चौराहा पर जाम के हालात बन रहे हैं। तत्कालीन एसडीएम अनुराधा सिंह की पहल पर शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ऑटो, फल व ठेले वालों को ओवरब्रिज के नीचे स्थान दिया गया था। जिसके बाद तहसीलदार राखी शर्मा व पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने फिरोजाबाद, आगरा व स्टेशन की ओर जाने वाले ऑटो चालाकों को ओवरब्रिज के नीचे स्थान दिया गया था। बावजूद इसके ऑटो चालक प्रशासन का भय किए बिना सड़कों से सवारियों को भर रहे हैं। ऑटो चालक ऑटो को चौराहा पर चारों ओर घूमा रहे हैं। इसके कारण सुभाष चौराहा जाम के चगुंल में फंस रहा है। जाम लगने से स्कूली बच्चों के वाहन व एंबुलेंस जाम में फंस रही है। वहीं रेलयात्रियों की ट्रेनें तक छूट रहीं हैं।

# रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के संचारी रोगों से प्रभावित 37 हाई रिस्क गांवों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन गांवों में घर-घर स्प्रे के कार्य का अधिकारी स्वयं सत्यापन करें तथा तालाबों में गम्बूसिया मछलियों को छोड़ा जाए। उन्होंने संबंधित एमओआईसी को निर्देशित किया कि वे स्वयं इन गांवों का निरीक्षण करें और एंटी लार्वा स्प्रे, फॉगिंग, झाड़ियों की सफाई जैसे कार्य युद्धस्तर पर कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत में फॉगिंग मशीन की खरीद सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि 10 जुलाई से पूर्व सभी विद्यालयों में मच्छरों से बचाव के लिए तुलसी, मेरीगोल्ड आदि के पौधे बड़े पैमाने पर रोपे जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जन आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ नियमित रूप से उपस्थित रहें, अन्यथा अनुपस्थिति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में स्वच्छता, चूने का छिड़काव और जलभराव रोकने के लिए भी विशेष निर्देश दिए। एमओआईसी को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ ग्रामीण स्वास्थ्यकर्मियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विशेष दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारियों का निर्वहन स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर टीमों द्वारा कूलर, टूटे बर्तन, मिट्टी के गमले, टायर, फ्रिज की ट्रे और पानी के भंडारण वाले स्थानों की जांच की जाएगी तथा लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग सहित कृषि, पशुपालन, नगर निकाय, पंचायतीराज आदि विभागों को निर्देशित किया कि वे समन्वय के साथ साफ-सफाई, नालियों की सफाई, अपशिष्ट जल की निकासी और फॉगिंग जैसे कार्य नियमित रूप से कराएं। उन्होंने संचारी रोगों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विवेक मिश्रा सम्मानित

**शाहजहांपुर।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था उड़ान एक उम्मीद द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ कार्यालय पहुंचकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया, जबकि संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. दीपा दीक्षित ने उन्हें पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया।संस्था की सचिव सोनिया गुप्ता, महामंत्री शैली गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता ने सीएमओ को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए आभार जताया।कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव को भी बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से डॉ. दीपा दीक्षित एवं डॉ. राकेश दीक्षित को भी चिकित्सक दिवस की बधाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों ने चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत सभी डॉक्टरों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद-अयोध्या
पत्रांक :- 183/न0पं0गो0/टै0स्टै0 नीलामी/वर्ष 2025-26 दिनांक : 03.07.2025
टैक्सी स्टैण्ड नीलामी सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गोशाईगंज के टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी वर्ष 2025-26 अर्थात 10.07.2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिये दिनांक 09.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज के प्रांगण में उपजिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तथा अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदया की उपस्थिति में की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी में भाग लेने से पूर्व मु0-75,000-00 रू0 प्रतिभूति की धनराशि कार्यालय के खाते में जमा कराना तथा कार्यालय जिलाधिकारी द्वारा जारी अद्यतन हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अधिकतम बोलीदाता को बोली धनराशि पर 2 प्रतिशत के स्टाम्प शुल्क पर अनुबंध करना एवं 2.3 प्रतिशत टी0डी0एस0 सरकारी कोष मे जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अनुबंध पत्र के कार्यादेश/वसूली आदेश जारी नहीं किये जायेगे। निर्धारित शर्तो को पूर्ण करने की दशा मे ही बोली बोलने का अधिकार होगा। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। नीलामी बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित है। यदि अपेक्षित बोली नही आती अथवा किन्ही कारणवश निश्चित तिथि पर नीलामी नही हो पाती है तो अगले कार्य दिवस मे नीलामी की जायेगी।
अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या
अध्यक्ष नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या

# मौदहा में मोहर्रम की सातवीं तारीख को या हुसैन के नारों के साथ निकला पलंग जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा (हमीरपुर)** मौदहा कस्बे में मोहर्रम की सातवीं तारीख पर इमाम हुसैन की शहादत की याद में भव्य पलंग जुलूस निकाला गया। फकीर अली पहलवान उर्फ गंधीगर के इमाम चौक से शुरू हुआ यह जुलूस या हुसैन और अब्बास अलमदार के नारों से गुंजायमान रहा।

हजारों अकीदतमंदों की भीड़ ने इस मातमी जुलूस में शिरकत की, जिसमें नेजे, ढाल सवारियां, ताशे और मातमी धुनों ने माहौल को गमगीन और रुहानी बना दिया।जुलूस की शुरुआत फातिहा के साथ गंधीगर इमामबाड़ा से हुई, जहां भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। अलम, ढाल और नेजों के साथ जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा और आज सुबह अपने गंतव्य पर पहुंचा। जुलूस के दौरान जगह-जगह भारी लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें शरबत, शिरनी और अन्य तबर्रुकात बांटे गए। समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने लंगर के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मौदहा की सातवीं का यह जुलूस कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में अपनी भव्यता और परंपरागत अंदाज के लिए प्रसिद्ध है। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे मातमी धुनों पर सीनाजनी और नौहाख्वानी करते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिसने जुलूस के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों की भीड़ समय के साथ लगातार बढ़ती गई, और रात होते-होते माहौल और भी रुहानी हो उठा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह जुलूस कर्बला के शहीदों की याद में हर साल श्रद्धा और सौहार्द के साथ निकाला जाता है, जो मौदहा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का हिस्सा है। जुलूस के आयोजन में स्थानीय कमेटियों और अंजुमनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस और प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

# बाइक भिड़ंत में एक की मौत, तीन गंभीर, मुख्यालय रेफर

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा (हमीरपुर)** मौदहा-बसवारी मार्ग पर गुरुवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मुख्यालय रेफर कर दिया गया। इस हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।बिवांर थाना क्षेत्र के रतौली गांव निवासी अखिलेश (19 वर्ष), पुत्र शिवलाल वर्मा, अपने गांव के सरमन (20 वर्ष), पुत्र लल्लू, और अभिषेक (22 वर्ष), पुत्र रामहेत, निवासी मौदहा, को बाइक पर बैठाकर अपने गांव जा रहा था। रमना गांव के निकट मोड़ पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की मदद से घायलों को लहूलुहान हालत में मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों–सरमन, अभिषेक और दो अज्ञात बाइक सवारों–का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। मृतक अखिलेश अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। उसकी मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## पर्यावरण छात्र संसद ने लगाए पौधे, किया वृक्ष भंडारा

**इटावा।** सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के सहयोग से पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पौधे लगाए गए तथा वृक्ष भंडारा किया गया। छात्र-छात्राओं को पौधा दिया गया और इस पौधे को लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने भी पौधा रोपण करने और उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। गुरुवार को पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण तथा वृक्ष भंडारा का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सभी बच्चे जो पौधे ले जा रहे हैं उनको अपने घर या आसपास लगाए और उनकी पूरी तरह देखरेख करें। पौधे को सुरक्षित रूप से बड़ा करें। उसकी फोटो भी करें । पौधा लगाकर बड़ा करने वाले बच्चों को पर्यावरण छात्र संसद के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा और मेडल भी दिया जाएगा। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक तथा विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि पौधा लगाने और पौधों को बचाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्य में छात्र-छात्राओं को भी जोड़ा जा रहा है जिससे नई पीढ़ी भी पर्यावरण संरक्षण के कार्य में जुड़ सके।

# राठ में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन

**11 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर (राठ)** राठ नगर के सत्कार वाटिका पैलेस में लोक भारती मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में बुधवार को 11 हिंदू जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरुआत की। इस सम्मेलन में रोशनी-रामकिशोर, नेहा-राम राजा, लक्ष्मी-शिवम कुमार, पार्वती-रोहित, शिव देवी-महेश कुमार, दीपांजलि-अनिल कुमार, ज्ञानवती-महेश कुमार, सपना देवी-मनोज, राम सखी-मनोज कुमार, प्रियंका सिंह-जितेंद्र और पूनम-शिवशंकर ने एक-दूसरे का हाथ थामकर विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य (नौरंगा) विमलेश कुमारी अहिरवार, समाजसेवी दानिश खान और मैया दिन साहू (MD साहू) ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और कम खर्च में विवाह संपन्न कराने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को उनकी बहन-बेटियों की शादी कम खर्च में करने में मदद करती है। सम्मेलन में संस्था के प्रबंधक पत्रकार दीपक साहू, सहसंयोजक राहुल साहू, लल्लू साहू, अनमोल साहू, हरि पांचाल, केके राजपूत, संजय साहू, आलोक साहू, पत्रकार राम सिंह राजपूत, पत्रकार अतीक खान और कमेटी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन ने सामाजिक सौहार्द और सादगी के साथ विवाह की मिसाल पेश की।

## एनटीपीसी विंध्याचल को मिला नया नेतृत्व



**संजीब कुमार साहा ने संभाला परियोजना प्रमुख का कार्यभार**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नए संकल्प का संचार हुआ है। दिनांक 2 जुलाई 2025 को संजीब कुमार साहा ने परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। एनटीपीसी में अपने 34 वर्षों के समर्पित सेवा अनुभव के साथ साहा एक कुशल प्रशासक, तकनीकी विशेषज्ञ और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता के रूप में विख्यात हैं। कोलकाता विश्वविद्यालय से विद्युत अभियंत्रण में स्नातक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से पावर सिस्टम में परास्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1991 में एनटीपीसी में कार्य की शुरुआत की। साहा ने फरक्का, बदरपुर, लारा, कहलगांव, तेलंगाना और विंध्याचल जैसे प्रतिष्ठित विद्युत संयंत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं और हर स्थान पर प्रचालन एवं अनुरक्षण में श्रेष्ठता का परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में कई परियोजनाओं ने नई ऊँचाइयों को छुआ है। उनके व्यापक अनुभव, तकनीकी दृष्टिकोण और दूरदर्शिता से अब एनटीपीसी विंध्याचल को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। साहा के नेतृत्व में परियोजना प्रचालन, ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरणीय दायित्वों के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनकर उभरेगी। पूरे एनटीपीसी विंध्याचल परिवार की ओर से उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयाँ। उनके नेतृत्व में विंध्याचल निःसंदेह नई सफलताओं का इतिहास रचेगा।

# इमाम हुसैन के मासूम बेटे को कर्बला में प्यासा शहीद किया गया: ज़ैदी



अवधनामा ब्यूरो

**हज़रत अली असगर के झूले की ज़ियरत बरामद**

**इटावा।** इमाम हुसैन के मासूम बेटे हज़रत अली असगर की शहादत पर घटिया अज़मत अली स्थित मस्जिद पंजतनी में मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें अली असगर के झूले की जियारत बरामद हुई।

मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि कर्बला में सबसे छोटे मासूम अली असगर ने अपनी कुर्बानी देकर इमाम हुसैन की जीत का परचम लहराया। पूरी दुनिया मे इमाम हुसैन के 6 माह के बेटे हज़रत अली असगर का गम मनाया जा रहा है। तीन दिन के भूखे प्यासे मासूम अली असगर को कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन पानी पिलाने ले गए तो जालिमों ने पानी नहीं पिलाया और जहर बुझे तीर से हमला करके शहीद कर दिया। मौलाना सज्जाद हैदर रब्बानी दिल्ली ने आलमपुरा इमाम बारगाह में शारिक सगीर शानू की ओर से आयोजित मजलिस व इमाम बारगाह अज़मत अली पर आयोजित अशरे की मजलिस में मौलाना मो.जॉन दिल्ली ने तकरीर की। अंजुमने हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि घटिया अज़मत अली इमामबाड़े में मुस्ते हसन डौली, सराये शेख सिटी पोस्ट आफिस स्थिर मस्जिद में सोनू नक़वी, दरगाह मौला अब्बास महेरे पर स्व.जफर हुसैन द्वारा स्थापित मजलिस फराज रिज़वी शारू की ओर से हुई।

## अलम व जुल्फिकार पर अकीदतमंदों ने चांदी के नींबू पेश कर माँगी मन्नतें

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** हज़रत इमाम हुसैन अलै.एवं शहीदाने कर्बला की याद में गुरुवार को मोहल्ला शाह महमूद एवं नौरंगाबाद से संयुक्त रूप से अलम जुल्फिकार एवं अलम चौकियों का जुलूस उस्मान राइन, बीके टेलर की ओर से उठाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। जुलूस ने शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। जिसमें मोहल्ला नौरंगाबाद, उर्दू मोहल्ला, मेवाती टोला , कटरा साहब खां, कटरा सेवाकली, कबीरगंज कटरा फतेह महमूद खां, रामगंज, शहदवाड़ा, पक्की सराय आदि मोहल्लों में अकीदतमंदो ने जुलूस के साथ चल रहे जनसैलाब पर बिस्कुट, फलों सहित आदि सामग्री की फेंक की कहीं-कहीं श्रद्धालुओं ने जुलूस पर बर्तनों की लुट्टस की। जुलूस के अगले भाग में जुल्फिकार और अलम चल रहे थे। ढोल तांशो के साथ जनसैलाब चल रहा था। श्रद्धालुजन अलम जुल्फिकार पर चांदी के नींबू पेश कर मन्नतें मांग रहे थे। जुलूस के अंतिम भाग में अलम चौकियां चल रही थी। प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद थी। जुलूस के साथ कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन फुरकान अहमद, मोहम्मद आमीन, अजहरुद्दीन, मसूद तैमूरी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे व बारह अखाड़ों के उस्ताद खलीफा भी अपने शिष्यों के साथ चल रहे थे। आपको बताते चलें कि यह जुलूस लुटट्स जुलूस के रूप में भी जाना जाता है जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करता है। इस जुलूस की विशेषता ये रहती है कि स्वर्गीय झम्मन लाल के पौत्र परपौत्र अपनी सामर्थ्य अनुसार अल्मोनियम व स्टील वर्तनों का वितरण करते है।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने की योजनाओं की समीक्षा



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा के प्रबंध निदेशक श्री नितीश कुमार ने आज डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार, हमीरपुर में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिलाधिकारी, राठ की माननीय विधायिका, जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि, मुख्य अभियंता बांदा और जनपद के अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।बैठक में बिजनेस प्लान और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रबंध निदेशक ने प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही, जिन दो उपखंड अधिकारियों का थ्रू-रेट संतोषजनक नहीं पाया गया, उनके खिलाफ चार्जशीट जारी करने का आदेश दिया गया।यह समीक्षा बैठक विद्युत वितरण की गुणवत्ता और कार्यकुशलता में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों को वेतन, बेसिक पे व बचत से संबंधित प्रशिक्षण किया गया प्रदान

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के माध्यम से वेतन संरचना, बेसिक पे, भत्तों, बचत, निवेश के प्रारंभिक विकल्पों तथा वित्तीय अनुशासन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य आरक्षियों को प्रारंभ से ही वित्तीय रूप से जागरूक बनाना था ताकि वे अपने वेतन का सही प्रबंधन कर सकें तथा भविष्य के लिए बचत की आदत विकसित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सरकारी वेतन प्रणाली, टैक्स कटौती, बैंक खाता संचालन एवं बजट प्रबंधन जैसे विषयों पर भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि एक पुलिसकर्मी की सेवा जितनी महत्त्वपूर्ण होती है, उतना ही जरूरी है उसका व्यक्तिगत और वित्तीय अनुशासन। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को सलाह दी कि वेतन केवल खर्च के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा के लिए भी होता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण में भाग ले रहे रिक्रूट आरक्षियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया।

### एसपी ने जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की सुनी समस्याएं, किया निस्तारण

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। तथा प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेते हुए संबंधित को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए।

### अध्यापकों को एक-एक पौधा भेंट किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वन विभाग के सहयोग से संस्था स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन ने उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोष पुर घाट, प्राथमिक विद्यालय अमृतपुर, कंपोजिट विद्यालय कृपालपुर, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चकवा खुर्द के प्रांगण में वृक्षारोपण किया साथ ही अध्यापकों को एक एक पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया । स्वदेश के सदस्य नृपेंद्र तिवारी , दाताराम प्रजापति सुषमा यादव उमा यादव वंदना आदि उपस्थित रहे। बताया गया है कि संस्था द्वारा वृक्षारोपण का यह अभियान जारी रहेगा।

### दरगाह हज़रत सैय्यद वायसी पीरपर उमड़े अक़ीदतमंद



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ग्राम कर्वा बुजुर्ग कीरतपुर में दरगाह हज़रत सैय्यद वायसी पीर रहमतुल्लाह अलैह पर सात मोहर्रम को अक़ीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ पर पहुंच कर मन्नत-मुरादे मांगी। सात मोहर्रम गुरुवार को जिधर भी निगाह पहुंच रही थी उस तरफ श्रद्धालुजन ही नजर आ रहे थे। बताया गया है कि दरगाह शरीफ की देखरेख सैय्यद युसुफ अली, आफताब अहमद, इफ्तखार अली, हमीद अली, अंसार अली, इकरार अली, यूनिस अली, अकील अली, रहीस अली, अल्ताफ आदि लोग कर रहे थे। अकीदतमंद दरगाह शरीफ पर हर वर्ष सात मोहर्रम को कई जनपदों से आकर मन्नत-मुरादे मांगते है।

# जैन मंदिर में घट यात्रा के साथ किया गया आठ दिवसीय विधान का शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर करनपुरा में श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा व श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ आठ दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिष्ठाचार्य पं.मनीष जैन शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया। प्रातःकाल श्री दिगंबर जैन मंदिर सरायशेख से गाजेबाजे के साथ घट यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं व अष्ट कुमारियाँ मुकुट माला सिर पर कलश रखकर यात्रा मे सम्मिलित हुई जैन भजनों के साथ भक्ति में श्रद्धालु झूम उठे। तिकोनिया , पक्की सराये, नगर पालिका चौराहे पचराहा होते हुऐ करनपुरा जैन मंदिर पहुंची जहां सर्व प्रथम ध्वजारोहण रीतेश जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ मंडल शुद्वि के उपरांत श्रीजी का अभिषेक पुजारियों (इंद्रो) द्वारा किया गया श्रीजी के ऊपर शांति धारा करने जयकुमार जिनेश प्रकाश जैन परिवार को आरती करने का सौभाग्य श्रीमती सरोज जैन मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ मधुर संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र, यज्ञनायक इंद्र, कुबेर इंद्र, महेंद्र इंद्र, चक्रवर्ती इंद्र, कामदेव इंद्र सभी इंद्र अपनी इंद्राणियो के साथ विधान मे सम्मलित हुऐ। पं मनीष जैन शास्त्री ने सभी लोगों को विधान का महत्व भी समझाया गया सायंकाल की आरती करने का अनिल जैन आराधना जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ जो अपने घर से गाजेबाजे भक्ति नृत्य के साथ आरती लेकर मंदिर जी सपरिवार पहुंचे और श्रीजी की संगीत के साथ महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर कमेटी के कमल जैन महावीर जैन पवन, राजा, शिवम्, सुशील, शैलेंद्र, रवि जैन आदि लोग व महिला मंडल की सभी महिलाएं मौजूद रही।

# 'मौत के कुएं' में तब्दील हुई सड़क

**शक्तिनगर थाने से महज 20 मीटर की दूरी पर खतरे का गड्ढा**



अवधनामा संवाददाता

**शक्तिनगर/सोनभद्र।** शक्तिनगर-अनपरा मुख्य मार्ग पर स्थित शक्तिनगर थाने के ठीक समीप, रेलवे क्रॉसिंग के पास, एक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है और भारी बारिश के कारण जमा पानी ने इसे एक बड़े तालाब का रूप दे दिया है। यह स्थान अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

शक्तिनगर थाने से महज सिर्फ 20 मीटर की दूरी पर स्थित शक्तिनगर थाना यह खतरनाक गड्ढा 'मौत का कुआं' सा प्रतीत हो रहा है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी वहां भरकर दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों का कहना है कि यह स्थान कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। रात के समय जलजमाव में यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क है या पानी से भरा गड्ढा। राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक स्थल की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा उचित चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन जागेगा तब, जब कोई अनहोनी घट चुकी होगी?

## मौदहा में नातिया व मनकबती मुशायरे का आयोजन

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा के मोहल्ला उपरौस स्थित इमाम चौक मैदान में एक नातिया व मनकबती मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय और बाहरी शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की सदारत हाजी वहीद ने की, जबकि संचालन नसीम आलम ने किया। मुशायरे का आगाज कारी जमील की तिलावत-ए-कुरान से हुआ। इसके बाद रमजान साहिल ने अपने शेर, हुसैन है हुसैन है वो बिल्यक़ीन हुसैन है, बताऊं वो कौन है अली का नूरे ऐन है से समां बांधा। मसीह निजामी का शेर, देखना हश्र में वो सब से निराले होंगे, शाहे कौनैन के जो चाहने वाले होंगे को खूब सराहा गया। इनायत मोईन चिश्ती ने पढ़ा, मदहे आका जहां नहीं होती, वो ज़मीं आसमा नहीं होती, जबकि यावर मौधवी का शेर, किसी भी हाल में रहना मगर शुक्रे खुदा करना, हुसैन इब्ने अली ने हर घड़ी बस ये नसीहत की ने श्रोताओं का दिल जीत लिया।निज़ाम मौधवी ने भावुक करते हुए कहा, आंखों में आंसुओं की जगह खून हो रहा, जब भी कोई बयां करे किस्सा हुसैन का।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरूओं के साथ की बैठक

**कावर यात्रा के दौरान किसी भी नई परम्परा की न की जाये शुरूआत**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार मे सावन मास में कावर यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावर यात्रा के दौरान शुद्ध पेयजल, जन स्वास्थ्य सुविधा, पार्किग आदि की व्यवस्था सुचारू ढंग से सुनिश्चित की जाये जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जहॉ पर कावर यात्रियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है वहॉ पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही विद्युत आपूर्ति निर्धारित स्टोर के अनुरूप सुनिश्चित की जाये उन्होने कहा कि विजयगढ़ किले पर सोलर लाईट लगाने का कार्य चल रहा है शीघ्र ही वहा पर पुलिस प्रशासन द्वारा सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जायेगें, जिला पंचायत विभाग द्वारा वहा पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये उन्होनें कहा कि शिवद्वार धाम परिसर के आस पास साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कावर यात्रियों के स्वास्थ्य सम्बन्धित कोई समस्या होने पर उनके इलाज हेतु एम्बुलेन्स व डाक्टर की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित करायी जाये उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करते हुए पूरी तैयारी कर लें, ताकि सवान मास कावर यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसके लिए सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जायें, समन्वय बैठक में सोनभद्र जिले के धर्मगुरूजन मौजूद रहें इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी दिनों में सावन मास कावर यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व कावर यात्रा के अध्यक्ष से वार्ता किया और यात्रा को सकुशल मनाने के लिए आने वाले समस्याओं के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया, इस मौके पर धर्मगुरूओं द्वारा कावर यात्रियों के आने-जाने में समस्या, सड़क, विद्युत तार, बैरिकेटिंग व अन्य बिन्दुओं पर अपने-अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखा गया, उन्होंने सम्बन्धित क्षेत्रों के धर्मगुरूओं द्वारा दिये गये सुझाओं को तत्काल अमल में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में यह सुनिश्चित की जाये कि कावर यात्रा में निकलने वाले कावरियों के साथ निकलने वाले डी0जे0 अधिक ऊंचाई पर न हों, अधिक ऊंचाई पर होने पर बिजली के खम्भे तार आदि में छू जाने की संभावना रहती है, जिस कारण से अनेकों प्रकार की घटनाएं हो जाती हैं, इसलिए डी0जे0 की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जायें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान बजने वाले डी0जे0 में किसी प्रकार की अश्लील गानें न बजाये जायें, भक्ति गीत, भजन कीर्तन के गीत ही बजाये जाये, उन्होंने कहाकि 11 जुलाई, 2025 से सावन मास प्रारंभ हो रहा है, 23 जुलाई, 2025 को महापर्व है, इस दौरान मंदिर परिसर में महिला व पुरूष दर्शनार्थी के आने-जाने हेतु अलग-अलग मार्ग की व्यवस्था कर ली जाये एवं बैरिकेटिंग की भी व्यवस्था कर ली जाये, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनावश्यक अफवाह या ट्वीट न किये जाये, आपत्ति जनक पोस्ट से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होती है तो उसके सम्बन्ध में प्रशासन को सूचना उपलब्ध करायें। सोशल मीडिया पर अनाधिकृत पोस्ट करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। कावड़ यात्रा के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न किया जाये। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभूवन नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सुरेश पाठक, सम्बन्धित थानों के सी0ओ0 व धर्मगुरूगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# यूपी के आम को मिलेगी ग्लोबल पहचान

अवधनामा ब्यूरो

- प्रदेशवासियों को आम की 800 किस्मों देखने और चखने का मिलेगा अवसर
- निर्यात को मिलेगा नया आयाम, तकनीकी सत्रों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सज्जित रहेगा महोत्सव
- उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 में प्रवेश आमजन के लिए निःशुल्क रहेगा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 को संस्कृति, संस्कार एवं विरासत का अनूठा महोत्सव बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बागानों के आमों की किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। ये महोत्सव प्रदेश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोलने तथा उनके जीवन में मिठास लायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आम एवं आम से बने उत्पादों को देश-विदेश मे भेजने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प को प्रदेश की योगी सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार उपलब्ध कराकर पूरा करने का प्रयास कर रही है। तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी लंदन, दुबई के लिए आम के कंटेनर को रवाना करेंगे। उक्त बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में उद्यान विभाग में आमूल-चूल परिवर्तन हुये हैं, जिसमें किसानों की फसलों के उत्पादन से लेकर उसके लिए उपयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किये गये हैं। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन कर इसके माध्यम से प्रदेश के किसानों के फसलों को दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में पहली बार औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है, इन गोष्ठियों के माध्यम औद्यानिक फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि औद्यानिक फसलों के माध्यम से कम क्षेत्रफल मे अधिक मूल्य की फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इसी तर्ज पर औषधि, फल-फूल, मसाले आदि की फसलों को किसानों को उगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक मण्डल पर औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयेजित करने का निर्णय लिया गया है। उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी सरकार किसानों के उत्पादों को दुनिया के बाजारों में कम लागत में पहुंचाने के लिए जेवर एयरपोर्ट तैयार किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेडेट टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुनिया के बाजार के अनुरूप प्रदेश के किसाने के उत्पादों को तैयार किया जायेगा। उद्यान मंत्री ने प्रदेशवासियों का आवाह्न करते हुए कहा कि इस आम महोत्सव मे अपने परिवारजनों एवं मित्रजनों के साथ अवश्य आयें। इस महोत्सव मे प्रदेश के 800 प्रकार के आम के किस्मों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें हमने न कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में प्रदेश के किसानों को अपनी फसलों के उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा और इसके साथ उनकी जिज्ञासाओ का भी समाधान होगा। महोत्सव में प्रदर्शन के लिये रखे गये फलों के पौधे एवं आम के प्रसंस्कृत उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे। आमजन हेतु महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 के प्रथम दिवस शुभारम्भ अवसर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश के आमों को लंदन, दुबई सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिए रवाना, स्मारिका का विमोचन एवं प्रदेश के प्रगतिशील आम उत्पादकों का सम्मान किया जायेगा। दोपहर 12.00 बजे से आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन तथा तकनीकी सत्रों में आम की सुरक्षित तुड़ाई, पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट, विपणन व निर्यात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## मुड़िया पूर्णिमा मेला के अवसर पर 1000 अतिरिक्त बसों का होगा संचालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कल से मथुरा में शुरू हो रहे हैं मुड़िया पूर्णिमा मेला की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए बताया कि यात्रियों की सुविधा की दृष्टिगत इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगरा क्षेत्र से 250 बसें ,अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें एवं बरेली क्षेत्र से 100 बसों सहित कुल आवंटित 1000 बसों का संचालन किया जाएगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि 04 जुलाई से 11 जुलाई, 2025 तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है। मेले के 10 जुलाई को मुख्य पर्व मनाया जाना है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मेला 07 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक स्तर के अधिकारी होंगे।

## डॉ. शिखा दरबारी को मिला चेंजमेकर इन स्किल डेवलपमेंट अवार्ड



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लंदन समिट एंड अवॉर्ड्स 2025 नामक एक अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन लंदन स्थित हाउस ऑफ कॉमन्स में किया गया। इस अवसर पर भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी डॉ. शिखा दरबारी को चेंजमेकर इन स्किल डेवलपमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वंचित छात्राओं को निरंतर कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने के लिए दिया गया। डॉ. शिखा दरबारी एक प्रतिष्ठित सिविल सेविका हैं, जो प्रयागराज से संबंध रखती हैं और उन्होंने रसायन विज्ञान में पीएच.डी की उपाधि प्राप्त की है। वह प्रयागराज में मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर कार्यरत रह चुकी है। इस कार्यक्रम में यूके के सांसद एवं मंत्री पॉल स्क्यूली, पूर्व भारतीय सांसद के.सी. त्यागी, डॉ. हरि ओम त्यागी (चेयरमैन, ऑब्जर्वर डॉन) और यूके के पूर्व सांसद वीरेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक एवं ऑब्जर्वर डॉन के चेयरमैन डॉ. हरि ओम त्यागी ने बताया कि उनका संगठन विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए सम्मानित करता है।

## कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आगरा जनपद के ग्वालियर रोड के दोनों तरफ जलभराव एवम नाला निर्माण से संबंधित प्रमुख जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। श्रीमती मौर्य ने विशेष रूप से क्षेत्र में व्याप्त जलभराव, जलनिकासी अव्यवस्था तथा नाला निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए जाएं। भेंट के दौरान मंत्री ने स्थानीय नागरिकों की ओर से प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से भी समस्याएं प्रस्तुत कराई, जिससे प्रशासनिक स्तर पर शीघ्र कार्रवाई संभव हो सके।

# हज़रत क़ासिम पर गिरया कर अज़ादारों ने दिया इमाम हसन को पुर्सा




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आज तेरह साल के एक शब के दूहला हजरत कासिम (अ.स.) की शहादत की याद मनायी जाती है। कर्बला के मैदान यजीद की फौज ने शहजादे कासिम (अ.स.) को शहीद करके उनकी लाश को घोड़ों की टापों से पामाल (कुचल) कर दिया था। इस दर्दनाक शहादत को सुन हर आंख आसुओं से लबरेज थी। मजलिसों के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। इसके साथ ही हाय हाय कुबरा.. हाय हाय कासिम की सदाएं गूंजती रहीं।

**नंगे पैर मजलिसों में शरीक हुए अजादारः** सातवीं मोहर्रम से ही यजीदयों ने हुसैनियों पर जुल्म ज्यादा बढ़ा दिये थे। भीषण गर्मी थी इसके बावजूद उन पर पानी लेना की पाबंदी लगा दी थी। भूख-प्यास की शिद्दत के साथ दी गयी कुर्बानियों को याद करके अजादार अपने को गम-ए-हुसैन में डूबे हुए हैं। आज अजादार नंगे पैर सुबह से मजलिसों में शरीक हुए।

**सवा लाख हाजियों के मजमे में विलायते अली का ऐलान हुआः** इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने विलायते अली की अज़्मत बयान करते हुए कहा कि रसूल अल्लाह ने ऐलान-ए-विलायत के लिए हुक्मे खुदा पर मुकम्मल एहतेमाम किया था ताकि कोई ये न कह सके कि अली की विलायत का ऐलान यूँही जुज़्वी तौर पर कर दिया गया। इसलिए पैग़म्बर ने मैदान-ए-ग़दीर को चुना और बाक़ाएदा सवा लाख हाजियों के मजमे में विलायते अली का ऐलान हुआ। मौलाना ने हदीसे रसूल की रौशनी में इमाम हसन (अ.स) और इमाम हुसैन (अ.स) की अज़्मत को बयान करते हुए कहा कि रसूल अल्लाह ने इरशाद फ़रमाया है कि ये मेरे दोनो बेटे इमाम हैं ख़्वाह खड़े रहे या बैठ जाएं। मक़सद ये था ख़्वाह ये सुलाह करें या जंग करें, बहर हाल हक़ इन्ही के साथ होगा।

**हर दौर में हक़ और बातिल के बीच मुक़ाबला रहा हैः मौलाना सैफ अब्बास**

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि हर दौर में हक़ और बातिल के बीच मुक़ाबला रहा है और बातिल अलग-अलग नज़रियात और अलग-अलग शक्ल में आता रहा। उसकी कोशिश यह रहती थी कि लोगों को हक़ से दूर रखा जाए। इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने मदीना से करबला का सफ़र किया, ताकि हक़ और बातिल दुनिया वालों पर ज़ाहिर हो जाए और दुनिया हक़ को पहचान कर नजात के रास्ते पर चल सके।

छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि तमाम नबियों के आने पर दीन कामिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कब दीन कामिल हुए जब पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत रसूले खुदा आये और अली की विलायत का एलान किया। उसके बाद आयत आयी की आज दीन कामिल हुआ।

**अहले हक के होने से नाकामी नहीं होगीः मौलाना अख्तर अब्बास**

इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट में मौलाना अखतर अब्बास जौन ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अहले हक अगर थोड़े से भी हों और धोके में न आयें उनकी शहादत तो हो सकती हैं लेकिन नाकामी नहीं होगी। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) हजरत रसूल खुदा (स.) के दीन की इस्लाह करने निकले थे। उनका मकसद हुकूमत हासिल करना नहीं था। हुसैन इब्ने अली की शहादत के जरिये आज भी इस्लाह जारी है।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि विलायत सिर्फ ताकत से नहीं बल्कि सब्रा, यकीन और त्याग से मुकम्मल होती है। उन्होंने कहा कि कर्बला में सबसे छोटी कुर्बानी हजरत अली असगर की है जो उम्र में कम और अजमत में बेमिसाल है।

**अहलेबैत हमारे लिए दुनिया में भी काम आते हैं**

रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में मौलाना तकी रजा ने कहा कि अहलेबैत हमारे लिए दुनिया में भी काम आते हैं और आखिरत में भी काम आयेगें। मौलाना ने कहा कि इंसानी जिन्दगी में उसके किरदार का साफ सुतरा और बेदाग होना बहुत जरूरी है क्योंकि अच्छे इंसान की बात और अमल का अच्छा असर होता है।

हुसैनी इमाम बारगाह अलीगंज में मौलाना साजिद हुसैन रिजवी ने कहा कि हजरत रसूले खुदा (स.) ने अपनी 63 साला जिन्दगी में 40 साल खामोश रहकर गुजारे और 23 साल की जिन्दगी में वह काम कर दिये कि आज जर्रे जर्रे से अल्लाह की वहदानियत के साथ हजरत रसूले खुदा (स.) की रिसालत का एलान हो रहा है।

इमामबाड़ा मीरन साहब मुफ्तीगंज में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हसन जहीर ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफर करने का मकसद यह था कि सत्य और असत्य को दुनिया के सामने लाया जाए और दुनिया को मालूम हो कि जो धर्म और मानवता पर अत्याचार करे वह जालिम है और जिस पर अत्याचार हो रहे है वह मजलूम है।

मकबरा सआदत अली खां में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मुराद रजा ने इमाम हसन (अ.स.) के बेटे जनाबे कासिम (अ.स.) का जिक्र करते हुए कहा कि मैदाने कर्बला में जब इमाम हुसैन (अ.स.) जनाबे कासिम (अ.स.) से पूछते हैं कि मौत तुम्हारे नजदीक कैसी है तो जवाब देते हैं कि शहद से ज्यादा मीठी।

### निश्शुल्क मातमदारों को केवड़े वितरण

कमा और जंजीर का मातम करनी वाली सभी अंजुमनों और जो अजादार कमा व जंजीर का मातम करते हैं उनके लिए बारगाह-ए-उम्मुल बनीन मंसूरनगर में नि-शुल्क केवड़ा का वितरण किया जा रहा है। मातमदार 9 मोहर्रम तक वहां से केवड़ा हासिल कर सकते हैं।

### आज निकलेगा अलम-ए-फातेह फुरात का जुलूस

आठवीं मोहर्रम के मौके पर गोमती किनारे स्थित दरिया वाली मस्जिद से अलम-ए-फातेह फु रात का जुलूस निकाला जायेगा। लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) की याद में निकलने वाला जुलूस चौक मंडी स्थित इमामबाड़ा गुफरांमआब जायेगा। इससे पूर्व मौलाना कल्बे जव्वाद रात्रि नौ बजे मजलिस को खिताब करेंगे। जुलूस के आगे अजादार मशाले लेकर चलेंगे। हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग में बृहस्पतिवार को शाम 4 बजे मौलाना मोहम्मद नकी और शुक्रवार को रात 10 बजे होने वाली मजलिसों को मौलाना मोहम्मद मुस्लिम खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अलम की जियारत कराई जाएगी।

### मर्सिये की मजलिस

इमामबाड़ा नाजिम साहब में मर्सिये की मजलिस में फैज बाकिर ने दूल्हा साहब उरूज का लिखा मर्सिया रन में पहुंचा जो बसद ग़ैज़ हसन का दिलबर,देख कर रौब जरी हो गए हैरां खुद सरबढ़ के दो चार क़दम और सुए लश्कर शरदेखी मैदान की हद घोड़े को कावा देकर,रोक कर फिर फ़र्रस-ए-बरक़ सियर ग़ाज़ी ने,की नमूदारों पे चुन चुन के नजर ग़ाज़ी ने अपने मख़सूस अंदाज में पढ़ा। कल की मजलिस को सुब्ही ज़ैदी खिताब करेंगे।

## बेवा शब्बर की रोकर पुकारी मेरे बच्चे की आती है मेंहदी



कभी सेहरे मे खू देखती है,कभी खू मे सेहरा देखती है, क़ासिम के बदन के टुकड़ों को,,मां थामे कलेजा देखती है,

बेवा शब्बर की रोकर पुकारी मेरे बच्चे की आती है मेंहदी, लोग करते है क्यों आहो-जारी मेरे बच्चे की आती है मेंहदी। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भतीजे और हजरत इमाम हसन (अ.स.) के बेटे हजरत कासिम (अ.स.) की शहादत की याद में आसिफी इमामबाड़े से ऐतिहासिक शाही मेंहदी का जुलूस शाही शानो-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस इमामबाड़े से बाहर निकलना शुरू हुआ तो अजादारों के आंसू निकल पड़े। जुलूस के आगे बैनर था जिस पर जुलूस-ए-मेंहदी लिखा था। इसके अलावा हजरत कासिम (अ.स.) की अराइशे मेंहदी दो, खानों में फल मेवा और मलीदा, कूडे ,लालटैन, शाही बाजा, शहनाई , सबील, हाथी जिस पर लोग हाथों में ताज, शेर, सूरज और चांद लिए बैठे थे। इसके पीछे ऊंट, काली, हरी, ऊदी, पीली, नीली झंडिया, चांदी की नक्काशी झंडी, बल्लम, बरछी, जरीजे और मोर पंखी थी। जुलूस में होमगार्ड मातमी बैंड पर यह नौहा बज रहा था रन बेवा हसन पुकारी मेरे बच्चे की आती है मेंहदी जिसे सुनकर हर कोई रो रहा था। जुलूस में जुलजनाह, हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम, ताबूत शामिल थे। जुलूस जब छोटे इमामबाड़े पहुंचा तो यहां जियारत के लिए अजादारों की भीड़ बढ़ गयी थी। जुलूस के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पानी और चाय की सबीलों व लंगर के विशेष इंतजाम था। उधर कश्मीरी मोहल्ला स्थित शर्गा पार्क से दरगाह हजरत अब्बास तक मेंहदी का जुलूस की जियारत करायी गयी। जुलूस के आगे बच्चे हाथों में हरी, काली झंडियां लिए थे। इसके खानों में फल, मेवा, मेंहदी, अलम, ताबूत, हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला और जुलजनाह था। जुलूस में छोटे-छोट बच्चें काले कपड़े पहने अपने नन्हे हाथों में खाली कूजों को सिर पर रखे हाय-हाय कुबरा, हाय-हाय कासिम कहते चल रहे थे। इस दौरान छुरियों का मातम भी हुआ। इसी कड़ी में जन्नत माब सोसाइटी ने इमामबाड़ा तकी साहब चौक में शादी जनाबे कासिम का दिल सोज मंजर पेश किया। शाहगंज स्थित मस्जिद मुनसरी में भी मेंहदी की जियारता करायी गयी।

# तकमीलुत-तिब्ब डे पर सीएमई का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (NUDWA), उत्तर प्रदेश चैप्टर द्वारा, स्टेट तकमीलुत-तिब्ब कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से तकमीलुत-तिब्ब डे के अवसर पर एक सफल सीएमई (CME) का आयोजन इस कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत से हुई, इसके बाद डॉ. शकील अहमद, सचिव, NUDWA – यूपी चैप्टर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन बहुत ही प्रभावशाली ढंग से डॉ. असद मोनिस ने किया। हकीम अब्दुल अज़ीज़ साहब (संस्थान के संस्थापक) पर एक विशेष मक़ाला डॉ. सिराज अंसारी, डिविजनल ऑफिसर, शाहजहाँपुर ने प्रस्तुत किया। इसके बाद हकीम शमीम इरशाद, एसोसिएट प्रोफेसर, इल्मुल अद्विया विभाग द्वारा अज़ीजी खानदान और अद्विया-ए-मुफरदाह पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अब्दुल क़वी, प्राचार्य, स्टेट तकमील-उत-तिब्ब कॉलेज थे, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा की विरासत और आधुनिक संदर्भों में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. सलमान खालिद, अध्यक्ष, NUDWA – यूपी चैप्टर ने अध्यक्षीय भाषण में सभी मेहमानों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। इस शैक्षिक कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख यूनानी चिकित्सक व विद्वानों की उपस्थिति रही- डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी, डॉ. ए. ए. हामी, डॉ. नज़ीर अब्बास, डॉ. अलाउद्दीन, डॉ. महफ़ूज़, डॉ. मुजतबा उस्मानी, डॉ. ए. एच. उस्मानी, डॉ. मुबश्शिर खान, डॉ. राशिद इक़बाल, डॉ. शकील अहमद, डॉ. यासमीन, तथा मोहम्मद खालिद ईशु। बड़ी संख्या में पीजी स्कॉलर्स और यूनानी डॉक्टर्स ने भी भाग लिया।

## भाषा वि.वि. संत कबीर दास के व्यक्तित्व पर करेगा विशिष्ट व्याख्यान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 4 जुलाई 2025 को महान समाज सुधारक, संत और कवि कबीर दास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रख्यात विद्वान प्रोफ़ेसर वाई. पी. सिंह मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगे। वे कबीर के सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा संकायाध्यक्ष प्रो. सौबान सईद और विभाग की प्रभारी डॉ. जहां आरा जैदी द्वारा तैयार की गई है। विश्वविद्यालय परिसर में इस व्याख्यान को लेकर उत्सुकता और उत्साह का माहौल है।

